रविवारीय
लखनऊ, रविवार
27 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -245 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

सौरव गांगुली बोले आईसीसी इवेंट में पाक के साथ न खेले भारत



## 'सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया'



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से

### पहलगाम हमले के बाद सरकार ने चैनलों को दिए निर्देश

बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का बरतें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

### ऐसी रिपोर्टिंग से सुरक्षाबलों को खतरा- मंत्रालय

सलाह में कहा गया कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी कवरेज, दृश्य प्रसारण या स्रोतों से प्राप्त जानकारी आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा दुश्मनों की मदद कर सकता है और इससे ऑपरेशनल प्रभावशीलता और सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरा हो सकता है।

# यूपी से 100 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू

### 1200 रडार पर, डीजपी ने सभी जिलों को दिए निर्देश

हो गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप सभी जिलों में कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिये हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में कितने पाकिस्तानी नागरिक हैं और किस जिले से कितनों को वापस भेजा गया है, इसका ब्योरा जल्द साझा किया जाएगा। इंटलेजेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक प्रदेश में करीब 1200 पाकिस्तानी नागरिक लांग टर्म, शार्ट टर्म व मेडिकल वीजा पर आए हैं। लखनऊ से आठ, बुलंदशहर से पांच, सहारनपुर से 12, अमरोहा से दो, अलीगढ़ से तीन पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है।



### यूपी में 1800 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक

यूपी में 1800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक रहते है। वीजा रद्द के आदेश के बाद सरकार एक्शन में है और उप्र. में रह रहे इन नागरिकों को वापस भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, विभिन्न प्रकार के वीजा पर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। डेढ़ हजार से अधिक पाकिस्तानी नागरिक प्रदेश में होने का अनुमान है। कुछ पाकिस्तानी नागरिक खुद से वापस जा रहे हैं। जो निर्धारित समय में वापस नहीं जाएंगे, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। बरेली में 35, रामपुर में 30, बुलंदशहर में 18 और वाराणसी में 10 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। ये सभी विभिन्न प्रकार के वीजा पर भारत में रह रहे थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य पुलिस केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई कर रही है। सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में सेना का ऐक्शन आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही, हथियारों और गोला-बारूद

### हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त

का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हुई इस कार्रवाई में उत्तर कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्तकाबाद माछिल के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। मौके से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। इनमें 5 एके-47 राइफल, 8 एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोला-बारूद, एक पिस्तौल राउंड और 50 राउंड एम4 गोला-बारूद शामिल हैं।

### 14 स्थानीय आतंकियों की पहचान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद, केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची सुरक्षा एजेंसियों ने जारी की है। इन आतंकियों में से प्रत्येक ने पाकिस्तान से आए बाहरी आतंकियों को जमीन और चिकित्सा सहायता प्रदान की है। इन 14 आतंकियों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच है और वे तीन बड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इनमें से तीन आतंकी हिजबुल, आठ लश्कर-ए-तैयबा और तीन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

## सभ्य समाज में आतंकवाद की जगह नहीं

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

### योगी बोले सुरक्षा में सेंध के लिए है जीरो टॉलरेंस नीति

अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉरलेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉरलेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था। आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई। कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है। सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।



## गोलमोल जवाब दे रहा तहव्वुर राणा

**मुंबई।** महाराष्ट्र से बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम दिल्ली पहुंची। टीम ने 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से पूछताछ की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, टीम ने आतंकी तहव्वुर

### आठ घंटे की पूछताछ में नहीं किया सहयोग

हुसैन राणा से 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ की। तहव्वुर राणा गोलमोल जवाब दे रहा है। जांच में सहयोग भी नहीं कर रहा है। तहव्वुर राणा को दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में हिरासत में रखा गया है।

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत ले आया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुआ थे। हेडली के मामले में भारत को फिलहाल खास सफलता नहीं मिली है, लेकिन तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी।



## पंचायत चुनाव उम्मीदवार भी दें लंबित मामलों की जानकारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी अपने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ लंबित मामलों

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

की जानकारी देना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए एक ग्राम प्रधान के निर्वाचन को रद्द कर दिया। मामला मंडी जिले के पंगना ग्राम पंचायत का है।

सुप्रीम कोर्ट पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को हम योग्य नहीं पाते हैं, क्योंकि राज्य चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ कानून का हिस्सा माना है। कानून के तहत पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी इसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। इससे पहले 16 अक्तूबर 2024 को उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि तथ्यों को छिपाना हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन है। यह चुनाव को अमान्य घोषित करने का वैध आधार हो सकता है।



उच्च न्यायालय ने प्रधान बसंत लाल के निर्वाचन को रद्द करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय ने लंबित मामले को छिपाने के आरोप में बसंत लाल को छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया।

इस आदेश के खिलाफ बसंत लाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन ये भी कहा कि जिस मामले को छिपाने का आरोप है, उसमें बसंत लाल को बरी किया जा चुका है। ऐसे में छह साल का प्रतिबंध सख्त है।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 36⁰ |
| न्यूनतम तापमान | - 27⁰ |
| सूर्योदय | - 05:31 |
| सूर्यास्त | - 06:36 |

बादल छाये रहेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### हरियाणा में सड़क हादसा, सात मरे

**नूंह।** गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास आज सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

#### मनसे से गठबंधन करेगी शिवसेना

**मुंबई।** मनसे चीफ राज ठाकरे और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के राजनीति में साथ आने की खबरों के बीच शिवसेना ने शनिवार को एक्स पर कहा- मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी कार्यकर्ता मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं। इससे शिवसेना और मनसे के साथ आने की अटकलें तेज हो गई है। इससे पहले राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव के साथ राजनीतिक मेल-मिलाप पर कहा था कि, उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

## विपक्ष को कुचलना है आज की राजनीति का मकसद

**हैदराबाद।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस

### तेलंगाना में बोले राहुल गांधी

दौरान उन्होंने कहा, कुछ साल पहले, कांग्रेस पार्टी में हम पूरी तरह से फंसे हुए और अलग-थलग महसूस करते थे। यह एक नई, आक्रामक और एक ऐसी राजनीति है, जिसमें विपक्ष से बात नहीं की जाती बल्कि विपक्ष को कुचलने का विचार होता है। हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। कन्याकुमारी से हमारी यात्रा शुरू हुई और जैसे हम धीरे-धीरे आगे बढ़े तो धीरे-धीरे और लोग भी हमारी यात्रा में शामिल होते चले गए। राहुल गांधी ने कहा, हमारा विपक्ष वास्तव में सुनना नहीं जानता क्योंकि उनके पास पहले से ही सारे जवाब हैं। उन्हें ठीक-ठीक पता है कि क्या करना है। मगर, यह पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह जनता है जो जानती है कि क्या करना है। एक चीज है जिसमें हम सोशल मीडिया और सभी आधुनिक संचार विधियों के साथ असफल रहे हैं, तो वह यह है कि राजनेताओं के रूप में अपनी जनता हमें जो बताने की कोशिश कर रही है, उसे गहराई से सुनने में विफल हैं। यही वह स्थान है जहां हम वास्तव में काम कर सकते हैं क्योंकि हमारे विरोधियों ने इस जगह को पूरी तरह से खाली कर दिया है, वे वहां नहीं हैं, उनका वहां कोई वजूद नहीं है।



## देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करें युवा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न

### पीएम ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 जगहों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे और वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।




## 'राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे'

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली**

पहलगाम में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पहचान सुनिश्चित करके अंजाम दिए गए हिन्दुओं के नरसंहार का बदला लेने को लेकर देश भर में दिख रही आतुरता और व्याकुलता के बीच सत्तारूढ़ भाजपा की मातृ संस्था कहलाने वाले राष्ट्रीय

### संघ प्रमुख ने कहा- गुंडागर्दी करने वालों को दंड देना हमारा धर्म

स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक यानी मुखिया डॉ. मोहन भागवत ने राजधर्म की याद दिलाते हुए बेलाग लहजे में कहा है कि केवल पूजा-पाठ और खान-पान के नियम कायदों तक ही हमारे धर्म का कार्यक्षेत्र सीमित नहीं है बल्कि गुंडागर्दी करने वालों समुचित दंड देना भी हमारा धर्म ही है। भागवत के मुताबिक राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने हिन्दू समाज के लिए हिन्दू धर्म का मर्म समझना जरूरी करार देते हुए कहा कि बेशक अहिंसा हमारा मूल धर्म है लेकिन लोककल्याण के लिए जरूरी होने पर आततायियों का वध करने की सीख भी हमारा धर्म देता है।



अत्याचार को सहन करते जाना धर्म नहीं है बल्कि हमारा धर्म है कि हम आतताई से मार ना खाएं। लेकिन अगर बुराई इतनी अधिक हो कि उसके मौजूदा स्वरूप को पूरी तरह नष्ट करके ही उससे छुटकारा पाया जा सकता है तो ऐसा करने में कतई नहीं हिचकने की सीख भी हमारा धर्म देता है। ऐसा किसी शत्रु भाव से नहीं बल्कि लोककल्याण, वैश्विक शांति और शत्रु को भी मुक्ति देने के भाव से करने का शास्त्रीय विधान है। राजधानी दिल्ली के तीन मूर्ति स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के प्रांगण में स्थिति ऑडीटोरियम में विष्व हिन्दू कांग्रेस के संस्थापक और विष्व हिन्दू फाउंडेशन के वैष्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद की पुस्तक द हिन्दू मेनिफेस्टो का लोकार्पण करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने उक्त बातें कहीं।

## भारत के ऐक्शन से खौफ में टीआरएफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने से इनकार किया है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिक मारे गए थे। टीआरएफ, जिसने इस सप्ताह के शुरू में घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी, ने एक बयान जारी कर अपने पहले के स्वीकारोक्ति का खंडन किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक संदेश में, टीआरएफ ने कहा कि टीआरएफ पहलगाम की घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ इनकार करता है। इस कृत्य के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत और जल्दबाजी में किया गया कदम है।

## यह सीमापार का आतंकवाद है : पुरी

**मोहाली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को मोहाली में पहलगाम हमले को स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान ले रहा है और अब पहले की तरह कोई कारोबार नहीं चलेगा। पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह केवल शुरुआत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये आतंकवादी जो होते हैं वे लोगों के सबसे बुनियादी अधिकार, जीवन के अधिकार को छीन लेते हैं। पूरी दुनिया इसकी निंदा कर रही है।

## जून से अगस्त तक चलेगी मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। ऐसे ही 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। आवेदन स्वीकार करने के लिए http://kmy.gov.in वेबसाइट खोल दी गई है। आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर से तैयार, यादृच्छिक (रैंडम) और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

## भारत में हैं ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा केस

**नई दिल्ली।** भारत में जिन कैंसर के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए जाते रहे हैं उनमें फेफड़े, पेट, स्तन और मुंह के कैंसर प्रमुख हैं। मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर) फिलहाल भारत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। इतना

### इलाज के बाद भी पांच साल जी पाना कठिन

### तंबाकू है मुख्य कारण

ही नहीं, भारत दुनियाभर में ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामलों वाला देश है।

हर साल यहां अनुमानित 1.43 लाख नए मामले सामने आते हैं। तंबाकू-धूम्रपान को इसके लिए प्रमुख कारण माना जाता रहा है, चिंताजनक बात ये भी है कि ओरल कैंसर सिर्फ पुरुषों में ही नहीं महिलाओं में भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। जर्नल ऑफ कैंसर पॉलिसी में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया गया है, देश में ओरल कैंसर के 50 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए तंबाकू-धूम्रपान की आदत प्रमुख कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप में ओरल कैंसर एक बड़ी समस्या है, जहां यह देश में शीर्ष तीन प्रकार के कैंसर में शुमार है। भारत में ओरल कैंसर की आयु-समायोजित दर अधिक है, यानी प्रति एक लाख जनसंख्या पर 20 लोग और देश में सभी कैंसर का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है।


जामा नेटवर्क मेडिकल जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने साफ तौर पर कहा है कि प्रारंभिक पहचान और समय पर इलाज न मिलने के कारण कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। ज्यादातर लोगों में कैंसर का पता ही तब चल पाता है जब ये चौथे स्टेज तक पहुंच चुका होता है। यहां से रोगी का इलाज करना और जान बचाना काफी मुश्किल हो जाता है। भारत में कुल कैंसर पीड़ितों में मुंह के कैंसर के 30 फीसदी मरीज शामिल हैं। कम उम्र से ही गुटखा, तंबाकू, सिगरेट की आदत के कारण इस कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है।



## पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है।

(विस्तृत खबर पेज-12)



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# यूपी हेल्थ सेक्टर बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की रीढ़

## योगी सरकार के नेतृत्व में नई ऊंचाइयां छू रहा प्रदेश का हेल्थ सेक्टर, तैयार किया गया खाका

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में हेल्थ सेक्टर का बड़ा योगदान मानते हैं। उनके अनुसार, स्वस्थ समाज ही समृद्ध राज्य की नींव रखता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए हेल्थ सेक्टर को आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनाने की दिशा में खाका तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में ही वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की थी। सीएम ने बैठक में कहा कि रणनीति बनाकर हेल्थ सेक्टर में निवेश को आकर्षित किया जाए तो इससे प्रदेश को करीब 0.40 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक फायदा हो सकता है। इसके लिए दो चीजों पर विशेष ध्यान देना होगा। इसमें पहला अस्पतालों और हेल्थ सेंटर की सुविधाओं में इजाफा, दूसरा स्वास्थ्य से जुड़ी सरकार की योजनाओं को और मजबूत करना अहम पहलू है। ऐसे में अस्पतालों और हेल्थ सेंटर की सुविधाएं बढ़ाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। इसके लिए हेल्थ और वेलनेस सेंटर्स का निर्माण, सेकंडरी केयर के लिए अस्पतालों के निर्माण में निजी निवेश को बढ़ावा और डिजिटल टेक्नोलॉजी और टेलीमेडिसिन पर फोकस करना होगा। इससे प्रदेश को करीब 0.39 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक फायदा हो सकता है। बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और डॉक्टरों व विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए निजी क्षेत्र में नए हेल्थ और वेलनेस सेंटर्स के निर्माण में निवेश को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत पीएम गतिशक्ति पोर्टल और जीआईएस का उपयोग कर 5,000 नए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान की जा चुकी है।

इन केंद्रों के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं तक ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। वहीं योगी सरकार ने सेकंडरी केयर अस्पतालों के लिए पीपीपी मॉडल के तहत निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी दी है, जिससे जीएसवीए में इजाफा होगा।

# दो दिन में नाले-नालियों का सर्वे कर रिपोर्ट मांगी

## सफाई व्यवस्था पर नगर आयुक्त सख्त, अधिकारियों के साथ की बैठक

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सफाई व्यवस्था को लेकर शनिवार को भी बैठक की। नगर आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि अगर किसी भी जोन में गंदगी पाई जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित जोनल अधिकारी की होगी। उन्होंने कहा कि यह देखा जाएगा कि किस कर्मचारी या अधिकारी की लापरवाही के कारण कूड़ा-कचरा नहीं उठ पाया। जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अरुण गुप्ता और डॉ. अरविंद कुमार राव समस्त जोनल सेनेटरी ऑफिसर और सेनेटरी सीनियर फील्ड इंस्पेक्टर शामिल हुए। नगर आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिया कि सभी जोनल सेनेटरी ऑफिसर अपने-अपने क्षेत्रों में बनी नालियों का तत्काल सर्वे कराएं और दो दिन के भीतर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नालियों की स्थिति का सटीक आंकलन कर उनके नियमित रखरखाव और सफाई की व्यवस्था की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि सभी जोनल अधिकारी और हर दिन सुबह सफाई कार्यों का स्वयं निरीक्षण करें और समीक्षा करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी भी कर्मचारी की बोगस (फर्जी) अटेंडेंस पकड़ी गई तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की उपस्थिति की वास्तविकता सुनिश्चित करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

### विस्तारित क्षेत्रों के विकास कार्यों पर भी होगा फोकस

बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में हाल ही में जुड़े विस्तारित क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन नए क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पुराने और नए क्षेत्र में विकास कार्यों के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, ताकि सभी नागरिकों को समान स्तर की सुविधाएं मिल सकें।

### सिल्ट उठाए बिना नाली सफाई न हो

नगर आयुक्त ने नाली सफाई को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्य तभी कराया जाए जब उसी दिन सिल्ट (गंदगी या कीचड़) उठाने की पूरी व्यवस्था हो। यदि उस दिन सिल्ट उठाने के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, तो नाली सफाई का कार्य स्थगित कर अगले दिन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सफाई के बाद सिल्ट सड़क पर पड़ा रहता है, तो उससे गंदगी और शिकायतें बढ़ती हैं, जिससे नगर निगम की छवि प्रभावित होती है।

## खबर एक नज़र

### सीएमएस में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय के सभागार में आयोजित दो-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एमयूएन-2025) के दूसरे व अन्तिम दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए संदेश दिया कि सर्वश्रेष्ठ विश्व व्यवस्था के लिए एकता व शान्ति ही अन्तिम विकल्प है। इससे पहले, एम.यू.एन.-2025 के अन्तर्गत विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभागी छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का हूबहू नजारा प्रस्तुत किया और विभिन्न वैश्विक समस्याओं पर खुलकर अपने विचार रखे। प्रतिभागी छात्रों ने अपने सारगर्भित, ओजपूर्ण एवं प्रभावशाली उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है। एमयूएन-2025 में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस अलीगंज प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या शिवानी सिंह ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### पुरुषोत्तम राम की कथा का किया वर्णन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** श्री परशुराम जन्मोत्सव के उनीसवे समारोह के अंतर्गत आचार्य द्रोण विचार संस्थान के द्वारा परशुराम मंदिर ठाकुरगंज में आयोजित श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पूज्य डा योगेश व्यास ने भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पूज्य डा योगेश व्यास जी ने कहा कि भगवान का अनुग्रह केवल मनुष्यों पर ही नहीं पशु,पक्षियों,जीव मात्र पर होता है। गजेन्द्र मोक्ष की कथा में व्यास जी ने कहा कि जीवन की अंतिम श्वास में ही सही प्रभु शरणागत की रक्षा करते हैं। डा योगेश व्यास ने समुद्र मंथन, वामन अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कथा का मार्मिक वर्णन किया। पूज्य व्यास जी ने राम जन्म,मुनि आगमन,पुष्प वाटिका,तथा सीता स्वयंवर का विशद वर्णन किया। जिन्हें दाम प्यारे,उन्हें दाम दे दो। मुझे राम प्यारे,मुझे राम दे दो। गीत सुन कर श्रोता झूम उठे। कृष्ण जन्मोत्सव मे सभी भक्तों ने पारंपरिक वेश भूषा में नृत्य करते हुए स्थान को गोकुल बना दिया। कथा में महेंद्र भीष्म रजिस्ट्रार हाई कोर्ट लखनऊ पीठ का आगमन हुआ साथ ही प्रमुख रूप से संतोष द्विवेदी उदयनाथ शुक्ला सुदामा मिश्रा व सुनील गुप्ता को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र व श्री परशुराम का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

### विद्यालय का बढ़ाया मान

**स्वतंत्र भारत मलिहाबाद।** महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज मलिहाबाद में कक्षा 12 में अध्यनरत सोनिया राज प्रताप सिंह ने यूपी बोर्ड परिणाम पर विद्यालय में सबसे अव्वल रही हैं। उन्होंने 384 अंक पाकर सभी छात्र-छात्राओं से आगे निकल कर आयी हैं । इसी क्रम में महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज मलिहाबाद के प्रधानाचार्य रवीन्द्र कुमार त्रिपाठी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि की विद्यालय में छात्र-छात्राओं में लगभग 90त्न के आसपास हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा है जिस छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का कठिन परिश्रम शिक्षा के प्रति रहा है शिक्षा जगत में 1948 से स्थापित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मलिहाबाद अपनी ख्याति में कहीं से कभी कमजोर नहीं रहा है।

### सिविल चिकित्सालय में पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** आतंकी हमले में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय में कर्मचारियों ने शोक सभा कर श्रद्धाजंलि दी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हुए घटना की कड़ी निंदा की। फार्मासिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि पूरा देश इस कायराना हरकत के खिलाफ एकजुट है। शोक सभा में संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय, मंत्री विवेक तिवारी, अशोक शुक्ला, मो रिज़वान, अजय कश्यप, महेंद्र रावत, रजनीश पांडे, मृत्युंजय मिश्रा, सत्य प्रकाश यादव, डीके मौर्या, नितिन आदि शामिल रहे।

## खाटू श्याम बाबा का वैदिक पूजन कर मनोकामना की

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ऐशबाग के श्रीराम जानकी मंदिर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में वीर बर्बरीक श्री श्याम बाबा का स्कंदपुराण वर्णित विशेष वैदिक पूजन, भक्तों की सर्व मनोकामना पूर्ति के लिए भव्य आयोजन किया गया। बाबा के समक्ष संक्षिप्त स्कंदपुराण की स्थापना की गई, जिससे आने वाले सभी श्याम प्रेमियों को बाबा के साथ ही उनके लिपि स्वरूप ग्रंथ के दर्शन हो सकें। बताया गया कि 100 दीपक प्रज्जवलित कर, तली पूरी के भोग के साथ सत्व पाठ (वंदना) करने से वीर बर्बरीक अपने भक्त के प्रति प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर श्याम सेविका नमिता गुप्ता, सिल्की गुप्ता समेत श्री स्कंदपुराणोक्त वीर बर्बरीक खाटू श्याम कथा प्रचार सेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ता आयोजन में मौजूद रहे।

## रंगमंच में अब पीएचडी करने के भी दरवाजे खुले

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी में अब रंगमंच में अब पीएचडी करना भी संभव होगा। शनिवार को अकादमी के अध्ययन मण्डल की हुई बैठक में संस्थान में पीएचडी पाठ्यक्रम शुरु करने के साथ ही कई अकादमिक प्रस्तावों पर मुहर लगी। अकादमी निदेशक बिपिन कुमार की अध्यक्षता में हुई अध्ययन मंडल की बैठक में बीएनए के पाठ्यक्रम को विस्तारित करने पर खास मंथन किया गया। बिपिन कुमार ने बताया कि अकादमी में रंगमंच पढ़ने वाले छात्रों को विश्व रंगमंच से परिचित कराया जा सके, इसको देखते हुए अकादमी पाठ्यक्रम को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए विश्व स्तरीय रंगमंच से जुड़ा शिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अध्ययन मंडल में पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू करने का बीज भी पड़ा। अध्ययन मंडल में शामिल सभी विशेषज्ञों ने सहमति दर्ज की कि अकादमी में पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू होना चाहिए। अध्ययन मंडल की मुहर लगने के बाद अब इसमें आगे की प्रक्रिया की जाएगी। हालांकि पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू होने में एक से डेढ़ साल का समय अभी लग सकता है। अकादमी निदेशक ने बताया कि इसके साथ ही पाठ्यक्रम में शामिल विषयों को गहराई से पढ़ाए जाने के लिए यूनिट और सब यूनिट प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जैसे जो भी विषय होगा उससे जुड़ी एक सब यूनिट भी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी। जिसमें मुख्य विषय से अतिरिक्त जानकारी सब यूनिट में शामिल होगी। इससे रंगमंच के प्रशिक्षुओं को विषय गहराई से समझने में मदद मिलेगी। अध्ययन मंडल की बैठक में पूर्व प्रो. एनएसडी, प्रो. सुरेश भारद्वाज, रांची से प्रो. अजय मलकानी, विभागाध्यक्ष भारतीय रंगमंच विभाग पंजाब विश्वविद्यालय डा. नवदीप कौर, विभागाध्यक्ष रंगमंच विभाग राजा मान सिंह विश्वविद्यालय ग्वालियर डा. हिमांशु द्विवेदी, मुम्बई से अभिराम भटकमकर, अकादमी प्रशिक्षक मनोज कुमार मिश्रा, प्रशिक्षक प्रमुख अकादमी गोविन्द सिंह यादव, अकादमी परीक्षा नियंत्रक डा. सुमित कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

## चिड़िया घर में वॉलन्टीयर भर्ती का मैसेज फर्जी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हजरतगंज के नरही स्थित वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में वॉलेन्टिर भर्ती के लिए सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज फर्जी निकला। मैसेज में 'लखनऊ चिड़ियाघर में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने का रोमांचक अवसर मिलने की सूचना प्रसारित किया जा रहा है। यह सूचना पूर्णत~ गलत, असत्य एवं भ्रामक है। इसी पुष्टि करते हुए प्राणी उद्यान के निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि लखनऊ प्रशासन की ओर से प्राणि उद्यान के लिए वॉलेन्टीयर की आवश्यकता से संबंधित कोई भी मैसेज नहीं किया गया है। ऐसे में प्राणी उद्यान प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि इस प्रकार के फर्जी मैसेज के जाल में न फसें और वायरल मैसेज के सत्यता की जांच जरूर कर लें।

## पोर्ट मैनेजमेंट पर हुई चर्चा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नेपाल सरकार के मंत्रालय इंडस्ट्री, कॉमर्स एवं सप्लाई के अंतर्गत नेपाल सरकार इंटर माडल ट्रांसपोर्ट बोर्ड जिसको लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ नेपाल भी कहा जाता है के द्वारा आयोजित ट्रेनिंग एवं वर्कशॉप के अंतिम दिन के अंतिम सत्र में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, रुपईडीहा के मैनेजर सुधीर शर्मा ने पोर्ट मैनेजमेंट के ऊपर अपनी पीपीटी प्रस्तुत कर व्याख्यान दिया। वर्कशॉप में पोर्ट मैनेजमेंट एवं प्रोफेशनल कैपसिटी इन्हास्मेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम मैनेजमेंट का आयोजन चोभर ड्राई पोर्ट काठमांडू के कांफ्रेंस हॉल में किया गया। डायरेक्टर शिवाहरि अधिकारी एनएएससी ललितपुर नेपाल, डायरेक्टर अनीता पौडल, जॉइंट सेक्रेटरी कृष्णा राज पंटा नेपाल सरकार, डॉ. वासुदेव दुंगल त्रिभुवन हरे कृष्ण मिश्रा एन.आई.टी.डी.बी., चीफ ऑपरेशन ऑफिसर अतुल कुमार, अंडर सेक्रेटरी तारक राज माटा नेपाल सरकार तथा सुधीर शर्मा द्वारा पोर्ट ऑपरेशन पर व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि चेयरमैन आशीष गजुर्नेल ने लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, रुपईडीहा के मैनेजर को सम्मानित किया। नेपाली खुकरी स्मृति चिन्ह के रूप में दी। डायरेक्टर युबक दंगुअल एवं सांत्वना बुढाथोकी वरि. प्रशासनिक अधिकारी संयोजन मौजूद रहे। सुधीर शर्मा ने बताया की इस वर्कशॉप से लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया एवं लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ नेपाल के मध्य एक सेतु का कार्य करेंगे।

## मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट चिनहट कैंपस में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 2025 का आयोजन किया। इस आयोजन में 35 से ज्यादा कंपनियाँ शामिल हुईं। 500 से अधिक छात्रों ने भाग लेकर विभिन्न रोजगार अवसरों का लाभ उठाया। उद्घाटन निदेशक डा. ममता श्रीवास्तव ने किया। प्रबंध निदेशक अमृत श्रीवास्तव ने छात्रों को प्लेसमेंट के महत्व पर प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डीएम विशाक अय्यर ने शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डा. वीके बाजपेयी एवं डॉ आज़ाद द्विवेदी भी उपस्थित रहे। प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर ऋषभ रंजन के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभागाध्यक्षों प्रदीप तिवारी, रघवेंद्र सिंह तोमर, एसके मौर्य व आरती भारद्वाज ने योगदान दिया।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार गोष्ठी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में वन नेशन वन इलेक्शन विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में अनेक सुधारों की प्रक्रिया से गुजर रहा हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि सारे देश में एक साथ चुनाव होने से धन एवं समय का अपव्यय रोका जा सकेगा। उन्होंने ये भी कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश की जीडीपी भी लगभग डेढ़ प्रतिशत बढ़ जाएगी। अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रोफ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने पहलगाम आतंकवादी हमले में हताहत हुये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी नेतृत्व में जो भी सुधारात्मक कदम उठाये जा रहें है उससे देश मज़बूत होगा। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, नगर अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद स्वदेश सिंह, भाजपा नेता चंद्रशेखर गुप्ता सहित कई लोग शामिल रहे। संचालन नगर महामंत्री अमित त्रिपाठी ने किया।

# स्मार्ट सिटी वॉर रूम पहुंचे नगर आयुक्त, कर्मचारियों को नसीहत

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण व सेफ सिटी प्रोजेक्ट के शीघ्र इंटीग्रेशन के निर्देश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को स्मार्ट सिटी स्थित वॉर रूम का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली और संचालन का गहन अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए, जिससे नगर निगम की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वॉर रूम में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को संबंधित अधिकारी तक समयबद्ध ढंग से प्रेषित किया जाए और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना अनिवार्य होगा ताकि शिकायत समाधान की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके। नगर आयुक्त ने विशेष तौर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान और '311 ऐप' पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के दौरान फोटोग्राफ और जीपीएस लोकेशन अपडेट करने के निर्देश दिए।

### सेफ सिटी प्रोजेक्ट का अलग से निरीक्षण

इसी क्रम में नगर आयुक्त ने सेफ सिटी प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सेफ सिटी प्रोजेक्ट के डायल 112 के साथ शीघ्र इंटीग्रेशन के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (स्ह्रक्क) को तुरंत अंतिम रूप दिया जाए और उसके बाद इसे पुलिस विभाग को हैंडओवर करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

### सेफ सिटी प्रोजेक्ट के इंटीग्रेशन पर जोर

सेफ सिटी निरीक्षण के दौरान परियोजना की नोडल अधिकारी एसीपी सौम्या भी उपस्थित रहीं। उन्होंने नगर आयुक्त को परियोजना की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना से अवगत कराया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, ताकि शहरवासियों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## सिन्धी पंचायत ने निकाला कैंडिल मार्च




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिन्धु नगर सिन्धी पंचायत के पदाधिकारियों ने आज कृष्णा नगर में जम्मू कश्मीर में जिन हत्यारों ने गोलियां चलाकर 27 बेगुनाहों को मार डाला था। सिंधी समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकला और केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तान से बदला लेकर उनको करारा जवाब देना चाहिए,जिससे दुबारा यह घटना करने की कोई सोच न पाए केंडिल मार्च में अध्यक्ष अशोक चांदवानी ,महेशतलरेजा ,लालचंद मंजर ,नीरज राजपाल दिनेश रायचंदानी , प्रदीप राज्यपाल रमेश तलरेजा ,हरीश तीर्थणी , अशोक राजपाल ,मनोहर लाल रायचंदानी ,सुशील चंदानी ,कंचन चांदवानी ,सुनीता तलरेजा ,पूजा राजपाल,निशा मंजर ,लाज लालवानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। सिंधु नगर सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष अशोक चांदवानी ने प्रधानमंत्री से पाकिस्तान का पूरी तरह सफाया करने की मांग की।

# पहलगाम हिंदुओं की हत्या के विरोध में की नारेबाजी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ ।** पत्राकारपुरम व्यापार मंडल,गोमतीनगर क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारीगण और सनातनी बंधुओं ने आज शहीद मनोज पांडे चौराहे पर सामूहिक शोक सभा का आयोजन किया और थाना चौराहे से पत्रकारपुरम चौराहे तक कश्मीर में मारे गए हिंदुओं की हत्या के विरोध में पैदल मार्च जलती मोमबत्तियों के साथ किया। सैकड़ों स्थानीय नागरिकों के अतिरिक्त सनातन समिति,बंग लोक भारती, गोमतीनगर व्यापार मण्डल गोमतीनगर के राजेश सोनी अध्यक्ष, शिवकुमार गुप्ता उर्फ बॉबी प्रभारी परिक्षेत्र पूर्व सभासद , दीपम गुप्ता उपाध्यक्ष,विनी गुप्ता उर्फ रिंकी वरिष्ठ महामंत्री, अजय मिश्रा मंत्री,विकास खन्ना उर्फ विक्की , वरिष्ठ उपाध्यक्षा, रजनैश उर्फ डेविल मंत्री, विनय मिश्रा उपाध्यक्षा, विनयकुमार चंद कार्यकारिणी सदस्य , राजकुमार सोनी, कोस्तुभ गुप्ता , अमित कुमारसिंह, राजेश गुप्ता, अमन तिवारी सहित सैकड़ों व्यापारी एवं भाजपा सभासद रामकृष्ण यादव सहित सनातन समिति गोमतीनगर के सुधीर गुप्ता, राकेश सिंह, लालचंद श्रीवास्तव, रामशरण तिवारी,चिनहट सनातन समिति प्रभारी संगीता तिवारी भी सम्मिलित हुए। व्यापार मंडल की महिला शक्ति शालिनी सिंह, ज्योति, साधना पांडे, शृंखला मिश्रा, श्वेता सिंह आदि ने सक्रियता से सभी कार्यक्रमों में जय श्री राम और भारत माता की जय जयकार कर जोश ख़रोश के साथ सहभागिता की। ह्य

# श्रीराम हनुमत महोत्सव के भजनों पर झूमे भक्त



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बलरामपुर गार्डेन में शनिवार से शुरू हुए दो दिवसीय श्रीराम हनुमत महोत्सव में प्रभु श्रीराम और हनुमान जी के भजनों से परिसर गुंजायमान हो उठा। जब परिसर में गायकों ने निर्बल हो कर जब उन्हें पुकारा है, फिर कौन बिगाड़ेगा, जब रामजी सहारा है... सुनाया तो भक्त झूम उठे। ऐसे ही भजन एक बार जो रघुबर की, नजरों का इशारा हो जाए, तेरी लगन में खो जाऊं मैं, दुनिया से किनारा हो जाए... गाया तो लक्ष्मणपुरी लखनऊ का नजारा प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या जी धाम सा हो गया। हनुमत सेवा समिति की ओर से दो दिवसीय श्रीराम हनुमत महोत्सव का भव्य शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया और विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति राजीव सिंह रहे। अजय याग्निक ने सुंदरकांड पाठ किया। संयोजक विवेक पांडेय ने बताया कि पहली बार भक्तों ने पीपल के पत्ते पर चंदन रोली से जय श्री राम... लिखकर हनुमान महाराज को श्रद्धापूर्ण भेंट अर्पित की। मान्यता है कि इससे भक्तों की समस्याओं का निवारण हो जाता है। भजन गायक विवेकानंद पांडेय ने कई भजनों की प्रस्तुतियां दीं। गायक किशोर चतुर्वेदी ने सुनिए सुनिए श्री हनुमान..., एक नजरे करम करना बजरंग बली बाबा.., जपो रे राम नाम सुखदाई.. और ए री सखी मंगल गाओ री... सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। आयोजन स्थल में सच्चे फूलों के श्रृंगार के साथ अलंकृत राम दरबार आगंतुकों को खासा पसंद आ रहा है। वहीं, आठ फिट के विशाल श्यामल हनुमान जी की प्रतिमा वाला सेल्फी प्वाइंट भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बना है। दूसरी ओर लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी में भी आगंतुक खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उस संग्रह में 40 हजार से अधिक हनुमान महाराज की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेंटिंग और पुस्तकें प्रदर्शित हैं। पहली बार मनोकामना बैलून प्रार्थना में भक्तों ने अपनी मनोकामना को मन में दोहराते हुए गुब्बारों को अनंत आकाश में मुक्त किया।

## हज यात्रा के लिए 288 यात्री भरेंगे पहली उड़ान

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** हज यात्रा 2025 के लिए हज यात्रियों की रिपोर्टिंग शुरु हो गई है। शनिवार को मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में 288 हज यात्रियों ने बुकिंग पूरी करायी। हज यात्रा 2025 की पहली उड़ान 29 अप्रैल को रात 2 बजकर 40 मिनट पर है। पहली उड़ान से 288 हज यात्रा हज के लिए उड़ान भरेंगे। जिसमें 166 हज यात्री लखनऊ और 88 हज यात्री बाराबंकी से हैं। हज यात्रियों की सुविधा के लिए हज हाउस में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का काउंटर लगाया गया है। राज्य हज समिति सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि एसबीआई काउंटर से हज यात्री भारतीय रुपए के बदले रियाल एक्सचेंज कर सकते हैं। इसके लिए हज यात्रियों को पासपोर्ट की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति, हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट से वर्तमान स्टेट्स का प्रिंट आउट लग देना होगा। श्री तिवारी ने बताया कि हज यात्री 2100 सऊदी रियाल लेने के लिए 50 हजार रुपए सीधे कैश जमा कर ले सकते हैं।

## खेल सुविधाओं के विकास पर होगा जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन सभी विद्यालयों में खेल संस्कृति विकसित करने को स्पोर्ट्स फॉर स्कूल डीपीएस टेक मैनेजमेंट के सीईओ और मुआय थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के देवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ एमओयू साइन किया। इस योजना में खेल सुविधाओं के प्रसार, छात्रों का शारीरिक एवं मानसिक विकास एवं भावी खेल प्रतिभाओं के प्रशिक्षण सहित कई अन्य कार्य किए जाएंगे।



स्वतंत्र भारत

# केजीएमयू परिसर में अवैध दुकानें हटाने को लेकर बवाल







**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू संस्थान के नेत्र रोग विभाग के पीछे हरमेन मजार के आसपास फैले अतिक्रमण हटाने के लिए शनिवार को दिन भर हंगामा चलता रहा। केजीएमयू प्रशासन व

**कब्जेदारों व चिकित्सकों के बीच झड़प, पुलिस बल तैनात**

स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस व झड़प हुई। इस दौरान दो डॉक्टरों को हल्की चोंटे भी आईं। डॉक्टरों से अभद्रता की जानकारी होने पर चिकित्सकों व कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मामला शांत कराया और अतिक्रमण हटाया गया।

केजीएमयू परिसर में नेत्र विभाग के पीछे अवैध तरीके से दवा, पान मसाला और अन्य उपकरणों की दुकानें चल रही हैं। उसी जगह पर एक मजार भी है। अवैध दुकानों को हटाने के लिए केजीएमयू प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस दी गई थी। इसके बावजूद लोग अपनी दुकानें नहीं हटा रहे थे। शनिवार को केजीएमयू प्रशासन ने अवैध दुकानें हटाने की कोशिश की तो लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि विरोध कर रहे लोगों ने मजार हटाने का दावा करके मामले को तूल दे दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां मौजूद हो गए। यह भी बताया जा रहा है कि इस बीच विरोध कर रहे लोग पत्थर फेंकने लगे। इसकी चपेट में आकर दो डॉक्टर घायल हो गया। डॉक्टरों के घायल होने की खबर जैसे अन्य चिकित्सकों को हुई वह नाराज होकर बड़ी संख्या में परिसर में इकट्ठा हो गए। डॉक्टरों ने स्ट्राइक करने की बात कही। स्ट्राइक का माहौल बनने से प्रशासनिक अधिकारियों के हांथ-पांव फूल गये। आनन-फानन में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मामले को शांतिपूर्वक निपटाने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ कब्जेदारों ने अपनी दुकाने व निवास खाली करने की बात कही। देर शाम तक मामला शांतिपूर्ण था। फिलहाल मौके पर पुलिस तैनात है। रविवार को भी अतिक्रमण हटाया जायेगा।

## विश्व हिंदू परिषद भी पहुंचा

विश्व हिंदू परिषद के अवध प्रांत के प्रचार प्रमुख नृपेन्द्र विक्रम ने बताया कि लगी तो संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। केजीएमयू प्रशासन के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में सहयोग किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रशासन का सहयोग किया जायेगा। मामले को राजनीतिक रंग देने की बात जो कही जा रही है वह बेबुनियाद है। संगठन मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिले इसके लिए इस मुहिम में हिस्सेदार बना।

## मजार नहीं हटेगी, अफवाहों पर ध्यान न दें : केके सिंह

केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह ने बताया कि मजार (शाहमीना शाह) को छोड़कर अन्य सभी अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है, ताकि इस क्षेत्र का उपयोग मरीजों की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु किया जा सके। केजीएमयू प्रबंधन का उद्देश्य इस स्थान को जनकल्याण के कार्यों में लाना है। प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस अभियान का मकसद केवल चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाना और परिसर को अतिक्रमण मुक्त करना है। मजार नहीं हटाई जायेगी। अफवाहों पर ध्यान न दें।

# हीट वेव के बीच करवट ले सकता है मौसम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी के बीच लू का प्रकोप जारी है। बीते कई दिनों से आसमान से बरस रही आग के बीच शनिवार को मामूली राहत मिली। मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार से मौसम का मिजाज अलग रहेगा। कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें तो कहीं गर्मी कहर ढायेगी। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हिमालयी क्षेत्रों में भारी बारिश और हिमपात का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को दोपहर में अचानक बदलों की आवाजाही आरंभ हो गयी। इससे तापमान में गिरावट के कारण गर्मी एवं लू लोगों को मामूली राहत मिली। प्रदेश में मौसम का मिजाज क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश वाराणसी, प्रयागराज में हल्की से मध्यम बारिश और गरज-चमक की संभावना है, इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान 36-38 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं पश्चिमी यूपी के मेरठ, आगरा मण्डल में भीषण गर्मी के बीच लू का प्रकोप जारी रहेगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में गर्मी ने बेहाल कर रखा है। लखनऊ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। गर्मी के कारण भीड़ भाड़ वाली सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, जरूरी कामों से बाहर निकले लोग चेहरे ढककर दिखायी दिये। बाराबंकी, हरदोई, कानपुर, इटावा, गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, बहराइच, प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, अयोध्या, गाजीपुर, बस्ती, झांसी, उरई, हमीरपुर, मेरठ, आगरा और अलीगढ़ सहित कई जिलों में शनिवार को भी पारा 40 डिग्री के पार रहा। गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार मई माह में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

# मथुरा के जैत गांव पहुंचा फैम ट्रिप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फैमिलियराइजेशन ट्रिप दल

**फैम ट्रिप से पर्यटन स्थलों को मिलेगी वैश्विक पहचान : जयवीर**

शनिवार को मथुरा के जैत गांव पहुंचा। इस ट्रिप में शामिल सदस्यों को चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन शनिवार को जैत गांव में सक्रिय स्वयं सहायता समूह, स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प को देखा। सदस्यों ने मिट्टी के बर्तन बनाने, पारंपरिक खिलौनों की रचना, लड्डू गोपाल की पोशाक तैयार करने और तुलसी माला बनाने की प्रक्रिया को भी बारीकी से समझा।



फैम ट्रिप में शामिल ब्रिटेन से आई हुई एलिसा स्पैम्पिनाटो तथा पत्रकार पूनम गुप्ता ने मथुरा जनपद के ग्रामीण परिदृश्य की सुंदरता को नजदीक से देखा। कालिया नाग मंदिर में एक विशेष गाइडेड स्टोरी टेलिंग सत्र का भी हिस्सा बने। इस सत्र में प्रतिभागियों ने मंदिर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को जानने के साथ-साथ उससे जुड़ी लोक कथाओं और प्रसंगों को सुना। उन्होंने जय कुंड का भी भ्रमण किया। यह दल रविवार को कछपुरा गांव में 'हेरिटेज वॉक' के दौरान 11 सीढ़ियां और हुमायूं मस्जिद देखेंगे। तीसरे दिन मैनपुरी के भावंत और सहन गांव जायेंगे। साथ ही सहन गांव में स्थानीय हस्तशिल्प को देखने के बाद बुलंदशहर के सिकरपुर गांव का भ्रमण करेंगे इसके बाद वह दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि उत्तर प्रदेश को ग्रामीण पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाया जा सके।

# एलडीए : नजूल के 163 साल पुराने नक्शों को केमिकल ट्रीटमेंट से किया जा रहा संरक्षित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के रिकॉर्ड रूम में रखे नजूल भूमि के वर्ष 1862 के मानचित्र, जो धूल, नमी व दीमक लगने से खराब हो गये थे। अब उन्हें केमिकल ट्रीटमेंट आदि उपायों से संरक्षित किया जा रहा है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को नयी बिल्डिंग के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पुराने मानचित्रों के संरक्षण व फाइलों की स्कैनिंग/डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

पुराने मानचित्रों के संरक्षण का कार्य प्राधिकरण भवन की नयी बिल्डिंग के 11वें तल पर स्थित रूद्राक्ष सभागार में किया जा रहा है। निरीक्षण में पाया गया कि कार्यदायी संस्था इन्टैक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट की विशेषज्ञ टीम द्वारा मानचित्रों की फोटोग्राफी कराते हुए केमिकल ट्रीटमेंट के माध्यम से इनके संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। संस्था

**लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नयी बिल्डिंग के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण**

**पुराने मानचित्रों के संरक्षण व फाइलों की स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश**

के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम चरण में नजूल भूमि के कुल 203 मानचित्र कंजर्वेशन कार्य के लिए उपलब्ध कराये गये हैं। इनमें से 102 मानचित्रों को ट्रीटमेंट के माध्यम से सफलतापूर्वक संरक्षित कर लिया गया है, जबकि शेष मानचित्रों पर काम चल रहा है।

इसी तरह फाइलों की स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन का कार्य भी प्रगति पर है। इस क्रम में उपाध्यक्ष ने नयी बिल्डिंग के प्रत्येक तल का निरीक्षण करके अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों के कार्यालय देखे। इसमें पाया गया कि एक अनुभाग के कर्मचारी अलग-अलग जगह बैठ रहे हैं, जिससे विभागीय कार्य में अड़चन पैदा हो रही है। साथ ही पर्याप्त जगह व अधिक संख्या में कार्यालय कक्ष होने के बावजूद सही प्लानिंग न होने से अधिकारियों व कर्मचारियों के बैठने की सही व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि अब से नयी बिल्डिंग के तृतीय तल पर केवल मानचित्र व नियोजन अनुभाग की पूरी टीम बैठेगी। इसके अलावा अभियंत्रण की टीम चतुर्थ व पंचम तल पर शिफ्ट होगी। इसी तरह उपाध्यक्ष ने अन्य अनुभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के बैठने के लिए तल व कक्ष निर्धारित किये। उन्होंने निर्देश दिये कि शिफ्टिंग के लिए सभी आवश्यक कदम उठाते हुए जल्द से जल्द यह व्यवस्था लागू करायी जाए।

इस मौके पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सी0पी0 त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक के0के0 गौतम व प्रभारी मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

### 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' पर 73 फाइलें निस्तारित

लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शनिवार को 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त अनुभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में एक ही पटल पर लंबित फाइलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने खुद लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए फाइलों पर तुरंत निर्णय लिया और कार्रवाई सम्पादित करवायी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चली इस कार्रवाई में रजिस्ट्री, नामांतरण, रिफंड, फ्री-होल्ड, अभियंत्रण आदि से सम्बंधित कुल 73 फाइलों का निस्तारण किया गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ में मथुरा लोक सभा क्षेत्र की सांसद हेमा मालिनी ने शिष्टाचार भेंट की।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव से और मजबूत होगा लोकतंत्र : केशव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एक राष्ट- एक चुनाव से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। बार-बार चुनाव के कारण प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान और नीतिगत निर्णय में देरी होती है । चुनाव में होने वाले खर्च में कमी आएगी ,जिससे जो खर्च बचत आएगी, वह अन्य विकास कार्यों में लगाई जा सकेगी। केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक राष्ट- एक चुनाव विषय संगोष्ठी में कहा कि बार-बार चुनाव होने से सारा सरकारी सिस्टम इसमें इन्वॉल्व हो जाता है। शिक्षक चुनाव प्रक्रिया में लग जाते हैं जिससे पढ़ाई में भी अवरोध आता है कर्मचारी लग ,जाते हैं तो सरकारी कार्यों में भी गति धीमी हो जाती है ।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा के टापरों को किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 मेधावी छात्रों को जिलाधिकारी विशाख जी0 ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों और उनके परिवारों के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे राज्य के लिए भी सम्मानजनक है। आह्वान किया कि वे आगे भी कड़ी मेहनत और नैतिक मूल्यों को अपनाकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। सभी टॉप 10 छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं एक प्रेणनादाई पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने संघ लोकसेवा आयोग के सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित रजत सिंह रैंक 132 एव कौशिक मिश्रा रैंक 535 को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन सहित कई अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# पांच साल में तीन गुना बढ़ेगा निर्यात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बीच योगी सरकार स्वंय के लिए भी अवसर बना रही है। सरकार द्वारा कानून व्यवस्था, वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, सस्ता श्रम, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के कारण उत्तर प्रदेश की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी है। उत्तर प्रदेश के उत्पादों की देश-दुनिया में ब्रांडिंग के लिए सरकार ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो भी आयोजित करती है। इस साल भी सितम्बर में यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का पार्टनर देश वियतनाम होगा। इसमें भारत सहित 70 देशों के लाखों लोग ब्रांड यूपी से रूबरू होंगे। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए इस बार महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के प्रमुख राज्यों और दिल्ली ,जयपुर, अहमदाबाद और इंदौर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। देश के लेदर एवं फुटवियर के निर्यात में उत्तर प्रदेश का 46 फीसद हिस्सेदारी के साथ पहला स्थान है। इस स्थान को बरकरार रखते हुए इसे और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सरकार लेदर एवं फुटवियर पॉलिसी भी लाने जा रही है। इस नीति के लागू होने और निर्यात बढ़ने का असर कानपुर, उन्नाव से लेकर आगरा तक पड़ेगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए तो यह टैरिफ वार गोल्डन ऑपर्च्युनिटी साबित हो सकता है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के लिहाज से उत्तर प्रदेश इसमें भी देश में नंबर एक है। सरकार की मिली मदद से एक जिला एक उत्पाद से जुड़े उत्पादों के निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। एक जनपद एक उत्पाद योजना के बाद से राज्य का निर्यात 88967 करोड़ से बढ़कर दो लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। अब सरकार का लक्ष्य 2030 तक इसे तीन गुना करने का है।

# सार्वजनिक वाई-फाई से भी हो सकती है साइबर धोखाधड़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** साइबर सुरक्षा पर हुए जागरूकता सत्र के विशेषज्ञ वक्ता यूपी-112 के फील्ड सर्विसेज एंड ऑपरेशन्स एसपी विजय ढुल ने धोखाधड़ी से बचने के लिए सार्वजनिक वाई-फाई से बचने की सलाह दी। एसपी विजय ढुल ने साइबर अपराध के हालिया रुझान में डिजिटल गिरफ्तारियां, डीपफेक/एआई आधारित धोखाधड़ी को मुख्य बताया। उन्होंने कहा कि एटीएम धोखाधड़ी, अपना केवाईसी जानें, ओएलएक्स आर्मी धोखाधड़ी, रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन, केबीसी लॉटरी घोटाला, सेक्सटॉर्शन, डीपफेक और मॉर्फ्ड तस्वीरों की घटनाएं आजकल आम हैं। उन्होंने साइबर अपराध होने पर तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। साथ ही वित्तीय नुकसान के मामले में 1930 डायल करने की बात कही। कार्यक्रम रतिका रस्तोगी की ओर से संचालित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल समेत कई रहीं।

# नई तस्वीर पेश करेगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्य सरकार एक बार फिर देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश की ताकत, संभावनाओं और उपलब्धियों को पेश करने जा रही है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच तीसरे ग्रैंड मेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो -25 का आयोजन करने जा रही है। इस इवेंट की कमान प्रदेश के 35 विभागों के नोडल अधिकारी संभालेंगे, जबकि 50,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में 12 प्रमुख श्रेणियों के तहत 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। ट्रेड शो के जरिये क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस शो में यूपी इन्वेस्ट, इंडस्ट्रियल अथॉरिटीज एमएसएमई, कृषि, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पशुपालन, खादी, एमएसएमई आदि विभागों की सक्रिय भागीदारी होगी। ट्रेड शो में प्रदर्शनी को 12 श्रेणियों में बांटा गया है। वोकल फॉर लोकल विजन को साकार करते हुए इन उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक खरीदारों से जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। शी ट्रेड शो प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मेगा इवेंट में हेल्थ, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा निर्माण, कृषि-प्रौद्योगिकी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में एमओयू भी संभावित हैं। देश और दुनिया को प्रदेश की बदलती पहचान और संभावनाओं से रूबरू कराएगा। यूएस और चीन के टैरिफ वार को अवसर बनाएगी।

# भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौकन्नी रहे पुलिस : डीजीपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशान्त कुमार नें जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुये आतंकवादी हमले को लेकर यूपी में सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध के निर्देश दिये है। यूपी के डीजीपी नें प्रदेश के सभी एडीजी और आईजी

**प्रदेश में बरती जाए सतर्कता और चौंकस रहे सुरक्षा व्यवस्था**

तथा पुलिस कमिश्नर और एडीजी रेलवे तथा सुरक्षा, अभिसूचना, यू0पी0-112, एस0एस0एफ0 व ए0टी0एस0 तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुये आतंकवादी हमले के क्रम में प्रदेश में विशेष सतर्कता बरती जाये। अंतराष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय बार्डर के सीमावर्ती जनपदों के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर बार्डर पर समुचित पुलिस प्रबन्ध कर प्रभावी चेकिंग कराई जाये। समस्त टोल प्लाजा पर भी आवश्यक पुलिस प्रबन्ध एवं निगरानी की जाये। डीजीपी ने कहा कि नेपाल बार्डर के जनपद महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्वार्थनगर, खीरी, पीलीभीत, बहराइच, बलरामपुर में एसएसबी के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर चेक पोस्टों पर निगरानी और चौकसी बनाये रखा जाये। डीजीपी ने कहा है कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल से ही अपने निकट पर्यवेक्षण में उच्च स्तरीय सतर्कता रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में दंगा निरोधक उपकरणों के साथ अतिरिक्त पुलिस/पीएसी बल की तैनाती कर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध किये जायें। राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ समस्त सुरक्षा उपकरणों सहित फ्लैग मार्च निकाला जाये। डीजीपी ने कहा कि कमिश्नरेट और जिलों के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे। किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने हेतु दंगा नियंत्रण अभ्यास भी अवश्य सुनिश्चित कराये। संवेदनशील क्षेत्रों



तथा चिन्हित हॉट स्पॉट पर ड्रोन कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाये। समस्त सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील हालत में रखा जायें तथा इसकी फीड सुरक्षित रखने हेतु प्रभावी प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। धार्मिक स्थलों व पूजा स्थलों पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री चस्पा किये जाने, वॉल राइटिंग व विरूपण को लेकर सभी धर्म स्थलों के आस-पास प्रभावी रात्रि गश्त सुनिश्चित कर प्रातःकालीन पोस्टर चेकिंग पार्टी निकाली जाये। डीजीपी नें कहा कि प्रदेश के सभी एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशनों की समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध कर राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में प्रभावी सघन चेकिंग करायी जाये। डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित एसओपी के अनुरूप करायी जाये ।प्रदेश में कश्मीरी छात्रों, पर्यटकों तथा व्यवसाय करने वाले बिक्रेताओं आदि की समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ताकि उनके साथ किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो पायें। डीजीपी नें कहा कि कमिश्नरेट और जिलों के सभी मॉल्स और सिनेमा हॉल मल्टीप्लेक्स व मनोरंजन के स्थल तथा भीड़भाड़ वाले समस्त स्थानों पर विशेष तौर से सुदृढ सुरक्षा प्रबन्ध किये जाये। होटल, धर्मशाला, गेस्टहाउस, नये किरायेदारों का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन अवश्य सुनिश्चित कराया जाये। कट्टरपंथियों व असामाजिक तत्वों का स्थानीय थाना स्तर पर चिन्हाकंन करते हुये उन पर सतर्क निगरानी/सतर्कता रखी जाये।सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर सतर्क दृष्टि रखी जाये, किसी भी प्रकार की भड़काऊ एवं भ्रामक पोस्ट का तत्काल खण्डन करते हुये पोस्ट करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये।





# पीसीसी में सर्व धर्म पाठ, दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं सर्व धर्म पाठ प्रार्थना सभा का आयोलन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस नरसंहार से पूरा देश स्तब्ध है एवं घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और इसके लिए कांग्रेस सरकार के साथ है। हम देश को तोड़ने नहीं बल्कि जोड़ने की सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले में जो हमारे नागरिक शहीद हुए हैं कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह, राजबहादुर सिंह, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पांडे, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, डॉ जीयाराम वर्मा, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, सोनू पंडित, सतीश बिंद, संजय बाजपेई, शाहनवाज मंगल आजमी, संजय दीक्षित, डॉ0 लालती देवी, सचिन रावत, सुशीला शर्मा, आर0पी0 सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।




## पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष हिंदुओं पर किए गए कायराना हमले व नृशंस हत्याओं के विरोध में शनिवार को इस्माईलगंज में श्रद्धाजलि दी गयी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के महिला और पुरुष कार्यकर्ता इकट्ठा हुए थे। कार्यकर्ताओं द्वारा हमले में मारे गए हिंदुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । साथ ही हमले में घायलों को जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि प्रांत के 25 जिलों में धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। उन्होंने बताया धर्म को आधार बनाकर निर्दोष हिंदुओं पर किए गए हमले को हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा , राष्ट्र विरोधी, हिंदुत्व विरोधी मानसिकता से ग्रसित आतंकवादियों तथा जिहादी मानसिकता के समर्थन में खड़े लोगों को चिन्हित करके विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब देने का कार्य करेंगे । जिहादी मानसिकता से ग्रसित लोगों को मिट्टी में मिला देने का समय आ गया है । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा सुभाष, जिला मंत्री पंकज,नीरज,अमित,धीरज बजरंग दल के विभाग संयोजक विजय बजरंगी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रेड जोन घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** नागर विमानन मंत्रालय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय एवं सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशानुसार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को रेड जोन (नो-ड्रोन फ्लाई जोन) घोषित किया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर एवं इसके आसपास के क्षेत्र में ड्रोन अथवा किसी भी प्रकार के अनमैन्ड एरियल व्हीकल (नाट) उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है। यह प्रतिबन्ध एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं वायु क्षेत्र की निगरानी को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। इस क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम-1934 एवं यूएवी संचालन से सम्बन्धित नियमों के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। कोई भी व्यक्ति संस्था या समूह जो इस निर्देश का उल्लंघन करता हुआ पाया जायेगा उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस नियम का पालन करें एवं हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को सहयोग प्रदान करें। **मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।**

# दस आईएफएस अधिकारियों को मिला सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2009 बैच के भारतीय विदेश सेवा के दस अधिकारियों शनिवार को पर्यटन निदेशालय में सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा और पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सान्या छाबड़ा ने एक प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में 12 मेगा पर्यटन सर्किट व ईको टूरिज्म स्थलों पर जोर दिया गया। अधिकारियों को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों, उपलब्ध सुविधाओं, चल रही पहलों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य का पर्यटन न केवल आजीविका को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण के प्रति पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रचारित करने के लिए रणनीतियाँ अपनाने पर जोर दिया गया। इनमें प्रभावशाली ट्रैवल इंफ्लुएंसर्स, ब्लॉगर्स तथा मीडिया प्रोफेशनल्स की पहचान कर उनके लिए फैम ट्रिप्स आयोजित करवाना भी शामिल रहा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक संपदा के साथ एक वैश्विक स्तर पर सराहनीय पर्यटन स्थल बन रहा है। मैं आईएफएस अधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना की गयी। जो हमारी विरासत को विश्वपटल पर प्रदर्शित करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है और पर्यावरण की रक्षा करता है।

## राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन बनाया विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएफजीआर) ने शनिवार को तेलीबाग स्थित संस्थान में आईपी मंथन कार्यशाला के साथ ही बौद्धिक संपदा दिवस भी बनाया। कार्यशाला में आईसीएआर-एनबीएफजीआर निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने वैज्ञानिक अनुसंधान और डेटा माइनिंग में एआई की गतिशीलता को रेखांकित किया। बताया कि यह कार्यक्रम एआई तकनीकों और आईपी कानूनों के बीच विकसित हो रहे समन्वय पर जरूरी दृष्टिकोण दे रहा है। इससे शोधकर्ता तेजी से बदलते नवाचार परिदृश्य में जिम्मेदारी के साथ बेहतर काम कर सकें। वक्ता अरविंद शंकर ने कॉपीराइट पर एआई का प्रभाव- बौद्धिक संपदा में व्यवधान और बहस विषय पर व्याख्यान दिया। जबकि आईपीआर अवेयरनेस एंड इनोवेशन प्रमोशन फोरम के संस्थापक नवदीप श्रीधर ने विकसित एआई परिदृश्य में आईपी संरक्षण विषय पर चर्चा की। कार्यशाला में डॉ. पूनम जयंत सिंह, डॉ. एलके त्यागी, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. अरुण सुधाकर, डॉ. अर्पिता बट्टा, रवि कुमार, विकास कुमार के अलावा शोधकर्ता व छात्र शामिल रहे।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कल्याणपुर राजीवनगर में कवियित्री साहित्यकार डॉ राधा बिष्ट की अध्यक्षता में काव्य की साहित्य श्रृंखला अभिव्यक्ति के क्रम में 11वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। वैदेही संस्था की रूबी राज सिन्हा के साथ काफी संख्या में साहित्यकारों, कवियों द्वारा रचनाओं का पाठ किया। साथ ही पुलवामा आतंकवादी हमले पर पर सबने अपना आक्रोश जताया और आतंकवादियों के कायराना हमले की कड़ी निंदा की और अपनी कविताओं के माध्यम से पूरे देश के मनोभावों को अभिव्यक्त किया। संचालन साहित्यकार राजेश मल्होत्रा,समाजसेवी मोहन सिंह बिष्ट , पंकज सिंह दिनकर , देवेंद्र त्रिपाठी सुरभि श्रीवास्तव, मधु पाठक मांझी, रीमा कर्णवाल द्वारा विचार अभिव्यक्त किए।


**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि अपना नाम MOHAMMED SAIF SIDDIQUI से बदलकर MOHAMMAD SAIF SIDDIQUI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। MOHAMMAD SAIF SIDDIQUI 401/104, Abdul Aziz Road Choupatiya, Lucknow

सी.आर.-171/**L-31**

**सूचना**

मैंने अपना नाम USMAN ASHAD SIDDIQUI से बदलकर USMAN AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। उस्मान अहमद पुत्र अली अशाद, नि.- 91 गोयला, लखनऊ।

सी.आर.-170/**L-27**

**सूचना**

मैं लियाकत पुत्र नासिर, निवासी-432/130, रामनगर लखनऊ का हूँ प्रार्थी का बड़ा बेटा शराफत अली व उसकी पत्नी मुलताजन के आचरण व चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके द्वारा किये गये समस्त नैतिक-अनैतिक कार्यों की जिम्मेदारी प्रार्थी व उसके परिवार की नहीं होगी।

सी.आर.-177/**L-42**

**सूचना**

मेरा मार्कशीट में नाम वैभव कुमार और एफडी में मेरा नाम ईशेन्द्र सिंह लिखा हैं, जोकि दोनों नाम मेरे ही हैं। दोनों नामों से मुझे जाना जाए। वैभव कुमार पुत्र गिरेन्द्र सिंह नि.ग्रा. हरिहरपुर सिमरा थाना खुदागंज-शाहजहांपुर।

सी.आर.-176/**D-31**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शुभम गुप्ता, पुत्रवधू भूमिका गुप्ता को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपित्त से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। सुमन गुप्ता पत्नी स्व. हरीराम नि.मो. सराय काइयां थाना रामचंद्र मिशन-शाहजहांपुर।

सी.आर.-176/**D-36**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सुनील पुत्र स्व. बाबूराम को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपित्त से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। आशा देवी पत्नी स्व. बाबूराम नि.ग्रा. बड़ागांव थाना पुवायां-शाहजहांपुर।

सी.आर.-176/**D-34**

**सूचना**

मैंने अपना नाम ATAULLAH ANSARI से बदलकर ATAULLAH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o -SAMI ULLAH SABAL GARH, DEWARA, PRATAPGARH-230128 (U.P)

सी.आर.-173/**L-25**

**सूचना**

मैंने अपना नाम KAMAR BANOO से बदलकर नया नाम QAMAR BANO W/o Ehtesham Husain रख लिया है। Add.- 417, Gram Jafrabad Post- Jalalpur AMbedkar Nagar U.P.

सी.आर.-173/**L-25**

**कार्य सूची**

ग्राम पंचायत बचगावां परगना पसगवाँ तहसील मोहम्मदी जिला खीरी के समस्त सदस्यों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम प्रबन्धक समिति बचगावा की खुली बैठक पंचायत घर वचगावा में दिनांक 05.05.2025 को ग्राम प्रधान श्री किशनपाल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों तथा निवासीगणों से अनुरोध है कि बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाए। **नवल किशोर लेखपाल/सचिव (एलएमसी), किशनपाल-ग्राम प्रधान**

सी.आर.-176/**D**

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (वृन्दावन योजना)**
**उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद**
**आफिस काम्पलेक्स प्रथम तल वृन्दावन योजना लखनऊ**
**'सर्वसाधारण को सार्वजनिक सूचना'**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की वृन्दावन योजना, लखनऊ में स्थित भवन संख्या 10 सी/230 के आवंटी श्री शहजाद अहमद खान पुत्र श्री शब्बीर अहमद, के पक्ष में आवंटित है।

जिसका विक्रय विलेख परिषद द्वारा आंवटी के पक्ष में दिनांक 01-08-2017 को निष्पादित है। श्रीमती समीमा नाज पत्नी स्व0 शहजाद अहमद ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 24-07-2024 द्वारा सूचित किया है कि उनके पति स्व0 शहजाद अहमद खान, की मृत्यु दिनॉक 15-05-2022 को हो गयी है, पति की मृत्यु प्रमाण के आधार पर भवन को स्वयं के पक्ष में अंतरित किये जाने का अनुरोध किया है। आवंटी के विधिक उत्तराधिकारी के रुप में श्रीमती समीमा नाज, श्रीमती नफीस फातिमा (विवाहित पुत्री), कु0 निदा फातिमा (अविवाहित पुत्री), श्री अरमान अहमद खान, द्वारा अपनी (माता) श्रीमती समीमा नाज के पक्ष में भवन अन्तरण हेतु अनापत्ति शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी हितबद्ध पक्ष अथवा अन्य व्यक्ति जिन्हें उक्त अंतरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिन के अन्दर कार्यालय में अपना पक्ष आवश्यक साक्ष्यों सहित लिखित रूप से प्राप्त करा सकता है अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात यह समझा जायेगा कि उक्त अंतरण में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, और उक्त भवन को श्रीमती समीमा नाज के पक्ष में अंतरित करने की कार्यवाही की जायेगी।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

सी.आर.-172/**L**

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना सं. 81/2025

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि यात्रियों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़िया निम्नलिखित समय पर चलाई जायेंगी।



**04304/04303 योगनगरी ऋषिकेश–गोरखपुर–योगनगरी ऋषिकेश आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं 04304 योगनगरी ऋषिकेश से शनिवार को दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 = 10 Trips

गाड़ी सं 04303 गोरखपुर से रविवार को दिनांक 11.05.2025 से 13.07.2025 = 10 Trips

| 04304 योगनगरी ऋषिकेश से | | | 04303 गोरखपुर से | |
|---|---|---|---|---|
| आ0 | प्र0 | स्टेशन | आ0. | प्र0 |
| - | 15.20 | योगनगरी ऋषिकेश | 00.55 | - |
| 16.10 | 16.15 | हरिद्वार | 23.40 | 23.45 |
| 19.17 | 19.25 | मुरादाबाद | 20.50 | 21.00 |
| 20.46 | 20.48 | बरेली | 19.12 | 19.14 |
| 22.02 | 22.04 | शाहजहाँपुर | 18.15 | 18.17 |
| 00.30 | 00.40 | सीतापुर | 14.50 | 15.00 |
| 03.20 | 03.25 | गोण्डा | 11.25 | 11.30 |
| 04.38 | 04.40 | बस्ती | 09.58 | 10.00 |
| 06.20 | - | गोरखपुर | - | 09.00 |

रेक संरचनाः– सामान्य द्वितीय श्रेणी–06, शयनयान–10, एसएलआर–02 = कुल 18 कोच

**04022/04021 नई दिल्ली–गोरखपुर–नई दिल्ली आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी**

गाड़ी सं 04022 नई दिल्ली से शुक्रवार को दिनांक 09.05.2025 से 11.07.2025 = 10 Trips

गाड़ी सं 04021 गोरखपुर से शनिवार को दिनांक 10.05.2025 से 12.07.2025 = 10 Trips

| 04022 नई दिल्ली से | | | 04021 गोरखपुर से | |
|---|---|---|---|---|
| आ0 | प्र0 | स्टेशन | आ0. | प्र0 |
| - | 14.00 | नई दिल्ली | 23.10 | - |
| 14.52 | 14.54 | गाजियाबाद | 22.10 | 22.12 |
| 15.32 | 15.34 | हापुड़ | 20.18 | 20.20 |
| 17.55 | 18.03 | मुरादाबाद | 19.00 | 19.08 |
| 19.20 | 19.22 | बरेली | 17.33 | 17.35 |
| 20.30 | 20.32 | शाहजहाँपुर | 16.28 | 16.30 |
| 21.17 | 21.19 | हरदोई | 14.55 | 14.57 |
| 23.00 | 23.10 | लखनऊ | 13.15 | 13.25 |
| 01.45 | 01.50 | गोण्डा जं0 | 09.40 | 09.45 |
| 03.00 | 03.02 | बस्ती | 08.03 | 08.05 |
| 05.00 | - | गोरखपुर | - | 07.00 |

रेक संरचनाः– एलएसएलआरडी–01, सामान्य द्वितीय श्रेणी–02, शयनयान–06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी–02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी–01, जनरेटर सह लगेज यान–1 = कुल 19 कोच

मुजाधि/टी–09 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली**
**वाद संख्या. /20..**
**श्रीमती ललिता देवी आदि**
**बनाम**
**कुलदीप कुमार आदि**

कुलदीप कुमार व अजय कुमार पुत्रगण रघुबीर पाल नि.गण ग्राम भाव पर. व तह. सदर जिला रायबरेली,

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 35(2) उ0 प्र0 रा0स0 2006 अतएेव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति/जवाब प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाँक 29/04/2025 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 26/04/2025 को जारी की गई।

**न्यायाधीश**

सी.आर.-174/**D-CN**

अदालती सूचना ता.पेशी 30.04.2025 इश्तहार मुजरिया न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर उत्तराधिकार वाद सं. 123 वर्ष 2025 श्रीमती चंदा पत्नी अब्दुल वारिस खान उर्फवारिस खान निवासी 207 दलेलगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर..प्रार्थिनी/वादिनी बनाम जनसाधारण...प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा भा.उ.द.अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी श्रीमती चंदा वादिनी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफ्लत हाय मुसम्मी स्व. रुबी पुत्री स्व. अब्दुल वारिस खान उर्फ वारिस खान निकट 207 रहमनिया विद्यालय दलेलगंज तह. सदर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी श्रीमती चंदा वादिनी उपरोक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 30.04.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 30.04.2025 पेश होकर उजर पेश करे दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म निस्वत दरख्वास्त सादिर होगा। आज वतारीख 25.04.2025 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

सी.आर.-176/**D-CN**

**उद्घोषणा**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि.महोदय बिसवां-सीतापुर**
**प्र.दी.उत्तराधिकार सं.33/2025**
**ता.पेशी. 13.5.2025**

विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर मो.नं. 9935847785 प्रार्थी/वादी

बनाम

जायज वाद स्व.महावीर प्रसाद अग्रवाल पुत्र शुभकरन निवासी ग्राम पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर

1.प्रभा देवी आयु 67 साल पत्नी स्व. महावीर प्रसाद निवासी ग्राम पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर

2. रचना अग्रवाल आयु 54 साल पुत्री स्व. महावीर प्रसाद पत्नी अनिल अग्रवाल निवासी ग्राम दुधई जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश

3. रीतू अग्रवाल आयु 45 साल पुत्र स्व. महावीर अग्रवाल पत्नी रीतेश अग्रवाल निवासी राजाजीपुरम् सपना कालोनी लखनऊ... विपक्षीगण

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशाल अग्रवाल प्रार्थी/वादी द्वारा मृतक महावीर प्रसाद अग्रवाल पुत्र शुभकरन के नाम जमा सम्पत्ति के सम्बन्ध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई हेतु तिथि दिनांक 13.05.2025 नियत है। अतः यदि किसी व्यक्ति को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति निर्धारित दिनांक 13.05.2025 को पूर्वान्ह 10.00 बजे स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जायेगी।

सम्पत्ति विवरण

1.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-जिला सहकारी बैंक लि. सीतापुर शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.001100900000305 लॉकर सं.17816/172 राशि मु. 9903 रूपये

2.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-आर्यावर्त बैंक शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.612560100003440 में राशि मु. 2086.50 पैसा

3.खाताधारक-विशाल अग्रवाल आयु करीब 39 साल पुत्र महावीर अग्रवाल निवासी पुरैनीगंज मजरा पुरैनी पर. व तह. बिसवां जिला सीतापुर बैंक का नाम व पता व खाता सं.-भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां-सीतापुर खाता सं.34001037732 में राशि मु. 11179.50 पैसा

तेईस हजार एक सौ उन्हत्तर हजार रूपये आज दिनांक 21.4.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**सिविल जज जू.डि.महोदय बिसवां-सीतापुर**

सी.आर.-178/**D-CN**

**सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि0, बेलरायां खीरी**

**पत्रांकः-99/प्र0प्र0/2025-26 दिनांक 25/04/2025**

**ई - निविदा / अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 में विभिन्न जॉब वर्क / आपूर्ति एवं ब्राउन शुगर की बिक्री हेतु पृथक-पृथक तिथियों से पृथक-पृथक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगी। उक्त के अतिरिक्त ब्वायलिंग हाउस के अन्तर्गत क्लारिफिकेशन हाउस इवेपोरेटर हाउस, पेन, सेन्ट्रीफ्यूगल एवं ड्रायर हाउसों में स्थित सभी उपकरणों की इन्टर्नल व वाह्य् सफाई, पेटिंग आदि का कार्य हेतु दिनांक 30.04.2025 को कुशल और अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदा अपराह्न 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे मिल के प्रशासनिक भवन में खोली जायेगी तथा यथाआवश्यकता निगोशियेशन भी किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में मिल के यांत्रिक विभाग/ उत्पादन विभाग / क्रय खण्ड / विक्रय खण्ड से प्राप्त की जा सकती हैं। प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि ड्राफ्ट / आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से निविदा खुलने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं निविदा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

**प्रधान प्रबन्धक**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भदौरा, गाजीपुर**

**पत्रक : 83 / ई - निविदा/ 2025-2026 दिनांक 26.04.2025**

**ई- प्रोक्योरमेंट /ई- टेंडरिंग सूचना**

क्षेत्र पंचायत भदौरा गाजीपुर द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2025 - 26 में राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यों को कराए जाने हेतु ई- निविदा दिनांक 27- 04- 2025 को ई - टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा वेबसाइट http://etendr.up.nic.in पर संपूर्ण विवरण, नियम व शर्तों को देखा जा सकता है।

1. निविदा हेतु क्षेत्र भदौरा गाजीपुर के पंजीकृत ठेकेदार/फर्म ही अधिकृत होंगे।
2. निविदा आमंत्रण दिनांक 27.04.2025
3. डाउनलोड अपलोड दिनांक 27.04.2025 से दिनांक 10.05.2025 से अपराह्न 12:00 तक।
4. निविदा से टेक्निकल/ फाइनेंशियल बीड खोलने की तिथि 10.05.2025 को अपराह्न 03:00 बजे।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड भदौरा, गाजीपुर।**

सी.आर.-175/**D**

**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्सः 0522-2622440, ई-मेलः nnlko@up.nic.in

**जोन-5**

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **बाबू कुंज बिहारी-ओम नगर** | | |
| 1 | 568/480 ए अहमदपुर | श्री प्रदीप चतुर्वेदी | श्रीमती शीखा चतुर्वेदी | दान विलेख |
| 2 | 551क/ओ-713ए ओम नगर | श्री सरदार परमजीत सिंह | श्री नवलजीत सिंह | पारिवारिक |
| 3 | 551क/ओ-1200 ओम नगर | श्री संतोष कुमार चौहान व मनीष कुमार चौहान | श्रीमती रेखा दूबे व प्रीति दूबे | रजिस्ट्री |
| 4 | 551क/ओ-1198 ओम नगर | श्रीमती पद्मावती | श्री राकेश कुमार जोशी व मनोज कुमार जोशी | पारिवारिक |
| 5 | 568/569ए अहमदपुर | श्रीमती रेखा | श्री चन्दन कुमार राव व शालिनी | रजिस्ट्री |
| 6 | 556/182 सुजानपुरा | श्रीमती कामिनी सक्सेना | श्रीमती छवि सक्सेना | रजिस्ट्री |
| 7 | 554/1382 पवनपुरी | श्री शरद खरे व प्रीति खरे | श्रीमती रचना शर्मा | रजिस्ट्री |
| 8 | 558/565 कैलाशपुरी | श्री भगवती प्रसाद | श्रीमती अनु गुप्ता | पारिवारिक |
| 9 | 554/1219 छोटा बरहा | श्रीमती कमलादेवी | श्री धीरज कुमार | रजिस्ट्री |
| 10 | 551क/ओ-1181 ओम नगर | श्री शरद चन्द्र श्रीवास्तव | श्री योगेश चन्द्र | रजिस्ट्री |
| 11 | 554/1583 ए पवनपुरी | श्रीमती सरिता मिश्रा | श्रीमती कैलाश | रजिस्ट्री |
| 12 | 568/077 अहमदपुर | श्री मथुरा प्रसाद तिवारी | श्री कौशल किशोर तिवारी | वसीयत |
| 13 | 556/329 सुजानपुरा | श्री कंवरजीत | श्री शोभा बहेर | पारिवारिक |
| 14 | 554/1324 पवनपुरी | श्री रमनप्रीत सिंह रेखी | श्री अभिषेक पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 15 | 554/1540 पवनपुरी | श्रीमती सुनैना ढींगरा | श्रीमती पुष्पा देवी | रजिस्ट्री |
| 16 | 554/173 छोटा बरहा | श्रीमती माधुरी सक्सेना | श्री आकाश मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 17 | 554/1051 छोटा बरहा | श्री देव नारायण सिंह | श्री राकेश कुमार सिंह | वसीयत |
| 18 | 551ख/152 कोरियाना | श्री संतोष कुमार शर्मा | उजमा | रजिस्ट्री |
| 19 | 554/1065 छोटा बरहा | श्री महेश चन्द्र गौतम | श्री श्याम गौरव आकाश एवं कविता गौतम | पारिवारिक |
| | | **रामजीलाल सरदार पटेल नगर, गुरूगोविन्द सिंह** | | |
| 20 | 555च/92एफएफ-103 सिंगार नगर | श्री अशोक मिश्रा | श्रीमती शीला देवी | रजिस्ट्री |
| 21 | 555च/248 सिंगार नगर | श्री कुलविन्दर सिंह मोंगा | श्री सुमितपाल सिंह मोगा | पारिवारिक |
| 22 | 559ख/353 श्री नगर | श्रीमती नीलम वर्मा | श्री पवन कुमार वर्मा | दान विलेख |
| 23 | 553ए/135 पटेल नगर | श्री रिषभ कुमार | श्रीमती अनुपमा यादव व कंचन | रजिस्ट्री |
| 24 | 559क/115 बहादुर खेडा | श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव | श्री आलोक श्रीवास्तव | वसीयत |
| 25 | 555च/213 सिंगार नगर | श्री शंकर लाल केसरवानी | श्री मनीष केसरवानी | पारिवारिक |
| | | **गुरूनानक नगर** | | |
| 26 | 552/237/1 चन्दर नगर | श्री राज अरोडा | श्री हरदीप सिंह व तरनजीत सिंह | रजिस्ट्री |
| 27 | 551घ/076जी नटखेडा | श्री सरदार सन्त सिंह | श्रीमती सुनैना शर्मा भाटिया | रजिस्ट्री |
| 28 | 551घ/016ई नटखेडा | श्रीमती मन्जू वाही | श्रीमती सुनैना शर्मा भाटिया व प्रतीक भाटिया | रजिस्ट्री |
| 29 | 569क/489/2 स्नेह नगर | श्रीमती रीता भाटिया प्रदीप कुमार भाटिया | श्रीमती स्वाती जायसवाल व पुनीत जायसवाल | रजिस्ट्री |
| 30 | 565क/049सीसी/3पीएन अमरूदहीबाग | श्री अजय कुमार सिंह | श्री निक्की खत्री | रजिस्ट्री |
| 31 | 564/064 गुरूनानक नगर | श्रीमती विभा श्रीवास्तव | श्री प्रभात श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 32 | 554ख/151 विशेश्वर नगर | श्रीमती मीरा शुक्ला | श्रीमती सुनीता शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 33 | 552/123 चन्दर नगर | श्री हरजीत सिंह | श्री वरूण अग्रवाल | रजिस्ट्री |
| 34 | 551घ/007ए/4 नटखेडा | श्री जसपाल सिंह | श्री बलदेव सचदेवा | रजिस्ट्री |
| 35 | 554ख/181 विशेश्वर नगर | श्री छोटे लाल थारू | श्रीमती अनीता | रजिस्ट्री |
| 36 | 551घ/506 नटखेडा | श्री महादेव प्रसाद | श्रीमती प्रभावती, विनय कुमार भादद्वाज, अयोध्या प्रसाद | पारिवारिक |
| 37 | 551झ/076 बी हरिहर प्रसाद नगर | श्रीमती ममता मिश्रा | श्री विशाल गोस्वामी | रजिस्ट्री |
| 38 | 551छ/054 नया सरदारी खेडा | श्री लालचन्द्र व अन्य | श्री हरीश चावला, रीना चावला, वासुदेव व कवितादेवी | पारिवारिक |
| | | **सरोजनी नगर प्रथम** | | |
| 39 | केएन-3623मिन/1 अमौसी | श्रीमती समरीन सिद्दीकी | श्री सर्वेश पाठक | रजिस्ट्री |
| 40 | कऐन-097मिन/बी-3 गौरी | श्रीमती शीला पाण्डेय | श्री रेनू देवी | रजिस्ट्री |
| 41 | 578/668 गौरी | श्रीमती मेमवती देवी | श्री देवेन्द्र सिंह | दान विलेख |
| | | **सरोजनी नगर द्वितीय** | | |
| 42 | एमएनजी/केएन-998 मिन मानस नगर | श्रीमती ममता बाजपेई | श्री रवि शंकर बाजपेई | पारिवारिक |
| 43 | 582/823 बदाली खेडा | मो0 इरफान | श्री गुलाम रबानी खान | रजिस्ट्री |
| 44 | पीएन-036 मानस नगर | श्री अविनाश केवट व सभापति विन्द | श्री सभापति विन्द, कलावती, प्रवीण कुंवर, उमा अर्पिता मिश्रा व नेहा अर्पिता | पारिवारिक |
| 45 | एसवीसी/124 शमा विहार कालोनी | श्रीमती मिथलेश शर्मा | श्री राजकुमार उर्फ राजकुमार शर्मा | पारिवारिक |
| 46 | वीएल/020 (पीएन-22 विष्णुलोक | श्री रनजीत सिंह विरही | श्रीमती निशा श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 47 | 582/892 बदाली खेडा | श्री राम दयाल | श्री राम नारायण | रजिस्ट्री |
| 48 | 582/5क/003 बदाली खेडा | श्री बनवारी लाल शर्मा | श्री मधुर कुमार | रजिस्ट्री |
| 49 | वीएल/065 विष्णुलोक | श्री मदन किशोर | श्री राज किशोर | दान विलेख |
| 50 | एमएनजी-पीएन-238/1 मानस नगर | श्री विनोद कुमार ओझा | श्रीमती अंजली पाण्डेय व पंकज पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 51 | 582/1380 बदाली खेडा | श्रीमती निधी श्रीवास्तव | श्री मोहम्मद नवाज व इसरज जहॉ | रजिस्ट्री |
| | | **केसरी खेड़ा** | | |
| 52 | 548छ/210 धैधा खेडा | श्रीमती माधुरी सिंह | श्री प्रकाश सिंह | पारिवारिक |
| 53 | 548छ/2019 धैधा खेडा | श्रीमती शैलजा | श्री गिरजा शंकर | पारिवारिक |
| 54 | 548प/095बी बलदेव खेडा | श्रीमती कृष्णावती | श्री दुर्गा प्रसाद | पारिवारिक |
| 55 | 555क/केएवी-एफ2/केएन-1669/3 कनौसी | श्रीमती अंकिता दीक्षित | श्री रूपेश कुमार राय | रजिस्ट्री |
| 56 | 555क/केएवी-एफ2/केएन-1669/3-ए कनौसी | श्रीमती अंकिता दीक्षित | श्री अजीत कुमार | रजिस्ट्री |
| 57 | 548वी/393 विक्रम नगर | श्रीमती शान्ति देवी वर्मा | श्री विजय कुमार वर्मा | दान विलेख |
| 58 | 555क/जी/केएन-1436 कनौसी | श्री राम सिंह | श्री विपीन राजदेव | रजिस्ट्री |
| | | **गीतापल्ली** | | |
| 59 | 568ख/561 (एफएन-102) गीतापल्ली | श्री अरूण सिंह | श्री रविकान्त राधेश्याम शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 60 | 568ख/564 गीतापल्ली | ब्रह्मदत्त दीक्षित | श्रीमती ममता दीक्षित | पारिवारिक |
| 61 | 568ख/186 गीतापल्ली | श्रीमती जानकी भारती | श्री बृजेश भारती व संध्या भारती | दान विलेख |

**जोनल अधिकारी, जोन-5**

# एफसीआई टेंडर के नाम पर चार करोड़ की ठगी, पर्दाफाश

## यूपी एफटीएफ ने गिरोह के सरगना को दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने भारतीय खाद्य निगम से टेण्डर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर चार करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल उर्फ नजाहिर हुसैन को गोमतीनगर के विनीत खंड में स्थित पुलिस मार्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल उर्फ नजाहिर हुसैन नई दिल्ली के पूर्वी कैलाश के 3/69 प्रथम तल का निवासी है। उसके पास से दो मोबाइल फोन और एक घड़ी तथा 1,500 नगद और फर्जी आधार कार्ड व भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का फर्जी पहचान पत्र और बैंक ड्राफ्ट की छायाप्रति तथा निर्वाचन कार्ड नजाहिर हुसैन की छायाप्रति व पैन कार्ड नजाहिर हुसैन और भारतीय खाद्य निगम के टेण्डर से सम्बन्धित फर्ज प्रपत्र बरामद किये।

यूपी एसटीएफ के चीफ अमिताभ यश ने बताया कि आवेदक सैयद रफत मुईन निवासी विरामखण्ड, गोमतीनगर नें एक शिकायती पत्र दिया कि एफसीआई से 140 करोड़ का टेण्डर दिलाने के नाम पर अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल, अभिषेक ठाकुर, विशाल गर्ग, अभिषेक जैन व प्रकाश नें 04 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इस पर इसकी जांच एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह के पर्यवेक्षण में शुरू हुई।

उन्होंने बताया कि जाँच में पता चला कि जनपद लखनऊ में एफसीआई में चावल, ज्वार मक्का आदि उठान का टेण्डर दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल पुलिस मार्डन स्कूल विनीत खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ के पीछे किसी से मिलने आने वाला है। इस पर तत्काल निरीक्षक शिवनेत्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम लगाई गई। टीम नें त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मार्डन स्कूल के पीछे से अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ गये आरोपी का एक संगठित गिरोह है, जो लोगों को ठेका और




टेण्डर दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज के माध्यम से धोखाधड़ी कर ठगी करता है। इस काम में यह लोग अपना सही नाम व पता किसी को नहीं बताते है। इन्होंने दो फर्जी आधार कार्ड बनवा रखा है। जिसमें एक पर इसका नाम अरविन्द चौहान पुत्र बलदेव चौहान निवासी म0नं0 54/ए, विक्टोरिया स्ट्रीटी नक्खास, लखनऊ अंकित है। दूसरे आधार कार्ड पर इसका नाम सागर खण्डेलवाल निवासी आर0जेड0बी0 144, गली नं0 07, गुरूद्वारा रोड महाबीर इन्क्लेव भाग-1, दक्षिण पश्चिम दिल्ली अंकित है। इसी प्रकार भारतीय खाद्य निगम का फर्जी परिचय पत्र भी बनवा रखा है। जिसमें इसका नाम अरविन्द चौहान, पद-सेक्शन आफीसर, पता-क्वाटर नं0 41, सीडब्लूएनजी कैसरबाग लखनऊ अंकित है। इसने रफत मुइम को अपना नाम अरविन्द चौहान उर्फ सागर खण्डेलवाल बताया था। सैयद रफत मुईन व तनवीर जियाउद्दीन खान निवासी खुर्रमनगर लखनऊ से भारतीय खाद्य निगम से उत्तर प्रदेश व हरियाणा राज्य के चावल का लगभग 140 करोड़ रुपये का टेण्डर दिलाने की बात तय हुई थी। इसने रफत मुईम को बताया कि 140 करोड़ के टेण्डर का 10 प्रतिशत 14 करोड़ ईएमडी के रूप में जमा करना पड़ेगा है। 14 करोड़ के ई0एम0डी0 को वेव आफ कराने के लिए 05 करोड़ रुपये में बात तय हुई थी। जिसके बाद गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज दिखाकर उनको विश्वाश में लेकर अलग-अलग तिथियों में लगभग 04 करोड़ रुपये नगद के रूप में ले लिया गया। शेष 01 करो? रूपये लेने के लिए रफत मुईम पर दबाव बना रहा था, कि पैसा जल्दी नहीं देने पर टेण्डर हाथ से निकल जायेगा। सैयद रफत मुईन को टेण्डर दिलाने के नाम पर इसने भारतीय खाद्य निगम के एम-वैल्यू पोर्टल पर उनका रजिस्ट्रेशन हो जाने की बात कहकर सितम्बर-2024 में टेण्डर से सम्बन्धित निदेशक, एफसीआई के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर फर्जी प्रपत्र तैयार कर उनको दिया था। पकड़े गये आरोपी ने दो अलग-अलग बैंकों के फर्जी डिमाण्ड ड्राफ्ट 14,00,21,536 रूपये के जनरल मैनेजर फूड कार्पोरेशन आफ इण्डिया के पक्ष में तनवीर जियाउद्दीन की तरफ से बनवाया था। जब किसी व्यक्ति से ठगी करना होता है, तब यह एफसीआई से सम्बन्धित प्रपत्र (बरामद) पर निदेशक एफसीआई के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उनको दे देता है। इसने वर्ष-2023 में 40 लाख का टेण्डर दिलाने के नाम पर ठगी किया था। जिसको लेकर महाराष्ट के थाना काशीमीरा में मुकदमा दर्ज हुआ। इसमें यह 02 महीने जेल में रहा था।

# चिकनकारी कम्पनियों का फेक पेज बनाकर ठगी, तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर विभिन्न चिकनकारी कम्पनियों का फेक पेज बनाकर

**-यूपी एसटीएफ ने भेजा ठगों को सलाखों के पीछे**

ऑनलाइन ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना सहित तीन सदस्य को कोलकाता पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है।

पकड़े गये मो0 सईद हुसैन उर्फ जीशान व मो0 जाबिर व जैनब जाकिर के पास से तीन मोबाइल फोन और पांच डेबिट व क्रेडिट कार्ड तथा एक पासबुक व आधार कार्ड तथा पैन कार्ड व एक वाईफाई राउटर बरामद किया है।एसटीएफ के मुताबिक मो0 सईद हुसैन होटल मैनेजमेंट कर रहा है। उसकी मौसी का लड़का मो0 जाबिर पूर्व में विप्रो कम्पनी में जाब करता था व बाद में टेकसपोर्ट फ्राड करने वाली कम्पनी में एजेंट के रूप में काम कर चुका है।




जाबिर वर्तमान समय में जाबिर हम्जा गारमेंट नाम से कम्पनी बनाकर आनलाइन कपड़ों का आर्डर लेकर बेचने का काम करता है। जाबिर द्वारा सईद हुसैन व उसकी महिला मित्र जैनब जाकिर को सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर विभिन्न चिकनकारी कम्पनियों के नाम से फेक पेज बनाकर ऑनलाइन ठगी करने का आइडिया दिया गया। इसके बाद सईद हुसैन व जैनब जाकिर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विभिन्न चिकनकारी कम्पनियों के नाम से फेक पेज बनाकर ऑनलाइन ठगी करने का कार्य जनवरी 2025 से किया जा रहा है। जैनब व सईद द्वारा नजाकत चिकन कम्पनी की इंस्टाग्राम से कपडों की फोटो निकालकर जैनब द्वारा बनायी गयी द चिकनकारी नाम की व अन्य 4-5 अन्य इंस्टाग्राम आईडी पर उन फोटो को पोस्ट कर लोगों से आनलाइन आर्डर लिये जाते थे। इसके बाद विभिन्न कम्पनियों की जीएसटी नम्बर व पते का उपयोग कर फर्जी इनवाइस व दस्तावेज पीआईडी आर्ट एप्प के माध्यम से बनाकर आर्डर की इनवाइस व्हाट्सप्प से लोगों को भेज कर विभिन्न यूपीआई व बैंक अकाउंट में लिये गये रुपये ट्रांसफर करा लिया जाता था। जिसमें बैंक खाते मो0 जाबिर व मो0 सईद के साथ साथ पढने वाले रोहित मन्ना द्वारा उपलब्ध कराये जाते थे। उन खातों के एटीएम कार्ड सईद अपने पास रखता था जब बैंक खाते मे रुपये आ जाते थे तब सईद एटीएम के माध्यम से उन रुपयों को कैश में निकालकर गिरोह के सदस्यों को उनके हिस्से के अनुसार बांट देता था। यह गिरोह पूरे भारत में सैकड़ों लोगों से आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी व ठगी कर चुका है। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों का फारेंसिक परीक्षण कराया जोयेगा।

## खबर एक नज़र

### कोतवाल ने टॉप करने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत गोसाईगंज।** गोसाईगंज में इलाके में रहने वाली छात्राओं को यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में टॉप करने पर कोतवाली प्रभारी गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने शनिवार को उन्हें पुष्प गुच्छ भेटकर उन्हें सम्मानित करने के साथ मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया। इंटर मीडिएट की परीक्षा में आख्या गुप्ता निवासी-मातन टोला गोसाईगंज ने आख्या गुप्ता 89.6, करिश्मा रावत निवासी-सदरपुर गोसाईगंज ने 88.6 अंक प्राप्त किये।

### मोबाइल चोरी करने वाले दो चालक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदात करने वाले दो ड्राइवरों को गिरफ्तार किया। शनिवार को पकड़े गए आरोपितों के पास से करीब 12 लाख रुपये कीमत के 79 फोन बरामद हुए। लखनऊ से चोरी हुए फोन को आरोपित नेपाल में बेचते हैं। यह बात पूछताछ में सामने आई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि मड़ियांव पुल रेलवे लाइन के पास से शनिवार सुबह दो संदिग्धों को पकड़ा गया। जिनकी पहचान अमीनाबाद मौलवीगंज निवासी मो. तारिक और बहराइच बाबागंज निवासी विपिन श्रीवास्तव के तौर पर हुई। आरोपितों के पास से करीब 79 मोबाइल हैंडसेट विभिन्न कम्पनियों के मिले। पूछताछ में तारिक ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है, जबकि विपिन श्रीवास्तव टैक्सी ड्राइवर है। दोनों लोग मिल कर मोबाइल चोरी और उसे बेचने का काम करते हैं। तारिक के मुताबिक, अक्सर ई-रिक्शे में बैठे लोगों से वह मोबाइल चोरी की घटना करता है। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले बाजारों में पैदल घूम कर भी वारदात को अंजाम दे चुका है। मोबाइल फोन चोरी करने के बाद वह तत्काल उसे स्विच ऑफ कर सिम निकाल देता है। जब कई मोबाइल इकट्ठा हो जाते है तो बहराइच से विपिन लखनऊ आकर इन्हें ले जाकर नेपाल में बेचता है।

### विदेश भेजने का झांसा दे लाखों की ठगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बीबीडी कोतवाली में युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर पौने तीन लाख की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। गोण्डा छपिया निवासी धर्मेंद्र कुमार चिनहट सेमरा में इम्तियाज अली के मकान में किराए पर रहते थे। उसी मकान में अयोध्या चंद्रमऊ निवासी मो. ताहिर भी किराएदार था। बातचीत में आरोपित ने बताया कि उसके कई परिचित हैं। जो विदेश भिजवाने का काम करते हैं। कोई परिचित हो तो बताना। ताहिर की बात पर विश्वास कर धर्मेंद्र ने बड़े भाई धर्मराज यादव और रिश्तेदार रंजीत यादव को विदेश भिजवाने के लिए कहा था। आरोपित ताहिर ने करीब दो लाख 70 हजार रुपये लिए। जिसके बाद खाड़ी देश भेजने की बात कही। काफी वक्त बीतने के बाद भी वीजा नहीं आया। पूछताछ करने पर ताहिर ने धमकी दी। यह आरोप लगाते हुए धर्मेंद्र कुमार ने शुक्रवार को बीबीडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### यात्री को नशीला पदार्थ दे उड़ाया सामान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दिल्ली कौशांबी के पास से बस में सवार हुए युवक को नशीला पदार्थ देकर ठग उसका कीमती सामान लेकर भाग गए। आलमबाग बस स्टेशन पर युवक को बेसुध हालत में उतारा गया। वहीं, बेटे के साथ हुई घटना का पता चलने पर मां आलमबाग कोतवाली पहुंची। इलाज के लिए बेटे को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मुकदमा दर्ज कराया। चाकलेट में मिला कर दिया जहर पक्का बाग निवासी नूरुस सबाह के मुताबिक चार सितंबर 2024 को बेटा शबीब अहमद दिल्ली गया था। साकेत सिटी स्थित एक स्टोर से शबीब ने आईपैड, मैकबुक और कुछ अन्य सामना खरीदा। छह सितंबर को शबीब लखनऊ लौट रहा था। दिल्ली कौशांबी इलाके से वह साहिबाबाद डिपो की बस में सवार हुआ। शबीब के साथ सीट पर एक अन्य युवक बैठा था। जिसने शबीब को चिप्स और चॉकलेट खाने के लिए दिए। उसके बेसुध होते ही युवक सामान लेकर गायब हो गया। आलमबाग बस स्टेशन पर शबीब को बेहोशी की हालत में नीचे उतारा गया। इस बीच नूरुस सबाह के मोबाइल पर बेटे के नम्बर से मैसेज आया। जिसमें एटीएम पिन बताने की बात लिखी थी। नूरुस को संदेह हुआ। दोबारा कॉल मिलाने पर फोन स्विच ऑफ मिला। वह बेटे को तलाशते हुए आलमबाग स्टेशन पहुंची, जहां शबीब के साथ जहरखुरानी की घटना होने का पता चला। नूरुस के मुताबिक वह बेटे को लेकर अस्पताल गई। इलाज पूरा कराने के बाद आलमबाग थाने में तहरीर दी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। घटनास्थल दूसरे शहर का होने की बात कही गई। करीब आठ महीने से कई थानों के चक्कर लगाने के बाद दो दिन पहले आलमबाग कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

### चंद्रिका देवी मंदिर में बैरियर गिराने से महिला घायल

**स्वतंत्र भारत बीकेटी।** बीकेटी क्षेत्र स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद विसर्जन के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को बैरियर पर रोक दिया गया। इसी बीच अचानक बैरियर गिराने से महिला श्रद्धालु घायल हो गई। उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। मामले की बीकेटी पुलिस से शिकायत हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पिछले महीने भी इसी मंदिर में प्रसाद खरीदने को लेकर विवाद हुआ था। तब दुकानदारों ने ऐसी घटनाएं न होने का आश्वासन दिया था। बाराबंकी के वीरमपुर निवासी अंकुर तिवारी अपने परिवार के साथ कार से मंदिर पहुंचे थे।

# विश्व मंच पर चमकेगी यूपी पुलिस की खेल प्रतिभा

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 के लिए 50 खिलाड़ियों का चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देशन में प्रदेश में उच्च स्तरीय कानून-व्यवस्था कायम करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु न केवल अवस्थापना विकास, बल्कि नीतिगत एवं विधिक स्तर पर भी जो दूरदर्शी और सकारात्मक व्यवस्थाएं लागू की गई हैं, उनके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्टतः परिलक्षित हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस खिलाड़ियों की भर्ती एवं पदोन्नति नियमावली-2021-उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 जैसी जनोन्मुख एवं व्यवहारिक नीतियों की देन है।यह प्रदेश को गौरवान्वित करने का विषय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस टीम की विभिन्न खेल विधाओं यथा एथलीट, क्रासकंट्री, जूडो, स्वीमिंग, ताइक्वांडो, रेसलिंग आदि के 50 खिलाड़ियों को अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा 27 अप्रैल से 6 मई तक बर्मिंघम, (अलबामा, यूएसए) में आयोजित होने वाले वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम 2025 में प्रतिभाग करने हेतु चयनित किया गया है। विदित हो कि भारतवर्ष की समस्त पुलिस इकाईयों में उत्तर प्रदेश पुलिस के सबसे बड़े दल को इस प्रतिष्ठित अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का गौरव प्राप्त हो रहा है। यह प्रदेश के खेल क्षेत्र में हुई नीतिगत प्रगति और नेतृत्व की दूरदृष्टि का स्पष्ट प्रमाण है तथा यह भी प्रमाणित करता है कि हम केवल कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि खेल एवं सांस्कृतिक जगत में भी पथ-प्रदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।आज हमारे खिलाड़ी न केवल अनुशासन, परिश्रम और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का परिचय दे रहे हैं, अपितु अपने जुनून और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से देश और विदेश में भारतवर्ष का भविष्य गढ़ रहे हैं। यह समर्पण और जज्बा निःसंदेह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाश्रोत और खेलोपयोगी विरासत सिद्ध होगा।पुलिस महानिदेशक यूपी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के इन वीर क्रीड़ायोद्धाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुये कहा गया कि ''ये क्रीड़ायोद्धा उत्तर प्रदेश ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष का नाम विश्व मंच पर आलोकित करेंगें''।

# आईएएस परीक्षा नहीं पास होने पर, युवती ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सिलेक्शन नहीं होने पर युवती उसी दिन फंदे से लटक गई। 4 दिन तक लाश सड़ती रही। घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने परिजनों और पुलिस को जानकारी दी। मामला गंगानगर थाना क्षेत्र के ग्रेटर गंगा कॉलोनी का है। घटना के समय परिवार महोबा गया था। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से महोबा जनपद के रहने वाले कांता प्रसाद शुक्ला बीएसएनएल में डीजीएम के पद से सेवानिवृत्त हो चुके है। वह मेरठ जिले में बेटी प्रियंका (40) के साथ ग्रेटर गंगा कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। दोनों बेटे गुड़गांव और पुणे में नौकरी करते हैं। मृतका की अभी शादी नहीं हुई थी। वह आईएएस की तैयारी कर रही थी, पड़ोसियों की मानें 12 अप्रैल को कांता प्रसाद और उनकी पत्नी महोबा चले गए थे। उनकी बेटी प्रियंका घर में अकेली थी। पड़ोसी ने बताया कि प्रियंका को 2-3 दिनों से हम लोगों ने नहीं देखा था। एक पड़ोसी ने नाम नहीं छापने की बात कहते हुए बताया कि देर शाम को सब्जी लेने जा रहा थे तभी कांता प्रसाद के घर के सामने से निकले तो उनके घर से बदबू आ रही थी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो प्रियंका का शव पंखे से लटका हुआ था। वहीं कमरे में पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला जो कि अंग्रेजी में लिखा था। पुलिस को प्रथम दृष्टया लग रहा 22 अप्रैल को ही प्रियंका ने सुसाइड किया और उसने सुसाइड नोट लिखा था उसी दिन सिविल सर्विसेज का रिजल्ट आया था। मृतका ने परीक्षा नहीं पास कर सकी, उसने 4 बार परीक्षा दे चुकी है और तनाव में आकर आत्महत्या कर लिया।

### नाव पलटी, पिता-पुत्र की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** झांसी जिले के एरच थाना क्षेत्र में शनिवार को जन्मदिन में शामिल होने आए कुछ लोग बेतवा नदी में नहाने गए। नहाते समय नियंत्रण गड़बड़ हो जाने के चलते नाव पलट गई। पानी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि नाव में सवार तीन अन्य लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया। शनिवार को दोपहर के समय पुलिस को सूचना मिली थी कि बेतवा नदी के ढिकौली घाट पर 5 लोग नाव पलटने से डूब गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। अथक प्रयासों के बाद तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं पिता राकेश कुशवाहा (40) और अंशुल (18) को बचाया नहीं जा सका।

# डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने सीबीआई और नारकोटिक्स तथा क्राइमब्रांच का अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के दो सदस्यों को राजधानी के थाना गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर स्थित एसआर-इन होटल से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये विरेन्द्र यादव उर्फ सूरज यादव व सुरजीत कुमार पुत्र प्रेमनाथ तिवारी

**-यूपी एसटीएफ ने दो जालसाजों को भेजा सलाखों के पीछे**

के पास से तीन मोबाइल फोन और दो फर्जी आधार कार्ड की छायाप्रति और दो चेक और एक पासबुक और एक बैंक खाते से लिंक सिम कार्ड और व्हाट्सएप्प व के स्क्रीनशाट, जिनमें ठगी में प्रयोग किये गये बैंक खातें की किट और बलेनो कार व 5,250 रूपये नगद बरामद किया।यूपी एसटीएफ के मुताबिक, पकड़े गये आरोपी साइबर फ्राड का काम करने वाले लोगों व गैंगों से विभिन्न ऑनलाइन एप्प के माध्यम से सम्पर्क में रहते है। साइबर फ्राड करने वाले लोग अपनी पहचान छुपाकर लोगों से संपर्क में रहते हैं। वह लोग टेलीग्राम आदि मेसेजिंग एप्प पर ग्रुप बनाते हैं और उसमें लोगों को ऐड करके उन्हें अकाउण्ट देने के बदले कमीशन का ऑफर करते हैं। यह लोग भारतीय नागरिकों को ईडी, सीबीआई आदि का भय दिखाकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट करके फ्रॉड करते हैं। फ्राड के रूपये हम लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गये बैंक खातों में ट्रान्सफर कराते हैं। विभिन्न एप के माध्यम से इन रूपयों को हम लोग अलग अलग खातों में तुरन्त ट्रांसफर करके उनसे अलग-अलग लोगों द्वारा बिजनेस एप्प के जरिए यूसडीटी खरीद कर उसे भेज देते हैं, जिसके एवज में काफी मुनाफा होता है। इसी तरह से यह लोग फ्राड के रूपयों को यूएसटीडी में बदलकर उसे कभी भी कैश करवा सकते हैं और इन लोगों का नाम भी कहीं नहीं आता है। फ्राड करते समय अलग अलग व्यक्तियों से बात करने का काम खरगापुर स्थित एसआर-इन होटल सुरजीत करते हैं। इस काम के लोगों द्वारा अलग अलग लोगों से करेंट एकाउन्ट व कारपोर्ट एकाउन्ट की चेक बुक, इंटरनेट बैंकिग की आई डी. पासवर्ड, बैंक खाते पर रजिस्टर्ड सिम की व्यवस्था करते हैं। बार बार ओटीपी न डालनी पड़े इसके लिए बाईपास एप्लीकेशन का प्रयोग करते हैं। जिससे उनमें अधिक से अधिक रूपये ट्रांसफर किये जा सके। आधार कार्डों की छायाप्रति के बारे में आरोपियों नें बताया कि अपनी पहचान छिपाने के लिए हर जगह अलग-अलग आधार कार्ड का प्रयोग करते हैं। बरामद आधार में एक ही आधार नंबर पर दो अलग अलग नाम व पता अंकित किया गया।

### तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाला धरा गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में पूर्व पार्षद प्रत्याशी घायल हो गया था। बिजनौर के अनूप खेड़ा निवासी राजकुमार यादव के बेटे आकाश के तिलक समारोह में यह घटना हुई थी। आरोपी के पास से .32 बोर का तमंचा, कारतूस और खोखा बरामद हुआ है।बिजनौर में शुक्रवार रात तिलक समारोह में एक युवक असलहे से ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग कर रहा था। मामले में लड़की पक्ष से आए पारा के चुन्नू खेड़ा निवासी बसपा से पूर्व पार्षद प्रत्याशी अमित यादव (26) के गोली लग गई। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया है। अनूप खेड़ा निवासी राजकुमार यादव के बेटे आकाश का शुक्रवार को तिलक था। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि देर रात शादी समारोह में अवैध असलहे से हर्ष फायरिंग करने वाले शत्रोहन सिंह यादव निवासी चुन्नू खेड़ा थाना पारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




**-पूर्व पार्षद के लगी थी गोली**

### डीसीपी ऑफिस में हैं तैनात हेड कॉन्स्टेबल से ठगी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** साइबर ठगों ने डीसीपी साउथ के कार्यालय में तैनात हेड कॉन्स्टेबल से 76हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। ठग ने उन्हें फोन कर क्रेडिट कार्ड में आ रही समस्याओं के बारे में पूछ था। इसी से वह झांसे में आ गया। उसे लगा कि क्रेडिट कार्ड की समस्याओं के लिए बैंक वालों ने ही फोन किया। हेड कॉन्स्टेबल ने तुरंत बताया कि स्टेटमेंट जेनरेट होने में होती है। इस पर साइबर ठग ने उसे ओटीपी भेजकर एक्सिस बैंक के एप पर वेरिफाई करा लिया ओटीपी डालते ही उनके क्रेडिट कार्ड से 76,836 रुपए कट गए। मैसेज आने पर उन्हें साइबर फ्रॉड का पता चला पीड़ित हेड कॉन्स्टेबल ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। हेड कॉन्स्टेबल अवनीश डीसीपी कार्यालय में तैनात है गुरुवार दोपहर की है। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को एक्सिस बैंक का प्रतिनिधि बताया। कॉलर ने क्रेडिट कार्ड से जुड़ी समस्याओं के बारे में पूछताछ की। अवनीश ने बताया कि सिर्फ स्टेटमेंट आने में देरी होती है इसके बाद कॉलर ने उन्हें बातों में उलझाया और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड ऐप में ओटीपी डालने को कहा। ओटीपी डालते ही उनके क्रेडिट कार्ड से 76,836 रुपए कट गए। मैसेज आने पर उन्हें साइबर फ्रॉड का पता चला। पीड़ित ने तुरंत अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया। पीड़ित हेड कॉन्स्टेबल ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई और पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी है।

### राज्यसभा सदस्य के बंगले में चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्यसभा सदस्य और शालीमार कंपनी के प्रमुख संजय सेठ के सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश कुमार सिंह ने गौतम पल्ली थाने में संजय सेठ के घर से 1.5 लाख रुपये और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। शक चार नौकरों पर है, पुलिस उन नौकरों से पूछताछ कर रही है। राज्यसभा सदस्य और शालीमार कंपनी के प्रमुख संजय सेठ के गौतमपल्ली विक्रमादित्य मार्ग स्थित सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश कुमार सिंह ने चोरी की जानकारी दी। विक्रमादित्य मार्ग पर राज्य सभा सदस्य संजय सेठ और शालीमार कार्प लिमिटेड की निदेशक पत्नी लीना का आवास है। इसकी देखरेख सिक्योरिटी अधिकारी राजेश कुमार सिंह करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल की देर शाम लगभग 08:0 बजे पहुंचे तो लीना सेठ ने कहा कि दोपहर 1 बजे दिन आफिस शालीमार टाइटेनियम, शालीमार कार्पोरेशन विभूतिखण्ड गई थीं। रात करीब आठ बजे वह लौटीं तो बेडरूम में रखी अलमारी की दराज से 50 के नोट की गड्डी, सोने व हीरे के जेवरात गायब थे। होली के आसपास भी एक लाख रुपये चोरी हो चुके थे। कुछ देर पहले लौटीं तो कमरे में रखी आलमारी की दराज से 500 के नोटों की एक गड्डी और सोने व हीरे के जेवर गायब थे।

# दबंगों ने युवक को कार से घसीट कर पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गोमतीनगर जैसे पॉश इलाके में शुक्रवार को कार सवार देवर-भाभी

**-बीच बचाव पर पीड़ित की भाभी और भतीजी को भी नहीं बख्शा**

**-गोमतीनगर थाना क्षेत्र का मामला**

मासूम बच्ची के साथ के जारहे थे। इसी दौरान वूमेन पॉवर लाइन (1090) चौराहे पर कार सवार दबंगों ने ओवरटे कर उन्हें रोक लिया और युवक को कार से खींचकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।



बीच चौराहे पर मारपीट से अफरा-तफरी मच गयी। इस पर कार सवार महिला बच्ची समेत बाहर आई और अपने देवर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दबंगों ने उन्हें ने भी गनहीं बख्शा। महिला और बच्ची को भी थप्पड़ मारते हुए किनारे कर दिया। लोगों ने फौरान पुलिस को सूचना दी। पुलिस को आता देख दबंग कार से फर्राटा भरते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष को थाने पहुंचाया और उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद केस दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

चिनहट के मुलायम नगर निवासी राजेश की पत्नी वंदना शुक्रवार को अपने देवर व बेटी के साथ पॉलीटेक्निक चौराहे से 1090 चौराहे की तरफ कार से जा रही थीं। वंदना के मुताबिक, 1090 चौराहे पर पहुंचते ही एक कार संख्या (यूपी 32 क्यू एफ 6303) सवार अभिषेक शर्मा और अश्विनी मित्तल ने उन्हें ओरवटेक कर रोक लिया। वह कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही दोनों कार से उतर कर उनके पास आए और देवर को कार से खींच कर बाहर निकाल लिया और बीच सड़क पर उसे पीटने लगे। सरेराह मारपीट से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। देवर को पिटता देख वह बाहर बच्ची समेत बाहर निकली और देवर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दबंगों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोप है कि दबंगों ने उनके साथ बच्ची को भी कई थप्पड़ जड़ते हुए किनारे कर दिया। पॉश इलाके में सरेराह गुंडई देख लोगों के होश उड़ गए और पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस को आता देख दबंग अपनी कार में सवार हुए और फरार हो गए। मारपीट में वंदना के देवर की आंख समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। पुलिस ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती पड़ताल में दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। बाकी आरोपियों के पकड़े जाने के बाद वजह साफ होगी।

# जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है



- हृदयनारायण दीक्षित

दुनिया अनेक युद्धों की गिरफ्त में है। कहीं युद्ध जारी है और कहीं वैश्विक तनाव के कारण युद्ध की संभावनाएं हैं। भारत में कश्मीर के पहलगाम में हृदय विदारक जिहादी हमला हुआ है। इसे युद्ध कहना ज्यादा उचित होगा। यह स्वतंत्र घटना नहीं है। इसके पहले भी अनेक ऐसे ही हमले हुए हैं। क्या मुंबई के '26/11' के नाम से चर्चित नवंबर 2008 के हमले को केवल आतंकवादी घटना कहा जा सकता है? यह दरअसल अपने ढंग के जिहादी युद्ध का ही रौद्र रूप है। इस्लामिक विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप (इन दि पाथ ऑफ गॉड,पृष्ठ 46) ने कहा था जिहाद एक अंतरराष्ट्रीय धारणा है। यह संसार के इंसानों को दो भागों में बांटती है। एक दारुल हरब, जहां इस्लाम का राज नहीं है। दूसरा दारुल इस्लाम जहां इस्लामी राज्य है। जिहाद इन लोगों के मध्य निरंतर युद्ध की स्थिति है। इस्लामी चिंतन के विद्वान मौलाना मौदूदी कहते हैं, 'दीन की स्थापना के मकसद से हुकूमत पर कब्जा करने के लिए युद्ध की इजाजत है।' (इस्लामिक लॉ एंड कांस्टीट्यूशन, पृष्ठ 177, खुर्शीद अहमद)

दरअसल इस्लामी चिंतन में युद्ध एक अनिवार्य धारणा है। कुरान (2/216) में कहा गया है कि, 'तुम पर युद्ध अनिवार्य किया गया है।' यह भी हिदायत है, 'जो लोग अल्लाह के मार्ग में मारे जाएं, उन्हें मुर्दा न कहो बल्कि वह जिंदा हैं। कुरान (8.74) में कहा गया है,' जो अल्लाह के मार्ग में लड़ेगा, वह मारा जाय या विजयी हो, हम शीघ्र ही उसको बड़ा बदला देंगे। जिहादी युद्ध के लिए अपने जांबाज समर्थक तैयार करने के लिए ऐसी विचारधारा उपयोगी है। लगातार युद्ध की इस्लामी धारणा आतंकवादी समर्थक विचारकों के शोध का नतीजा नहीं है। इस्लामी विद्वानों के तमाम लेख और विचार दुनिया के चिंतनशील लोगों के लिए बेचैनी है। दुनिया को इस्लाम में शामिल करना उनका लक्ष्य है। जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है।


भारतीय दर्शन में सत्य की विजय का आश्वासन है। 'सत्यमेव जयते' की घोषणा मुण्डकोपनिषद में है। मगर जीवन में सत्य की विजय प्रायः नहीं दिखाई पड़ती। संसार में शक्ति की विजय ही दिखाई पड़ती है। इसे भारतीय विचार में 'मत्स्य न्याय' कहा गया है और यूरोप में 'सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट'। छोटी मछली बड़ी मछली खा जाती है। बड़ी मछली को मछुआरे पकड़ लेते हैं। वन में शेर बलवान है। वह वनराज है। छोटे जीवों को बड़े जीव खा जाते हैं। कठोपनिषद में कहा गया है कि आत्मतत्व का ज्ञान बलहीन को नहीं मिलता-नायेनात्मा बलहीन लाभ्यो। संसार कर्म क्षेत्र है। युद्ध क्षेत्र है। धर्म क्षेत्र है। शक्ति की विजय भौतिक अध्ययन के निष्कर्ष हैं। सारी दुनिया के इतिहास में युद्धों के किस्से हैं। पिता शाहजहां को औरंगजेब द्वारा पीने का पानी न उपलब्ध कराने की घटना महत्वपूर्ण है। परिवार में भाई द्वारा भाइयों की हत्या के उदाहरण भी तमाम हैं। क्या युद्ध मानव जाति का स्वभाव है? भारतीय चिंतन में शक्ति का महत्व है। श्रीराम विश्व मानवता के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। स्वाभाविक महानायक हैं। गीता में श्रीकृष्ण श्रेष्ठ विभूतियों का उल्लेख करते हैं। कहते हैं, 'ऋतुओं में बसंत मैं हूं। नदियों में गंगा मैं हूं। वृक्षों में पीपल का वृक्ष मैं हूं। शस्त्रधारियों में शस्त्रधारी श्रीराम मैं




ही हूं।' श्रीराम के अनेक रूप हैं। लेकिन शस्त्रधारी श्रीराम की बात ही दूसरी है। भारतीय देव प्रतीकों में शस्त्रधारियों की संख्या कम नहीं है। परमवीर हनुमान वज्रधारी हैं। परशुराम फरसा धारण करते हैं। ऋग्वेद में रुद्र बिजलियां गिराते हैं। दुर्गा देवी अनेक शस्त्र धारण करती हैं। श्रीकृष्ण सुदर्शन चक्र धारण करते हैं। वैदिक देवता इंद्र शस्त्र धारण करते हैं। भौतिकवादी दृष्टि से गीता का पूरा दर्शन युद्ध भूमि के तनाव की प्रेरणा है। अर्नाल्ड टायनबी ने 'दि स्टडी ऑफ हिस्ट्री' में सभ्यताओं के जन्म की परिस्थितियों का विवेचन किया है। उन परिस्थितियों का भी विवेचन है, जिनमें सभ्यताओं का पतन होता है। डॉ. राधाकृष्णन ने एक भाषण माला (1924) में कहा था कि, 'सभ्यता मनुष्यों द्वारा आसपास की परिस्थितियों के साथ कठिन सम्बंधों में तालमेल बिठाने का परिणाम होती है।' टायनबी ने इस प्रक्रिया को 'चुनौती और प्रतिभावन' के ढंग की प्रक्रिया माना है। बदलती हुई परिस्थितियां समाजों के लिए चुनौती के रूप में सामने आती हैं और उनका सामना करने से ही सभ्यताओं का जन्म और विकास होता है।' अपने आप को परिस्थितियों के अनुकूल ढालने के अनवरत प्रयत्न का नाम जीवन है। जब हम अपने आपको सफलतापूर्वक उनके अनुकूल ढाल लेते हैं, तब हम प्रगति कर रहे होते हैं और जब बर्बरता चुनौती देती है तो युद्ध अनिवार्य हो जाता है। इसी भाषण माला में डॉ0 राधाकृष्णन ने कहा है कि, 'युद्ध अच्छे उद्देश्यों को पूरा करने के साधन है।' यहां कुछ उद्धरण दिए जाते हैं जिनसे यह बात स्पष्ट हो जाएगी। नीत्शे का कथन है, 'जो राष्ट्र दुर्बल और दयनीय होते जा रहे हैं, उनके लिए, युद्ध को औषधि के रूप में सुझाया जा सकता है।' उसने कहा, 'पुरुषों को युद्ध का प्रशिक्षण दिया जाए। बाकी सब बातें बेहूदा हैं।' यदि उद्देश्य अच्छा हो, तो उसके कारण युद्ध तक को भला समझा जा सकता है। अच्छे युद्ध के कारण किसी भी उद्देश्य को भला समझा जा सकता है। गीता में, 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृता-युद्ध का उद्देश्य है।' रस्किन का कथन है, 'महान राष्ट्रों ने अपने विचारों की सत्यता और सफलता को युद्धों में ही पहचाना है। युद्धों द्वारा वे राष्ट्र पनपे और शांति द्वारा नष्ट हो गए।' युद्ध में उनका जन्म हुआ और शांति में वह मर गए। मोल्टेक ने कहा, 'युद्ध परमात्मा के संसार का आंतरिक अंग है, जो मनुष्य के सर्वोत्तम गुणों का विकास करता है। स्थाई शांति केवल एक स्वप्न है और वह भी कोई सुंदर स्वप्न नहीं।' बर्नहार्डी ने घोषणा की युद्ध एक प्राणी शास्त्रीय आवश्यकता है। यह मानव जाति के जीवन में एक अनिवार्य नियामक वस्तु है। युद्ध के अभाव में घटिया और चरित्रहीन जातियां स्वस्थ और सशक्त जातियों पर हावी हो जातीं और परिणामस्वरूप पतन ही होता। युद्ध नैतिकता का एक अनिवार्य उपकरण है। यदि स्थितियों के कारण आवश्यकता हो, तो युद्ध करवाना न केवल उचित है, अपितु राजनीतिज्ञों का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य भी है। ओसवाल्ड स्पैंगलर लिखता है, 'युद्ध उच्चतर मानवीय अस्तित्व का शाश्वत रूप है। राष्ट्रों का अस्तित्व ही केवल युद्ध करने के लिए है।' आर्थर कीथ ने 1931 में ऐबर्डीन विश्वविद्यालय में भाषण देते हुए कहा था, 'प्रकृति अपने मानवीय उद्यान को छंटाई द्वारा स्वस्थ बनाए रखती है। युद्ध उसकी कतरनी है। हम उसकी सेवाओं के बिना काम नहीं चला सकते।' सभी राष्ट्रों में ऐसे व्यक्ति हुए हैं, जिन्होंने युद्ध को शक्ति प्रदान करने वाले के रूप में स्तुति की है। कहा जाता है कि युद्ध से साहस, स्वाभिमान, निष्ठा और वीरता जैसे उच्च गुणों का विकास होता है। लेकिन भारत युद्ध प्रिय देश नहीं है। यह गाँधी, बुद्ध, विवेकानन्द व हेडगेवार का देश है।

हम पर युद्ध थोपा गया है। अब युद्ध का कोई विकल्प नहीं। राष्ट्र मर्माहत है। भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जवाबी कार्रवाई शुरू कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह प्रतिपल सजग व सक्रिय हैं। राजनाथ सिंह सेना की बैठकें कर रहे हैं। विपक्ष ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है। गीता के प्रवचन के अंत में संजय ने कहा, 'यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम। (गीता 18.78)-जहाँ श्रीकृष्ण और धनुर्धर अर्जुन हैं, उसी पक्ष की विजय सुनिश्चित है।''

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

ग्रामीणों का यह छो दल अपनी विपन्नता से बेखबर सन्तोष और धैर्य में मगन चला जा रहा था। ब के लिए नगर की सभी चीजें अनोखी थीं। जिस चीज की ओर ताकते, ताकते है रह जाते। और पीछे से बार-बार हॉर्न की आवाज होने पर भी न चेतते। तो मोटर के नीचे जाते-जाते बचा।

सहसा ईदगाह नजर आया। ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया। नीचे पह फर्श है, जिस पर जाजिम बिछा हुआ है। और रोजेदारों की पंक्तियां एक के ए एक न जाने कहां तक चली गयी हैं, पक्के जगत के नीचे तक, जहां जाजिम नहीं है। नये आने वाले आकर पीछे की कतार में खड़े हो जाते हैं। आगे का नहीं है। यहां कोई धन और पद नहीं देखता। इस्लाम की निगाह में सब बरस हैं। इन ग्रामीणों ने भी वजू किया और पिछ्ली पंक्ति में खड़े हो गये। कितना मुरा संचालन है, कितनी सुन्दर व्यवस्था ! लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक ह हैं, फिर सब-के-सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली में लाखों बत्तियां एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जायें, और यही क्रम चला रहे। कितना अपूर्व दृश्य था, जिसकी सामूहिक क्रियाएं, विस्तार और अनन्त हृदय को श्रद्धा, गर्व और आत्मानन्द से भर देती थीं, मानो भ्रातृत्व का एक मूर इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोये हुए है।

नमाज खत्म हो गयी है। लोग आपस में गले मिल रहे हैं। तब मिठाई और खिलौने की दुकानों पर धावा होता है। ग्रामीणों का यह दल इस विषय में बालों से कम उत्साही नहीं है। यह देखो, हिंडोला है। एक पैसा देकर चढ़ जाओ। कर्म आसमान पर जाते हुए मालूम होंगे, कभी जमीन पर गिरते हुए। यह चीं। लकड़ी के हाथी, घोड़े, ऊंट छड़ों से लटके हुए हैं। एक पैसा देकर बैठ जाओ और पच्चीस चक्करों का मजा लो। महमूद और मोहसिन और नूरे और सम्मी इन घोड़ों और ऊंटों पर बैठते हैं। हामिद दूर खड़ा है। तीन ही पैसे तो उसके पान हैं। अपने कोष का तिहाई जरा-सा चक्कर खाने के लिए नहीं दे सकता।

सब चर्खियों से उतरते हैं। क्रमशः...

# 'मज़हबी उन्माद का घिनौना चेहरा है आतंकवाद'

किसी भी भूभाग पर रहने वाले लोगों का जीवन उस भूभाग पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर ही निर्भर रहता है। इसलिए पृथ्वी का जो भूभाग व्यक्ति के लिए अन्न, जल व



- डॉ. सुधाकर आशावादी

आवास की व्यवस्था करता है। उस भाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना व्यक्ति का प्रथम दायित्व होना चाहिए। विश्व भर में ऐसा ही है जहां राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है । कई देशों का विधान ही ऐसा है, जहां व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत आस्थाओं के अनुपालन में राष्ट्र धारा के प्रतिकूल आचरण करने का दुस्साहस नही कर सकता। विडंबना है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मज़हब के नाम पर लोगों को मनमानी की छूट प्राप्त है, जिस कारण कुछ लोग मज़हबी उन्माद में जीयो और जीने दो के सिद्धांत की अवहेलना करने में पीछे नहीं रहते, जिसके परिणाम स्वरूप देश में धार्मिक उन्माद आतंकवाद जैसी अमानवीय हिंसा को निमंत्रण देता है।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के उपरांत सैलानियों की सुरक्षा और गुप्तचर एजेंसियों की विफलता पर सवाल तो उठेंगे ही, मगर इस आतंकी हमले में समूचे देश में विगत अनेक बरसों से राष्ट्र से पहले मजहब को मानने का प्रचलन भी कम दोषी नहीं है। कौन नहीं जानता कि किसी भी पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में सभी को अपने अपने धार्मिक मूल्यों के आधार पर पूजा पद्धति अपनाने और सांस्कृतिक व परम्परागत उत्सव मनाने का अधिकार है, किन्तु यह अधिकार राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर प्रहार करने तथा राष्ट्य अनुशासन को अस्वीकार करने की स्वतंत्रता प्रदान नहीं करता। किसी भी समृद्ध लोकतंत्र में आम आदमी के लिए दो विधान नहीं हो सकते। भारत का दुर्भाग्य है कि कतिपय राजनीतिक स्वार्थ के चलते कुछ राजनीतिक दलों ने सत्ता बहुमत के आधार पर संविधान में मनमाने संशोधन करके खास धर्म के अनुयायियों को विशेषाधिकार प्रदान किए। अल्पसंयकों में भी भेदभाव किया। अल्पसंख्यकों की गणना हेतु समुचित मानक निर्धारित नहीं किए, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि अल्पसंख्यक होने का अधिकाधिक लाभ केवल एक ही मजहब के अनुयायियों ने अधिक उठाया। सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी संस्थान स्थापित करके करोड़ों रुपये के अनुदान प्राप्त किए। बिना किसी आधार के सरकारी और व्यक्तिगत सम्पत्तियों को वक्फ की संपत्ति घोषित करके समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न की। देश की संसद में भी अपने अनुरूप संविधान में संशोधन कराया तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को भी अपने मजहबी मामलों में दखल घोषित करके नकारा। इतिहास साक्षी है कि विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी दबाव की एक पक्षीय नीतियों को कोई मान्यता नहीं दी जाती। विश्व में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ही व्यवस्था सुचारू रहती हैं। जिन मजहबी रिवायतों को इस्लामिक राष्ट्र भी अपने देश में लागू नहीं करते, उन मजहबी रिवायतों के नाम पर भारत में धरने प्रदर्शन करके राष्ट्र को नकारने में भी संकोच नहीं किया जाता। यह चिंताजनक स्थिति है, जिससे निपटने के लिए एक देश एक कानून और समस्त लोकतान्त्रिक मूल्यों को धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर स्वीकारने पर बल दिया जाना आवश्यक है। भारत जैसे देश में मजहब के नाम पर कट्टरपन और आतंक को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। सो आवश्यक है कि संविधान से अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक जैसे शब्दों की जगह केवल नागरिक शब्द को मान्यता दी जाए। कोई भी मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता, सो समान नागरिक संहिता, कठोर जनसंख्या नीति, नागरिक पंजीकरण की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर हो। राष्ट्र के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु मुफ्त में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं तत्काल प्रभाव से बंद हों।

यदि समय रहते मजहबी उन्माद को नहीं रोका गया, तो वह दिन दूर नहीं, कि जब कट्टरपंथी सिर्फ कश्मीर में ही नहीं, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी धर्म पूछकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने से का दुस्साहस न करें। सो समय से ही यदि आतंकियों पर कठोर कार्यवाही अपेक्षित है।

## ।। चाणक्य नीति ।।

✦✦✦

**धनहीनो न हिनश्च धनिकः सः सुनिश्चयः।**
**विद्यारत्नेन हीनो यः सः हीनः सर्ववस्तुषु ॥**

धनहीन होने पर किसी को निर्धन नहीं कहा जा सकता, वह तो निश्चित रूप से धनिक है। जो व्यक्ति विद्यारत्न से हीन है, वह संसार की सभी वस्तुओं से हीन है, अर्थात् सबसे बड़ा निर्धन है; क्योंकि सच्चा धन तो विद्या है।

✦✦✦

**दृष्टिपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्।**
**शास्त्रपूतं वदेद् वाक्यं मनःपूतं समाचरेत् ॥**

मार्ग में चलने से पहले उसे अपनी आंख से भली प्रकार देख लेना चाहिए, जल को वस्त्र से छानकर पीना चाहिए, शास्त्र द्वारा संशोधित वाणी ही बोलनी चाहिए तथा पवित्र मन से ही दूसरों के साथ व्यवहार करना चाहिए।

✦✦✦

**सुखार्थी चेत् त्यजेद् विद्यां चेत् त्यजेत् सुखम्।**
**सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्॥**

जो व्यक्ति सुख की इच्छा रखता है, उसे विद्या-प्राप्ति की आशा को सहयोगी छोड़ देना चाहिए और यदि वह विद्या प्राप्त करना चाहता है, तो उसे सुख का परित्याग करने के लिए तैयारी करनी चाहिए; क्योंकि सुखार्थी को विद्या और शिष्यों को सुख कभी प्राप्त नहीं हो पाता।

## ।। अमृत कलश ।।

### धर्म का पाखंड क्यों?

एक ब्राह्मण धर्म-कर्म में निमग्न रहता था। उसने जीवनभर पूजा-पाठ किए बिना कभी भी अन्न ग्रहण नहीं किया था। जब वृद्धावस्था आई तो वह बीमार पड़ गया और अपना अंत समय निकट जानकर विचार करने लगा, काश! प्राण निकलने से पूर्व मुझे गंगाजल की एक बूंद मिल जाती तो मेरे पापों का नाश हो जाता और मुझे मुक्ति मिल जाती।

तभी कबीरदास घूमते-घामते उस ब्राह्मण के घर पहुंचे और उसकी कुशल-क्षेम पूछकर कुछ सेवा करने की अभिलाषा व्यक्त की। उस ब्राह्मण ने कहा, बेटा, मैं सेवा करवाने का इच्छुक तो नहीं हूं लेकिन तुम्हारी सेवा भावना है तो मुझे एक लोटा गंगाजल लाकर दे दो। मैं मरने से पूर्व गंगाजल का सेवन कर पापों से मुक्ति चाहता हूं। कबीरदास गंगा किनारे गए और अपने ही लोटे में गंगाजल ले आए। ब्राह्मण ने जब देखा कि कबीरदास अपने लोटे में ही गंगाजल लाए हैं तो वह बोला, तुम्हें अपने लोटे में गंगाजल लाने के लिए किसने कहा था। जुलाहे के लोटे से गंगाजल ग्रहण कर मैं पापों से कैसे मुक्त हो सकूंगा। इससे तो मेरा धर्म भी भ्रष्ट हो जाएगा। कबीरदास बोले, हे ब्राह्मण देवता! जब गंगाजल में इतनी ही शक्ति नहीं है कि वह जुलाहे के लोटे को पवित्र कर सके, तब आपको उस जल से कैसे मुक्ति मिल पाएगी? कबीरदास का प्रश्न सुनकर वह ब्राह्मण निरुत्तर हो गया और निर्निमेष उनकी ओर ही देखने लगा।

## काँव-काँव

✦✦✦

**भारत छोड़ो आंदोलन में बहुगुणा रहे आगे-योगी**
हिंदू महासभा के नेता अंग्रेजों के साथ थे!

**ब्रिटेन अमेरिका के इशारे पर पाले आतंकी-पाक**
मतलब मासूमियत की भी एक हद होती है!

**राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ-राहुल**
हमारी यही बात दुश्मनों को अच्छी नहीं लगती!

**पाकिस्तानियों को तलाश कर वापस भेजें-शाह**
घाटी में घुसे सैकड़ों आतंकियों का पता नहीं!

**मौजूदा संघर्ष धर्म और अधर्म के बीच-भागवत**
पूरी भागवत कथा इसी कथानक पर टिकी है!

**यूपी बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने किया कमाल**
लड़कों के पास पढ़ाई से ज्यादा जरूरी काम!

**भारत-पाक तनाव से सेंसेक्स धड़ाम**
करे कोई, भरे कोई!

**रेलवे और कश्मीरी पंडित निशाने पर**
कश्मीर की यही दो नाजुक नब्ज हैं!

✦✦✦

# ...तो पर्दे के पीछे से 'खेला' कर रहा है चीन

भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने की भूमिका वर्षों पहले शुरू कर दी गई थी। फिर यह बात जब तय हो गई कि अब बंटवारा होकर ही रहेगा, तो प्रश्न यह उठने लगा कि इसका आधार क्या होगा? तब एक चुनाव हुआ जिसमें बढ़-चढ़कर हिंदू और मुसलमानों ने भाग लिया। निश्चय हुआ कि इस चुनाव में जिस तरफ जिसका बहुमत साबित होगा, उसी के अनुसार दो देश होंगे। एक तो हिंदुस्तान ही रहेगा, नए



- निशिकांत ठाकुर

देश का नाम पाकिस्तान होगा। चूंकि संयुक्त पंजाब के आधे भाग के साथ पूर्वी बंगाल में भी मुस्लिम लीग को बहुमत मिला था, लेकिन इसके बावजूद कहा गया कि जिन्हें जिन्हें पाकिस्तान जाना हो, वे उधर जा सकते हैं और जिन्हें भारत की धरती प्यारी है, वह भारत में रह सकते हैं। इस अदला-बदली में काफी खून-खराबा हुआ और पाकिस्तान तथा पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण हुआ। भारत दो खंडों में बंट गया। भारत हिंदू बहुल, तो पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान मुस्लिम बहुल देश बन गए। जिनके लिए भारत की जमीन प्यारी थी, वह हिंदुस्तान को अपने पूर्वजों की धरती मानकर किसी बहकावे में न आकर भारत में ही रहकर अपनी उदारता का परिचय दिया। इसी प्रकार जो हिंदू मुस्लिम पाकिस्तान की मिट्टी को अपनी जमीन मानते थे, वे पाकिस्तान-पूर्वी पाकिस्तान के हो गए। भारत के बंटवारे का लगभग यही इतिहास है, लेकिन इसे आज इसे कई नजरिये से देखा जाता है। उस पर बाद में कभी बात होगी।

अंग्रेजों ने अपनी नीति इस तरह बनाई थी कि हिंदू और मुस्लिम कभी साथ न मिल सकें। वे रेल की पटरियों की तरह चलें तो साथ-साथ, लेकिन कहीं मिल न पाएं। इसलिए दोनों समूहों के बीच दंगे-फसाद होते रहे और अंग्रेज इसका लाभ उठाते रहे। पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान का भारत से अलग होने के कई कारणों में एक यह भी कारण रहा, जिसका बेजा लाभ अंग्रेज उठाते रहे और भारत-पाकिस्तान बनाकर अपने देश लौटकर चले गए। जो मुस्लिम पाकिस्तान चले गए, वे आज भी वहां उपेक्षित हैं और मुज़ाहिर कहलाते हैं। फिर समय-समय पर होने वाले दंगे में अपने पछतावे पर आंसू बहाते रहते हैं और अल्पसंख्यक होने के कारण अपनी इज्जत भी गंवाते रहते हैं। वर्ष 1971 में भारत के विशेष सहयोग से पूर्वी पाकिस्तान कटकर बांग्ला देश बना, लेकिन कुछ समय तक तो बांग्ला देश भारत का ऋणी रहकर भारत के लिए समर्पित रहा, लेकिन वह केवल दिखावा था। आज वहां हिन्दू उपेक्षित हैं। भारत से ही अपनी खुन्नस उतारकर बांग्ला देश समय-समय पर आंखें दिखाता रहता है। वैसे भारत में यदि कुछ होता है, तो वह उसका निजी मामला है और यदि बांग्ला देश में दंगे या कोई अत्याचार अल्पसंख्यकों पर होता है, तो यह उसका भी निजी आंतरिक मामला है। लेकिन, जब किसी समुदाय विशेष पर अत्याचार होता है, तो फिर वह किसी देश का निजी मामला नहीं हो सकता है। लेकिन, आज बांग्ला देश ही नहीं, जहां भी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां जब जानबूझकर अल्पसंख्यक के नाम पर उन्हें सताया जाने लगता है, वह अंतर्राष्ट्रीय मामला हो जाता है। भारत के मामले में चाहे पाकिस्तान ही क्यों ना हो, वहां के हिंदू भी अत्याचार के शिकार होने



लगे हैं। आज तो स्थिति यह है कि भारत की आंतरिक घटनाओं पर भी बांग्ला देश सलाह देने लगा है। बताते चलें कि भारत द्वारा जब सीमा पर तार लगाने की बात आई थी, तब भी ढाका में बांग्ला देश के अधिकारियों ने भारतीय अधिकारी को आँखें तरेर करके चेतावनी दी थी। उसके बाद तो ऐसा लगातार होने लगा, जब बांग्ला देश भारत के आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करने लगा और भारतीय अधिकारियों को ज्ञान देने लगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान का तो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना मानो जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी क्रम में देखें तो पिछले दिनों जब भारतीय संसद ने वक्फ संशोधन कानून संसद में पेश किया, तो उस पर भी उसने टिप्पणी की थी। फिर बांग्ला देश क्यों पीछे रहता! वह भी भारत के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों को लेकर हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है और आपत्तिजनक बयान दिया है, जिसे भारत ने खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने ढाका में कहा भारत बांग्ला देश की टिप्पणी को खारिज करता है। जायसवाल ने कहा कि बांग्ला देश अपने यहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान दे, न कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करे।

बांग्ला देश का जन्म ही 1971 में भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के साथ हुआ था, क्योंकि वहां पाकिस्तानी शासकों और सैनिकों द्वारा हिंसक कार्य किया जा रहा था। लेकिन, बांग्ला देश के तत्कालीन नेता मुजीबुर्र रहमान की याचना पर जनरल मानिक शाह को इस अभियान के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कार्यभार सौंपा, और जनरल मानिक शाह ने वह कर दिखाया जो विश्व पटल पर इतिहास बन गया। जनरल मानिक शाह के निर्देशन में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को उनके ही देश में घेरकर समर्पण करने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण विश्व के नक्शे पर बांग्ला देश स्थापित हो सका। लेकिन, हद तो तब हो गई जब बांग्ला देश के सैनिकों ने सरकार का तख्ता पलटने के लिए एक साजिश के तहत मुजीबुर्र रहमान सहित उनके पूरे परिवार को गोलियों से भून दिया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद तीन साल तक मुजीबुर रहमान बांग्ला देश के प्रधानमंत्री के रूप में सरकार का नेतृत्व किया था।

अब आज की स्थिति को फिर से देखते हैं। पाकिस्तान का भारत के प्रति हिंसक रूप तो शुरू से ही रहा है, लेकिन 1971 में पूर्वी पाकिस्तान बांग्ला देश के निर्माण को लेकर वह भारत को आरोपित करता रहा और भारत को इसका साजिशकर्ता बताता रहा। अब भारत बांग्ला देश के साथ सदैव सदाशयता दिखाता रहा तथा हर मामले में उसकी मदद करता रहा, लेकिन यह इस देश का दुर्भाग्य रहा है कि जिस जिसने लोकतंत्र की बहाली के लिए पाकिस्तान की मदद की, उन सभी से इसने दुश्मनी मोल ली और अब तो भारत से भी पंगा लेने से बाज नहीं आ रहा है। भारत की मीडिया में जो बात अब तक सामने आई है, उसमें यह कहा गया है कि बांग्ला देश उस समय से भारत के खिलाफ उग्र धारण कर चुका है, जब से भारत ने उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने यहां शरण दिया है। भारत का प्रयास तो सदैव यही रहा है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ मित्रता का व्यवहार करे, जिसका पालन वह करता भी है, लेकिन किसी विदेशी और विशेष रूप से चीन की आक्रामक नीति के कारण वह कमजोर होता जा रहा है। ऐसा किन कारणों से हो रहा है, निश्चित रूप से इसकी जांच होनी चाहिए और इसका पता लगाया जाना चाहिए कि भारत के प्रति इस प्रकार आक्रामक नीति अपनाकर चीन हमें क्यों घेर रहा है? श्रीलंका, बांग्ला देश, नेपाल... जिसके भी साथ हमारा पुराना और मैत्रीपूर्ण संबंध रहा है, वे आज हमसे दूर क्यों होते जा रहे हैं और हमें ही लाल आंखें क्यों दिखा रहे हैं! निश्चित रूप से पाकिस्तान और चीन के पीछे खड़े होकर वह भारत के प्रति अनर्गल प्रलाप कर रहा है और हमारे आंतरिक मामलों में बार बार हस्तक्षेप कर रहा है। जब तक किसी को दूसरे की शक्ति का आभास नहीं होता, कोई अपने से बड़े ताकतवर से नहीं टकरा सकता। बांग्ला देश, श्रीलंका, पाकिस्तान और नेपाल आखिर किसके बल पर भारत जैसे मजबूत और शक्तिशाली देश से टकराने की हिम्मत कर रहा है? यह बड़ा ही गंभीर अंतर्राष्ट्रीय मामला है।


# ऐसे बनाएं आंगन खूबसूरत और आकर्षक



घर का आंगन घर का वो हिस्सा होता है, जो न केवल घर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि वह घरवालों को ताजगी और शांति का अहसास भी कराता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका आंगन खूबसूरत और आकर्षक दिखे, तो कुछ खास चीजों को अपनाकर आप इसे सजाने का काम कर सकते हैं। आइए जानते हैं, घर के आंगन को खूबसूरत लुक देने के लिए कौन-कौन सी चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**फूलों की बगिया**

फूलों की रंग-बिरंगी बगिया आपके आंगन को सजीव और आकर्षक बना सकती है। आप गमले में फूलों के पौधे लगा सकते हैं या फिर एक छोटे से गार्डन का निर्माण कर सकते हैं। कुछ अच्छे फूल जो आंगन में लगाए जा सकते हैं जैसे गुलाब, चमेली, सूरजमुखी, बोगनविलिया, सूर्यमुखी। इन फूलों से न केवल आंगन में रंग-बिरंगे फूल खिलेंगे, बल्कि खुशबू भी महकेगी।



**आर्टिफिशियल लाइटिंग**

आंगन की रात की सुंदरता को बढ़ाने के लिए सही प्रकार की लाइटिंग का इस्तेमाल करें। आप स्टाइलिश लैम्प्स, Fairy Lights, या फिर लैंप पोस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इनसे आंगन में एक सुकून भरी और रोमांटिक वातावरण बनेगा।

**हैंगिंग प्लांट्स**

आंगन में जगह बचाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करें। इन्हें दीवारों या छत से लटका सकते हैं। इनसे आंगन में एक जीवंत वातावरण बनेगा और आंगन और भी हरा-भरा दिखेगा।

**टाइल्स और पत्थर**

आंगन की जमीन को सुंदर बनाने के लिए आप रंगीन टाइल्स या पत्थरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के पैटर्न से आंगन की जमीन को सजा सकते हैं, जिससे वह और भी आकर्षक नजर आएगा।

**कुर्सियां और बेंच**

आंगन में आराम से बैठने के लिए कुछ सुंदर कुर्सियां या बेंच रखें। आप लकड़ी की या धातु की बेंच का चुनाव कर सकते हैं, जो आंगन की सुंदरता को बढ़ाएंगी। इन पर तकिए और कुशन भी रखें, जिससे बैठने का अनुभव और भी आरामदायक बने।

**घरेलू सामान से क्रिएटिव सजावट**

आप घर के पुराने सामान का उपयोग करके भी आंगन को सजाने के आइडिया ट्राई कर सकते हैं। जैसे पुराने बूटों में पौधे लगाना, लकड़ी की पेटियों से छोटी सी कुर्सी बनाना, या फिर पुराने टिन के बर्तन को गमले में बदलना।

**आंगन में घास और लॉन**

अगर आपके पास जगह है, तो आंगन में हरी-भरी घास या लॉन बनवाना एक बेहतरीन आइडिया है। हरी घास आपके आंगन को ताजगी और एक शांतिपूर्ण लुक देती है। आप इसमें कुछ छोटे पौधे या पेड़ भी लगा सकते हैं।

घर के आंगन को खूबसूरत बनाने के लिए जरूरी नहीं कि बड़ी-बड़ी सजावट ही करें। कुछ छोटी-छोटी चीजें जैसे रंग-बिरंगे फूल, सजावटी सामान, और आरामदायक बैठने की जगह आपके आंगन को आकर्षक और खूबसूरत बना सकती हैं।

# गूगल क्रोम से भी कई गुना तेज काम करता है ये ब्राउजर





कभी आपने वो मजाक सुना है? ब्राउजर का काम बस इतना है कि उसमें जाकर क्रोम डाउनलोड किया जाए। इंटरनेट एक्सप्लोरर के कम यूज के चलते उस समय इसका काफी मजाक बनाया जाता था। खासकर उन दिनों में जब इंटरनेट एक्सप्लोरर मजबूरी का नाम था। लेकिन वक्त बदल गया है और अब इंटरनेट एक्सप्लोरर की जगह Microsoft Edge ने ले ली है। हालांकि, अब यह उस मजाक का हिस्सा नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी की दुनिया में एक मजबूत दावेदार बन चुका है।

**क्रोम से भी आगे निकलता एज**

माइक्रोसॉफ्ट का एज ब्राउजर को साल 2015 में लॉन्च किया गया था और तब से लेकर आजतक इसमें कई सुधार किए गए है। अब इसकी परफॉर्मेंस काबिल-ए-तारीफ है। कई मामलों में ये गूगल के पॉपुलर क्रोम ब्राउजर से भी आगे निकल गया है। टेस्टिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे BrowserBench बताते हैं कि एज की स्पीड क्रोम के मुकाबले कहीं ज्यादा है। कंपनी के अनुसार, यह क्रोम से करीब 112% तेज है।

**कम रैम करता है कंज्यूम**

पर बात यहीं खत्म नहीं होती। जो लोग ब्राउजर में एक साथ कई टैब्स खोल कर काम करते हैं, उनके लिए एज एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। 60 टैब्स खोलने पर जहां क्रोम लगभग 3.7 GB रैम खींचता है, वहीं, एज महज 2.9 GB में ही बेहतर परफॉर्मेंस देता है। ऐसे में कम रैम वाले लैपटॉप यूज़र्स के लिए एज एक बेहतरीन ऑप्शन बन जाता है।

**माइक्रोसॉफ्ट से इंटीग्रेशन बनाता है इसे खास**

एज की खासियत सिर्फ उसकी स्पीड या मेमोरी मैनेजमेंट नहीं है, बल्कि उसका माइक्रोसॉफ्ट एप्स के साथ सहज जुड़ाव भी इसे बाकी ब्राउजरों से अलग बनाता है। आउटलुक, आफिस 365 और वन ड्राइव जैसे टूल्स का बेहतर अनुभव एज में ही मिलता है, जो खासतौर पर वर्कफ्रॉमहोम और ऑफिस यूज़र्स के लिए फायदेमंद है।

**क्रोमियम पर है बेस्ड**


क्योंकि एज भी क्रोमियम बेस्ड है, आप क्रोम की लगभग सभी एक्सटेंशंस इसमें भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें वर्टिकल टैब्स, साइडबार शॉर्टकट्स, डेडिकेटेड रीडिंग मोड और इनबिल्ट पीडीएफ एडिटर जैसे एक्स्ट्रा टूल्स भी दिए गए हैं जो कोम में मौजूद नहीं हैं।

**एज क्यों नहीं हो पाया लोकप्रिय?**

इतनी सारी खूबियों के बावजूद एज की मार्केट हिस्सेदारी आज भी 5त्न से नीचे है, जबकि क्रोम 60% से ज्यादा यूज़र्स के दिलों में राज करता है। इसके पीछे सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि माइंडसेट का रोल है। इंटरनेट एक्सप्लोरर की जो स्लो होने की छवि बनी थी, उसने लोगों के मन में माइक्रोसॉफ्ट ब्राउजर्स के प्रति एक नेगेटिव इमेज बैठा दी। यही वजह है कि जब 2015 में एज लॉन्च हुआ, तो लोगों ने उसे पुराने IE का नया वर्जन मान लिया, भले ही वो पूरी तरह से नया प्लेटफॉर्म था।

## रेसिपी

# घर पर बनाएं ढाबा स्टाइल पंजाबी 'लस्सी'



गर्मियों में ठंडक का सबसे मज़ेदार और स्वादिष्ट उपाय है एक बड़ी सी गिलास में ठंडी-ठंडी पंजाबी लस्सी! खासतौर पर जब बात हो ढाबा स्टाइल लस्सी की, तो उसका स्वाद और भी खास होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप घर पर ही बिल्कुल ढाबा जैसी गाढ़ी, मलाईदार और स्वादिष्ट लस्सी मिनटों में बना सकते हैं।

**सामग्री**

**ताज़ा दही-2 कप**
**ठंडा पानी या दूध-1 कप (स्वाद अनुसार)**
**चीनी-3-4 बड़े चम्मच (स्वाद के अनुसार)**
**बर्फ के टुकड़े-5-6**
**हरी इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच**
**गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच (ऑप्शनल)**
**केसर कुछ रेशे (ऑप्शनल)**
**सजावट के लिए मलाई-1-2 बड़े चम्मच**
**कटे हुए ड्राई फ्रूटस-(बादाम, पिस्ता - ऑप्शनल)**

**ढाबा स्टाइल लस्सी बनाने की विधि**

1. सबसे पहले ताज़ा और ठंडा दही लें। उसे एक बड़े बर्तन या मिक्सर में डालें और अच्छे से फेंट लें, ताकि वह एकदम क्रीमी हो जाए।
2. फेंटे हुए दही में चीनी और इलायची पाउडर डालें। आप चाहें तो थोड़ा सा गुलाब जल और केसर भी डाल सकते हैं जिससे लस्सी में खास ढाबा जैसा फ्लेवर आए।
3.अब इसमें बर्फ के टुकड़े और ठंडा पानी या दूध डालें। ध्यान रखें कि पानी या दूध की मात्रा आप अपनी पसंद के अनुसार रखें – लस्सी अगर गाढ़ी चाहिए तो कम डालें, और पतली चाहिए तो थोड़ा ज़्यादा।
4. अब इन सब चीज़ों को मिक्सर में 1-2 मिनट चला लें या मथनी से अच्छे से मथ लें। जब लस्सी झागदार और क्रीमी हो जाए, तब समझ लीजिए तैयार है।
5. अब तैयार लस्सी को एक बड़े ग्लास में डालें। ऊपर से 1 चम्मच मलाई डालें कुछ कटे हुए बादाम और पिस्ता से सजाएं। बस! तैयार है आपकी ठंडी-ठंडी, झागदार, मलाईदार ढाबा स्टाइल पंजाबी लस्सी।

अब आपको ढाबे तक जाने की जरूरत नहीं, इस आसान रेसिपी को अपनाकर आप घर पर ही बना सकते हैं एकदम देसी स्टाइल पंजाबी लस्सी।

# इन देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं भारतीय



इन विदेशी गंतव्यों में से कहीं भारतीय 14 दिन तक बिना वीजा के रह सकते हैं तो कुछ देशों में 90 या 120 दिनों तक भी ठहर सकते हैं

**भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा यात्रा की अनुमति देने वाले देश**

भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए कई देश बिना वीज़ा के यात्रा की सुविधा प्रदान करते हैं।

1. **भूटान**- भूटान भारतीय नागरिकों को वीजा मुक्त यात्रा की सुविधा देता है लेकिन प्रवेश के लिए आपको प्रवेश परमिट की आवश्यकता होती है, जिसे आप आगमन पर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।
2. **नेपाल**- भारतीय यात्रियों को नेपाल में प्रवेश के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं है। वह अपने पहचान पत्र को दिखाकर नेपाल यात्रा कर सकते हैं। उनके घूमने की कोई समयसीमा या अवधि भी नहीं है। वह जब तक चाहें नेपाल में रह सकते हैं।
3. **मॉरीशस**- मॉरीशस में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं। पर्यटक 90 दिनों तक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि व्यवसाय या दीर्घकालीन प्रवास के लिए वीजा की जरूरत होती है।
4. **मालदीव**- मालदीव भारतीय नागरिकों को 60 दिनों तक वीजा मुफ्त यात्रा की सुविधा देता है। यहां यात्रियों को पहले से वीजा लेने की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि आगमन के बाद इसे प्राप्त कर सकते हैं।
5. **सेशेल्स**- सेशेल्स भारतीय नागरिकों के लिए वीजा मुक्त है। यहां यात्रा से पहले वीजा लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आगमन पर एक विजिटर परमिट मिलेगा जो आपको तीन महीने यानी 90 दिनों तक रहने की अनुमति देगा।
6. **फिजी** – चार महीने यानी 120 दिनों तक आप फिजी में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि इससे अधिक समय तक फिजी में रहना हो तो उचित वीजा प्राप्त करना होगा।
7. **डोमिनिका** – भारतीय नागरिक डोमिनिका में बिना वीजा के 6 महीने तक रह सकते हैं। ये सुविधा पर्यटन, यात्रा या व्यवसाय के लिए जा रहे भारतीय नागरिकों को मिलती है।
8. **ग्रेनेडा**- भारतीय पासपोर्ट धारकों को ग्रेनेडा में प्रवेश करने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं होती है। 90 दिनों तक आप बिना वीज़ा के ग्रेनेडा में रह सकते हैं।
9. **बारबाडोस**- भारतीय नागरिक बिना वीज़ा के बारबाडोस की यात्रा कर सकते हैं। वे 90 दिनों तक बिना वीज़ा के बारबाडोस में रह सकते हैं।
10. **थाईलैंड**- थाईलैंड अब भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा के यात्रा की सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा पर्यटकों को 60 दिनों तक बिना वीजा के थाईलैंड में रहने की अनुमति देती है और जरूरत पड़ने पर इमिग्रेशन ऑफिस में 30 दिनों तक का विस्तार भी संभव है

# प्यार तो है लेकिन कमिटमेंट नहीं चाहता साथी, क्या है डेटिंग के आधुनिक नाम



आधुनिक दौर में रिश्तों की परिभाषा बदलने लगी है। युवा पीढ़ी के बीच डेटिंग अब पहले जैसी नहीं रही। इस दौर में प्यार, कमिटमेंट और रिश्ते के बीच एक नई भाषा और कई नए ट्रेंड सामने आए हैं, जो डेटिंग के आधुनिक टर्म के तौर पर प्रसिद्ध हो रहे हैं। अगर आप या आपके करीबी डेटिंग की दुनिया में हैं, तो इन टर्म्स को जानना बेहद जरूरी है ताकि रिश्तों को बेहतर समझा और संभाला जा सके।

**सिचुएशनशिप**

ये वो रिश्ता होता है जिसमें दो लोग एक-दूसरे के साथ होते हैं, लेकिन उनके रिश्ते की कोई ठोस परिभाषा नहीं होती। प्यार है, साथ है, लेकिन कोई कमिटमेंट नहीं। यह दोस्ती और रिलेशनशिप के बीच का एक कन्फ्यूजन वाला स्टेज होता है। जैसे, 'हम साथ रहते हैं, बातें करते हैं, लेकिन हमने कभी रिलेशनशिप की बात नहीं की।'

**कैज़ुअल डेटिंग**

इसमें लोग एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, डेट पर जाते हैं, लेकिन बिना किसी गंभीर भविष्य की उम्मीद के। ये सिर्फ वर्तमान का आनंद लेने वाला रिश्ता होता है।

**बेनचिंग**

जब कोई व्यक्ति किसी को पूरी तरह रिजेक्ट नहीं करता, लेकिन एक साइड लाइन पर रखकर, जरूरत पड़ने पर ध्यान देता है तो उसे 'बेंचिंग' कहते हैं। जैसे, खेल में खिलाड़ी को बेंच पर बैठाया जाता है।

**फ्लीटिंग**

जब कोई सिर्फ टाइम पास के लिए किसी के साथ रिलेशनशिप में आता है, तो इस स्थिति को फ्लीटिंग कहा जाता है।

**गॉस्टिंग**

जब कोई इंसान अचानक बिना कुछ बताए गायब हो जाए। उससे फोन, मैसेज सब पर बात बंद हो जाए,तो ये गॉस्टिंग कहलाता है। यह काफी आम हो गया है और बहुत से लोग इस व्यवहार से भावनात्मक रूप से आहत होते हैं।

**ज़ॉम्बिइंग**

अगर कोई व्यक्ति, जिसने आपको पहले घोस्ट कर दिया था, अचानक महीनों या सालों बाद वापस आकर मैसेज या कॉल करने लगे, तो इसे ज़ॉम्बिइंग कहा जाता है।

**पॉकेटिंग**

जब कोई व्यक्ति अपने पार्टनर को अपने परिवार या दोस्तों से छुपाकर रखता है और कभी अपने सोशल सर्कल में इंट्रोड्यूस नहीं करता, तो इसे पॉकेटिंग कहते हैं। यह रिलेशनशिप में कमिटमेंट की कमी दिखाता है।

**कर्फ़्यूइंग**

जब आपका पार्टनर आपको एक तय समय के बाद रिप्लाई करना बंद कर देता है और हर दिन एक ही पैटर्न फॉलो करता है, तो इसे कर्फ़्यूइंग कहते हैं।

**ऑर्बिटिंग**

ब्रेकअप के बाद अगर एक्स-पार्टनर सोशल मीडिया पर आपसे जुड़ा रहता है, तो इसे ऑर्बिटिंग कहते हैं। ऐसे में व्यक्ति अपने एक्स के जीवन की अपडेट सोशल मीडिया से लेता रहता है, लेकिन कभी बातचीत नहीं करता।

**फोमो डेटिंग**

इसमें लोग सिर्फ इसलिए डेटिंग करते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि वो कुछ मिस कर रहे हैं। यह असली भावनाओं से ज्यादा ट्रेंड और दबाव से प्रेरित होता है।


# क्या खाने से आती है अंडे-चिकन जैसी ताकत

अगर आप शाकाहारी हैं और नॉनवेज नहीं खाते, तो क्या आपके लिए ताकत और ऊर्जा की कमी हो सकती है? यह सवाल कई लोगों के मन में होता है, लेकिन आज हम आपको बताएंगे एक घरेलू उपाय के बारे में जो आपके शरीर को भरपूर ताकत और ऊर्जा देगा। यह चमत्कारी चीज़ आपकी रोज़ की डाइट का हिस्सा बनकर आपके मसल्स को भी मजबूत करेगी और पाचन को दुरुस्त रखेगी। जानिए वह खास चीज़ क्या है!

**शरीर को ताकत देने वाला है जीरा**

जीरा सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन बी12, आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। विशेषकर वो लोग जो नॉनवेज नहीं खाते, उनके लिए जीरा एक शाकाहारी सुपरफूड बन सकता है। इससे मिलने वाला विटामिन बी12 शरीर की थकान, कमजोरी और ध्यान की कमी जैसी समस्याओं को दूर करता है।

# चिंता दूर भगाने के लिए रोजाना करें इन योगासनों का अभ्यास





जब व्यक्ति किसी चुनौती या दबाव का सामना करता है तो उसके मस्तिष्क में जो प्रतिक्रिया होती है, वह तनाव होता है। तनाव शरीर और मन की एक प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें खतरे या दबाव से निपटने में मदद करती है। हालांकि जब लंबे समय तक यह प्रतिक्रिया आपके मन मस्तिष्क में रहती है तो यह अवस्था स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। तनाव के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिस में सिरदर्द, पेट दर्द, थकान, नींद की समस्या आम बात है। वहीं चिंता, डर, गुस्सा और अवसाद इसका भावनात्मक लक्षण है। तनावग्रस्त व्यक्ति में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी होती है और उसमें काम करने की इच्छा नहीं होती। तनाव से छुटकारा पाने के लिए योग और ध्यान असरदार प्राकृतिक उपाय हैं।

**त्रिकोणासन**

त्रिकोणासन के अभ्यास से शरीर संतुलित रहता है। ये आसन तनाव को कम करने में मदद करता है। इसके अभ्यास के दौरान शरीर के विभिन्न हिस्सों में खिंचाव आता है, जिससे तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है। यह ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर की ओर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर मोड़ें। अपने हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाएं और श्वास लेते हुए दाहिनी ओर झुकें। दाहिने हाथ से दाहिने पैर को छूने की कोशिश करें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर उठाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम**

भ्रामरी प्राणायाम के दौरान निकलने वाली हम्म की आवाज मस्तिष्क को गहराई से शांत करती है, जिससे चिंता, गुस्सा और बेचैनी से आराम मिलता है।

इस प्राणायाम के अभ्यास के लिए आराम से बैठकर आंखें बंद कर लें। अब तर्जनी उंगलियों को दोनों कानों पर रखें। मुंह बंद रखते हुए नाक से सांस लें और छोड़ें। इस दौरान ऊँ का उच्चारण भी कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को 5-7 बार दोहराएं।

**बालासन**

इस आसन का अभ्यास शरीर को आराम देता है और तनाव को कम करता है।

इसके अभ्यास के लिए वज्रासन की स्थिति में बैठकर माथे को जमीन पर लगा लें। दोनों हाथों को जमीन पर रखकर जांघों से छाती पर दबाव डालें। इस अवस्था में कुछ देर रुकें। इस आसन से दिमाग और मन शांत रहता है। नींद अच्छी आती है और तनाव कम हो सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 27 अप्रैल, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोमते कृष्ण पक्षे अमावस्या तिथौ रवि वासरे 25/02/ अश्विनी नक्षत्रे 24/39/ प्रीति योग 24/19/ चर्तुष्पद करणे 14/56/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**दैनिक पंचांग लखनऊ-** स्नानदान श्रद्धदि की अमावस्या। सूर्य भरणी नक्षत्र में घं.19मि.10पर। बुध रेवती नक्षत्र घं.15मि.31 पर। अगस्त्यास्य घं.20मि13पर।

**मेष :** आर्थिक सुदृढ़ता आएगी। लाभ प्राप्ति के मार्ग बनेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सोच समझ कर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**तुला :** धनागमन होगा। पूर्व निर्धारित योजनाएँ फलीभूत होंगी ।रोजी रोजगार में सम्मान होगा। मान सम्मान बढ़ेगा। सत्परामर्श से लाभ होगा।

**वृष :** परिवार में क्लेश और तनाव से बचने की चेष्टा करेंगे तो अच्छा रहेगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा अन्यथा तनाव पैदा हो सकता है।

**वृश्चिक :** तनाव पैदा हो सकता है। सहयोगी की उपेक्षा ठीक नहीं होगी। व्यापार व्यवसाय यात्रा और लेखन के मामलों में साहस ठीक नहीं।

**मिथुन :** स्थाई एवं अस्थाई उद्यम लाभ देते रहेंगे। परिश्रम पूर्ण चेष्टाओं का शुभ लाभ निकलेगा और हार्दिक प्रसन्नता भी बढ़ेगी। संघर्ष के उपरांत विजय भी होगी।

**धनु :** परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है। समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

**कर्क :** विपरीत स्थितियों व्यथित कर सकती हैं। घरेलू सुखों में कमी की स्थिति बनेगी । बढ़ते व्यय के कारण बचत कोष रिक्त होगा। किसी से टकराव अच्छा नहीं।

**मकर :** अस्वस्थता रहेगी। कार्य की सफलता में रुकावट आएगी। परिवार में अव्यवस्था और विवाद की चिंता बढ़ेगी। लोभ व लालच में नैतिकता ना छोड़े।

**सिंह :** शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। साधनों की कमी अनुभव। कार्य व्यवहार की अनियमितता बनाए रखना कठिन होगा। महत्वपूर्ण कार्य कोशिश के बाद बनेंगे।

**कुंभ :** अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। पारिवारिक संबंधों में मतभेद होंगे मानसिक तनाव रहेगा। पूंजी निवेश से धन प्राप्ति होगी। बढ़ते व्यय की पूर्ति होगी।

**कन्या :** यात्रा करेंगे। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। राजकीय क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ेगा। प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ धन लाभ भी होगा। उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले होंगें।

**मीन :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। विरोधी कमजोर होंगे किसी की करने का परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा।

# कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ़

**पत्रांकः 54/न०पं० मानिकपुर/लाइसेन्स उपविधि/2025–26** **दिनांकः 26.04.2025**

उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ बोर्ड की बैठक दिनांक 15.11.2024 के संकल्प सं०–03 के अन्तर्गत नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में किये जाने वाले व्यवसायों के लिए "लाईसेसिंग व अन्य शुल्क" उपविधि–2025 प्रस्तावित करती है। उपविधि का प्रारूप उक्त अधिनियम की धारा 301(1) की यथा अपेक्षानुसार सर्वसाधारण को आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने के उद्देश्य से 15 दिवस के लिए प्रकाशित किया जाता है। सभी आपत्तियां व सुझाव अधिशासी अधिकारी को सम्बोधित इस कार्यालय को प्रेषित किये जायेंगे। केवल उन्ही आपत्तियों पर विचार किया जायेगा जो नियत अवधि तक प्राप्त होंगे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## लाईसेसिंग व अन्य शुल्क नियमावली–2025

शासनादेश सं0–2399/नौ–9–94–204 (जनरल)/90 दिनांक 27.10.1994 के अनुपालन में उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ लाइसेन्स (शुल्क) उपविधि–2025 बनाती है।

**1. संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ :–**

- यह उपविधि लाईसेसिंग व अन्य शुल्क" उपविधि–2025 कहलायेगी।
- यह उपविधि नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ़ की सीमा में प्रवृत्त होगी।
- यह उपविधि उ०प्र० राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

**2. परिभाषायें: जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो इस उपविधि में –**

- "अध्यक्ष/प्रशासक" का तात्पर्य 'नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ़ के अध्यक्ष / प्रशासक से है।
- "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ के अधिशासी अधिकारी से है।
- "प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य, नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ़ के प्रभारी अधिकारी से है।
- "लाइसेंसिंग अधिकारी का तात्पर्य, नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ के लाइसेंसिंग अधिकारी से है।
- "अधिनियम" का तात्पर्य उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।
- 'नगर पंचायत' का तात्पर्य नगर पंचायत मानिकपुर, प्रतापगढ से है।

**3. उपनियम**

- इस उपनियम के अन्तर्गत कोई भी दुकानदार व अन्य व्यवसायी लाईसेंस प्राप्त किये बिना अपनी दुकान ध्व्यवसाय नहीं चला सकेगा एवं इस उपनियम के लागू होने के पूर्व चल रहे समस्त दुकान/व्यवसाय का लाइसेन्स दुकानदार/व्यवसायी को प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेन्स की अवधि 01 वर्ष की होगी जो 1 अप्रैल से लागू हो 31 मार्च को समाप्त होगी।
- प्रत्येक दुकानदार/व्ययसायी को पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क की धनराशि को अदा करके लाइसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि कार्यालय, नगर पंचायत मानिकपुर में जमा कर अथवा पंचायत कार्यालय द्वारा अधिकृत कर्मचारी को जमा करके रसीद प्राप्त कर सकता है।
- दुकानदार/व्यवसायी को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बॉटो–मापों का प्रयोग करना अनिवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेन्स केन्द्र/राज्य सरकारध्अन्य किसी विधिक संस्था द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियन्त्रण हेतु प्राप्त लाइसेन्स से भिन्न होगा।
- कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी छुआ–छूत की बीमारी से ग्रस्त है, वह उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा एवं ऐसे व्यक्ति को उल्लिखित व्यवसायों में सहायक अथवा नौकर भी रखने का अधिकार नहीं होगा।
- नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ के अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारीध्अधिशासी अधिकारीध्अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाईसेन्स का निरीक्षण कर सकते है और प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी लाईसेन्स दिखाने के लिए बाध्य होंगे तथा प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होंगे।
- अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मानिकपुर प्रतापगढ अथवा उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी द्वारा लाईसेन्स निर्गत किया जायेगा।
- जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा।
- इस उपनियम के प्रभावी होते ही पूर्व मे प्रभावी फैक्ट्री/दुकान/वाहन लाइसेन्स उपनियमावली की शुल्क की दरे स्वतः निरस्त हो जायेंगी।
- वाहन के लाइसेंस न बनाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर वाहन जमा कराकर इसे अधिकृत कर्मचारी रसीद दे देगे।
- उपनियमों में संशोधन पंचायत बोर्ड किसी भी समय कर सकता है, एवं शर्तों के सम्बन्ध मे आवश्यक निर्देश आवश्यकतानुसार किसी भी समय निर्गत किये जा सकते है।
- वित्तीय वर्ष के माह–जून तक प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनसे प्रतिमाह रू० 100.00 विलम्ब शुल्क के रूप में वसूल लिया जायेगा।
- दुकानदार/व्यवसायी द्वारा लाइसेंस शुल्क वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्दर जमा नही करने पर इसकी वसूली भू–राजस्व की भॉति करायी जायेगी।
- नगर पंचायत बोर्ड/शासनादेश के निर्णयानुसार लागू लाइसेंस शुल्क में आवश्यक वृद्धि की जा सकती है।
- दुकानदार/व्यवसायी अपना व्यवसाय/दुकान चाहे अपने निजी मकान/दुकान/खुली जमीन अथवा किराये के मकान/दुकान/खुली जमीन पर करता है, उसे अपने दुकान/व्यवसाय के अनुरूप लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा।
- सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी लाइसेंस को किसी भी समय निरस्त कर सकता है अथवा उचित न होने पर लाइसेंस देने से इन्कार कर सकता है।
- व्यवसायिक लाईसेन्स प्राप्त करने हेतु अन्य आवंटन विभागों से एन०ओ०सी० इत्यादि प्राप्त करने की समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

**4. लाइसेंस शुल्क–** शासनादेश सं० 541/नौ–9–99–23ज/97 टी०सी० दिनांक 15 फरवरी 1999 एवं सं० 1241/नौ–9–98–23ज/97 दिनांक 10 जून 1998 व नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298, के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुये लाइसेंस शुल्क की दरें निम्नवत् होंगी।

वार्षिक दरें –

| क्र०स० | दुकान/व्यवसाय का नाम | लाइसेंस हेतु निर्धारित दरें प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | पॉच सितारा होटल | 12000.00 |
| 02 | तीन सितारा होटल | 9000.00 |
| 03 | होटल/लॉजिंग/गेस्ट हाऊस (10 शैय्या तक) | 2000.00 |
| 04 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 05 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 06 | प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 07 | प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 08 | प्राइवेट अस्पताल (बिना ऑपरेशन) | 2000.00 |
| 09 | प्राइवेट अस्पताल (ऑपरेशन युक्त) | 5000.00 |
| 10 | एक्स–रे क्लीनिक | 2000.00 |
| 11 | पैथालॉजी सेन्टर | 2000.00 |
| 12 | प्राइवेट क्लीनिक | 1000.00 |
| 13 | ऑटो रिक्शाध्ई–रिक्शा 07 सीटर तक | 500.00 |
| 14 | ऑटो रिक्शाध्ई–रिक्शा 04 सीटर | 250.00 |
| 15 | ऑटो रिक्शाध्ई–रिक्शा 02 सीटर | 150.00 |
| 16 | बस | 1500.00 |
| 17 | मिनी बस | 1000.00 |
| 18 | टैम्पोंध्जीपध्टैक्सी आदि | 500.00 |
| 19 | ताँगा | 30.00 |
| 20 | रिक्शा किराये पर चालित | 100.00 |
| 21 | रिक्शा निजी चालित | 50.00 |
| 22 | रिक्शा चालक शुल्क | 20.00 |
| 23 | ठेला | 75.00 |
| 24 | हाथ ठेला | 20.00 |
| 25 | ट्रॉली मशीन चालित | 500.00 |
| 26 | अन्य चार पहिया व्यापारिक वाहन | 750.00 |
| 27 | धुलाई गृह लॉण्ड्री | 500.00 |
| 28 | ड्राई क्लीनर लॉण्ड्री | 1000.00 |
| 29 | फाइनेन्स कम्पनी | 10000.00 |
| 30 | इंश्योरेंस कम्पनी | 15000.00 |
| 31 | फाउण्डिंग इण्डस्ट्रीज | 500.00 |
| 32 | पशु स्लाटर हाउस (प्रति पशु) | 50.00 |
| 33 | हड्डीध्खालध्बाल गोदाम | 1000.00 |
| 34 | पशु पालन (प्रति पशु) | 10.00 |
| 35 | कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना<br>(क) प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर<br>(ख) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर | 500.00<br>100.00<br>50.00 |

5. जलमूल्य वसूली –

- उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश सं० 1010–19–2–96(2)–96 दिनांक 08 जनवरी, 1997 के द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अंतर्गत की निम्नवत् दरे प्रस्तावित है –

| क्रमांक | घरेलू संसोधित दरे (रू० प्रतिमाह) वर्तमान |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 1 | रु. 50.00 |
| | व्यावसासिक संसोधित दरे (रू० प्रतिगाह) वर्तमान |
| 2 | रु. 100.00 |

- नगर पंचायत के अन्तर्गत ऐसे भवन स्वामियों के घरेलू समरसेविल पानी का उपयोग करते है का वार्षिक शुल्क रू0 1000.00 देय होगा।
- ऐसे भवन स्वामी जो व्यावसायिक समरसेविल का प्रयोग करते है वार्षिक मूल्य रू0 2000.00 देय होगा।
- वसूली अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च होगी।
- नगर पंचायत वार्षिक बिल वितरण कराकर वसूली करायेगी।
- नगर पंचायत समुचित अभिलेखो को प्रत्येक वित्तीय वर्षवार अनुरक्षित रखेगी, जिसमे डिमाण्ड रजिस्टर को तैयार कराना तथा निर्धारित समय में बिल तैयार कर वितरित करना।

**6. शो टैक्स**– नगर पंचायत मानिकपुर सीमान्तर्गत मनोरंजन के माध्यम से फिल्म प्रदर्शित किया जाता है तो ऐसे स्वामियों से 50.00 रू० प्रति शो की दर से वसूला जायेगा।

**7. विज्ञापन शुल्क**– सचिव, उत्तर प्रदेश, नगर विकास अनुभाग–9 शासनादेश सं0 618/नौ–9–2012–277ज/2011 दिनांक 05.04.2012 के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के संबंध मे दिशा निर्देश –

- विज्ञापन या विज्ञापन पट के लिये ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेंगे जो प्रत्येक दृष्टि से निरापद, निर्वाद, गमनागन और सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपयुक्त हो।
- विज्ञापन पटों की सुदृढता प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित की जाये ताकि कोई दुर्घटना न होने पाये।
- विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बॉस या लकडियों से बांधा नही जायेगा। उस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन से आस–पास के कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी भी प्रकार से विरूपित न हो।
- विज्ञापन कर रू0 6.00 प्रति वर्गफुट प्रतिमाह देय है।
- कोई भी विज्ञापन या विज्ञापन पट किसी भी दशा मे जनहित और निकाय के प्रतिकूल नही होने चाहिये और उसमे सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी भी प्रकार से अशिष्ट, अश्लील, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक अथवा आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नही होने चाहिये।

**8. ट्रांसफार्मर सबस्टेशन पर शुल्क–**

- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रान्सफार्मर 250 के०वी०ए० क्षमता तक शुल्क रु0 5000/– एवं 400 के०वी०ए० क्षमता तक शुल्क रू0 10000/– वार्षिक प्रति ट्रान्सफार्मर, 400 के०बी० की अधिक की क्षमता के लियें 25000/– वार्षिक
- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क रू0 50000.00 वार्षिक।

**9. नगर पंचायत दुकान एवं बारात घर पर किराया शुल्क–**

- नगर पंचायत दुकान एवं सम्पत्तियों को भली–भाँति रख–रखाव करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 10 प्रतिशत किराये में वृद्धि करेगी।
- ऐसे किरायेदारों द्वारा अनुबन्ध पत्र उल्लंघन करने पर नगर पंचायत द्वारा बेदखल नोटिस जारी कर पुनः नीलामी की कार्यवाही कर दी जायेगी।
- दुकान का किराया– 2000/– प्रतिमाह
- नगर पंचायत मानिकपुर द्वारा स्थित बारात घर का किराया रू0 20000.00 प्रतिदिन तथा कार्यक्रम के उपरांत बारात घर की सफाई एवं जनित कूड़े का निस्तारण शुल्क अलग से देय होगा।

**10. अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क प्रति वर्ष :–**

- मछली फुटकर बिकी रू0 500.00
- मछली थोक बिकी रू0 1000.00
- फल फुटकर बिकी रु0 500.00
- फल थोक बिकी रू0 2000.00
- सब्जी फुटकर बिकी रू0 500.00
- सब्जी थोक बिकी रु0 2000.00
- अण्डा फुटकर बिकी रू0 500.00
- अण्डा थोक बिकी रू0 2000.00
- मुर्गा, बकरा, भैंस–भैसा बिकी रु0 50000.00

**11. विविधकर (शुल्क) की दरें :–**

- प्रमाण पत्र शुल्क रू0 100.00 (एक सौ रु० मात्र) प्रति प्रमाण पत्र।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) 500.00 रु० पाच सौ मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा में निर्माण कार्य हेतु 800.00 रु० आठ सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि०मी० अधिकतम में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) 1500.00 रू० एक हजार पांच मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि०मी० अधिकतम मे निर्माण कार्य हेतु 2500.00 रू० दो हजार पाँच सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- सीवरेज टैंकर उपयोग शुल्क (नगर पंचायत सीमान्तर्गत) रू0 200000 प्रति चक्कर/प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि०मी० अधिकतम मे शुल्क रू0 4000.00 प्रति चचकर/प्रति टैंकर।
- पंचायत सीमा में स्थित पैट्रोल पम्प पर व्यावसायिक शुल्क रु० 3000.00 (तीन हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित कोचिंग संस्थानों पर व्यावसायिक शुल्क रु० 1000.00 (एक हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले गेस्ट हाउस/अतिथि गृह पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5000.00 (पाँच हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले रेस्टोरेन्ट/ढाबा पर व्यावासायिक शुल्क रु0 2500.00 (दो हजार पाँच सौ मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित आटा चक्की/पालेशर मशीनध्तेल पिराई मशीन ध् रूई धुनाई मशीन पर व्यवसायिक शुल्क रू० 500.00 (रू० पॉच) वार्षिक।
- गाय/भैंस/सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवरों को खुला छोडने पर पकडे जाने पर शुल्क रू0 500.00 प्रति प्रकरण/प्रति दिन।
- पंचायत सीमा में निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालयों के मूत्रालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रू0 5.00 एवं शौचालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रू0 10.00 लिया जायेगा।
- पंचायत सीमा में स्थित नाली/नाला/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रू० 1000.00 प्रति प्रकरण तथा पुनरावृत्ति करने पर रू0 5000.00 प्रति प्रकरण।
- पंचायत सीमा में स्थित व व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारो (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे कम कवर्ड एरिया) से व्यावयसायिक शुल्क रू0 500.00 वार्षिक तथा बडे दुकानदारो (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे अधिक कवर्ड एरिया) से व्यावसायिक शुल्क रू0 1000.00 वार्षिक।
- छोटी बाउण्ड्री युक्त भूखण्ड या मकानों के मध्य खाली भूखण्ड पर पडोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेकने को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भूखण्डों एवं छोटी बाउण्ड्रीवाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न कराने पर पेनाल्टी शुल्क प्रति प्रकरण रू0 2500.00 (रू० दो हजार पाँच सौ) मात्र।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित राइस, गन्ना मिल पर व्यावसायिक शुल्क रु० 5000.00 वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में संचालित आरा मशीन, आइस फैक्ट्री पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित डेरी, प्रेशर मशीन (गाड़ी धुलाई केन्द्र) पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित आर०ओ० प्लांट/निजी जलापूर्ति प्रणाली पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित मोटर साइकिल एजेन्सी, ट्रैक्टर एजेन्सी पर व्यावसायिक शुल्क 3000.00 (तीन हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत जे०सी०बी० किराया रू0 1000.00 (एक हजार) रू० प्रति घंटा नगर पंचायत सीमान्तर्गत तथा आने जाने का समय सहित।
- मोबाइल टायलेट किराया रू0 1000.00 प्रति दिन/प्रति बुकिंग।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत संचालित ईंट भट्ठों पर लाइसेंस शुल्क 10,000.00 (रू० दस हजार) वार्षिक शुल्क।
- नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढ़त व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित समस्त बैंको पर व्यावसायिक शुल्क 5000.00 (पांच हजार) वार्षिक प्रति शाखा।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन के उद्देश्य से रोड कटिंग चार्ज रू0 2000.00 (दो हजार) रूपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन हेतु जमानत धनराशि रू0 500.00 (पाँच सौ) रूपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत समस्त विकास कार्य सम्बन्धी ठेकेदार पंजीकरण शुल्क रु० 15,000.00 (रु० पन्द्रह हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। तदोपरान्त 1,000.00 (एक हजार) मासिक विलम्ब शुल्क के साथ।
- ठेकेदार नवीनीकरण शुल्क रू0 5,000.00 (रू० पांच हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। सिक्योरिटी हेतु एफ०डी०आर० 25000/– रूपया के साथ।
- शटरिंगध्तख्ता बल्ली को किराये पर उठाने के व्यवसाय पर रू0 2000.00 वार्षिक (रू० दो हजार) मात्र।
- देशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 5,000.00 (रू० पांच हजार) वार्षिक।
- विदेशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 10,000.00 (रू० दस हजार) वार्षिक।
- बारध्बियर दुकान पर व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 5,000.00 (रू0 पाँच हजार मात्र) वार्षिक ।
- मॉडल शाप व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु० 15,000.00 (रु० पन्द्रह हजार) वार्षिक।
- समस्त प्रकार की भवन निर्माण सामग्री सीमेंटध्सरिया/मौरंग इत्यादि विक्रेता व्यावसायिक शुल्क रू0 5000.00 (पांच हजार) वार्षिक ।
- मा० राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के क्रम में एनजीटी एक्ट 2010 की धारा 15/16 के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में खुले मे कूडा जलाने पर अर्थदण्ड प्रति प्रकरण रू0 5000.00 (पांच हजार) मात्र एवं सड़क के किनारे भवन निर्माण सामग्री एकत्रित करने/मलबा रखे जाने पर रू0 50,000.00 (पचास हजार) मात्र अर्थदण्ड।
- अन्य जो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाये।

## दण्ड

**उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम–1916 (अधिनियम–2, 1916 की धारा–299 (1)) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत मानिकपुर जनपद–प्रतापगढ़ यह निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधियों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रू0–10 0 0/–(एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकता है। यदि उल्लंघन निरन्तर चला आ रहा हो तो रू0–25/–(पच्चीस रुपये मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन के हिसाब से देय होगा।**

**(अतुल सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मानिकपुर**
**प्रतापगढ़।**

**(चन्द्रलता)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मानिकपुर**
**प्रतापगढ़**

# विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आज विरोध प्रदर्शन किया गया। मसौली प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने रसौली बाजार स्थित संस्कार मेडिकल स्टोर से रसौली चौराहा तक जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया और रसौली चौराहे पर इस्लामी आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला दहन किया। दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बलिदान हुए हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा की गई। विहिप के जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान की यह कायराना हरकत है। धर्म पूछ कर आतंकवादियों ने हिंदुओं का कत्लेआम किया है। सरकार को इसका बदला लेना चाहिए। वीएचपी जिला मंत्री राहुल कुमार ने कहा कि धर्म पूछ कर कपड़े उतरवाकर हिंदुओं को चिन्हित कर पाकिस्तान पोषित कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादियों ने हिंदुओं का नरसंहार किया। आतंकवाद व पाकिस्तान पर करारा प्रहार सरकार को करना चाहिए जिससे भविष्य में फिर ऐसा दुस्साहस पाकिस्तान ना करें। विरोध प्रदर्शन में गौरव श्रीवास्तव दीपक विश्वकर्मा कमलेश अवस्थी अंकुल दास अभिषेक सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया।देवा प्रखंड के भी कार्यकर्ताओं ने दुर्गा धाम मंदिर से देवा चौराहे तक विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद व पाकिस्तान का पुतला फूंका। इस अवसर पर जिला सह मंत्री वीरेंद्र यादव प्रखंड मंत्री चंद्रभूषण प्रखंड संयोजक हिमांशु चौरसिया जिला कॉलेज विद्यार्थी संपर्क प्रमुख अखिलेश राजपूत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सूरतगंज प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने छेदा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर इस्लामी जिहाद आतंकवाद का पुतला दहन किया।

# चार अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** गोवंशीय पशुओं का वध, चोरी/लूट जैसे गंभीर अपराध में संलिप्त चार अभियुक्तों को जनपद की सीमा से 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा जनपद में गोवंशीय पशुओं का वध, चोरी/लूट जैसे गंभीर अपराध में संलिप्त व गुण्डा तथा अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं में जिलाधिकारी बाराबंकी को आख्या प्रेषित कर जनपद बाराबंकी की सीमाओं से 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित कराने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कुर्सी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण मारूफ पुत्र कासिम, रुखसार उर्फ दिलशाद पुत्र कासिम, रेहान पुत्र कासिम निवासीगण ग्राम गद्दी की बगिया मजरे हैदराबाद पिलेहटी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी के विरुद्ध गोवंशीय पशुओं के वध में संलिप्त होने पर अभियोग पंजीकृत किये गए तथा साथ ही अभियुक्तों की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने सम्बन्धी बीट सूचना भी अंकित की गयी है। थाना सतरिख पुलिस द्वारा अभियुक्त कृष्णा राजपूत पुत्र राम प्रताप निवासी ग्राम भिटौलीकला थाना सतरिख जनपद बाराबंकी के विरुद्ध चोरी/लूट करने जैसे गंभीर प्रकृति के अपराध में संलिप्त होने सम्बन्धी अभियोग पंजीकृत किये गये। अभियुक्तगण मारूफ पुत्र कासिम, रुखसार उर्फ दिलशाद पुत्र कासिम, रेहान पुत्र कासिम निवासीगण ग्राम गद्दी की बगिया मजरे हैदराबाद पिलेहटी थाना कुर्सी व कृष्णा राजपूत पुत्र राम प्रताप निवासी ग्राम भिटौलीकला थाना सतरिख जनपद बाराबंकी की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा चारों अभियुक्तों को जनपद की सीमा से 06 माह की अवधि के लिए निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया।

# किसानों के खेतों में ड्रोन से किया दवा का छिड़काव



**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी।** सीएसआईआर सीमैप द्वारा लगातार टिकाऊ खेती पर कार्य कर रहा है इसी टिकाऊ खेती के अन्तर्गत सीएसआईआर सीमैप के डायरेक्टर डॉ प्रबोध कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेश कुमार वर्मा तथा डॉ मनोज सेमवाल के आदेशानुसार हालीआन प्रोजेक्ट के अंतर्गत मसौली क्षेत्र के बड़ागांव ग्राम में किसानो के खेतों में ड्रोन से दवा का छिड़काव किया गया।बताते चले कि गत दिसंबर माह मे सिमैप कम्पनी द्वारा हालीआन प्रोजेक्ट के तहत विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागांव व आसपास के 250 किसानो को उन्नतिशील सिमउन्नति की जड़ का वितरण किया था बीते दो दिनों से ग्राम पंचायत बड़ागांव मे चल रहे दो ड्रोन से करीब 4 सौ बीघे मेथा मे कितनाशक दवा नैनो जिंक का छिड़काव ड्रोन पायलट सुनीता वर्मा तथा शुभी सिंह ने छिड़काव किया ।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सीएसआईआर सीमैप के शोधार्थी मयंक श्रीवास्तव ने नैनो यूरिया,तथा अन्य दावा जो किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से पड़ी उसके बारे में उनको समझाया। सीएसआईआर सीमैप के अन्य शोधार्थी अंकुल वर्मा ,धर्मेन्द्र सिंह वर्मा,अमरेंद्र कुमार सिंह,सुधीर यादव,दीपचंद्र निषाद, शिवम एव संतोष सिंह मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### आतंकी हमले के विरोध में सड़कों पर उतरे व्यापारी

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सड़क पर उतरे अखिल भारतीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों व व्यापारी ने कैंडल मार्च निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन । आतंकी संगठन के खिलाफ़ जमकर की नारेबाजी। कस्बा स्थित गुड मंडी से तहसील मुख्यालय तक निकाला गया जुलूस।

### दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।सुबेहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ललक का पुरवा गांव के पास रात करीब 10 बजे हुई।जयचदापुर मजरे गोसियामऊ गांव के राजकुमार पुत्र चेतराम 22 वर्ष अपने ममेरे भाई रामकुमार के साथ मोटर साइकिल से किसी कार्यवश कमेला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि ममेरे भाई कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के दुनौली गांव निवासी घायल रामकुमार को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया ।परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

### आबादी में लगा ट्रांसफार्मर हटाए जाने की मांग



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।स्थानीय कोतवाली अंतर्गत हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर स्थित पोखरा कस्बे में विद्युत आपूर्ति के लिए घर के निकट लगा ट्रांसफार्मर शुक्रवार की रात एक बार फिर जल गया । गनीमत यह रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। घर के निकट जमीन पर स्थापित इस ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थापित करने को लेकर कस्बा वासी ईश्वर चंद्र द्विवेदी ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर को आबादी से दूर हटाए जाने की मांग की है।अधिशासी अभियंता को दिए गए प्रार्थना पत्र में ईश्वर चंद्र ने बताया कि उनके घर के निकट से 11000 की लाइन गुजरी है और विद्युत आपूर्ति के लिए एक बड़ा ट्रांसफार्मर मात्र 5 फुट की दूरी पर रखा हुआ है। जिसमें बीती रात आग लग गई थी परंतु ग्रामीणो एवं फायर ब्रिगेड द्वारा समय से आग बुझा देने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बताया कि इस ट्रांसफार्मर में कई बार सार्ट सर्किट की वजह से आग लग चुकी है। जिससे कई बार छोटे-छोटे बच्चे झुलसने से बच चुके हैं ।यही नहीं बरसात के मौसम में उनके घर में भी करंट उतर आता है। ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर अब तक कई जानवरों की मौत भी हो चुकी है। आबादी के बीच इस ट्रांसफार्मर की वजह से घर पर जान माल का खतरा व दहशत बनी रहती है।

### साइबर फ्रॉड से वापस कराया 44.5 हजार



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पुलिस अधिकारी बनकर साइबर फ्रॉड किये जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 44,500/- की धनराशि को आवेदक के खाते में वापस कराया गया।आवेदक मोहम्मद अकरम पुत्र मोहम्मद असलम निवासी नैनामऊ थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी ने साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारी बनकर आवेदक की पत्नी को डरा धमकाकर ऑनलाइन रुपये ले लेने के सम्बन्ध में साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी ।संदर्भित प्रकरण में साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल टीम द्वारा तत्काल साइबर तकनीक का प्रयोग कर सम्बन्धित बैंक/मर्चेंट से पत्राचार करते हुए साइबर अपराधियों द्वारा निकाली गयी राशि को होल्ड कराकर कुल 44,500/-रुपये की धनराशि को आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

### पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बरौलिया में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। डॉ. रामानंद वर्मा द्वारा आयोजित इस कथा का वाचन कथा व्यास उमेश महाराज कर रहे हैं।कथा के दूसरे दिन शुक्रवार की रात्रि में उमेश महाराज ने भगवान शंकर और माता पार्वती का प्रसंग सुनाया। इस प्रसंग में माता पार्वती ने भगवान शंकर से कहा कि आप अमर कथा जानते हैं, लेकिन हमें नहीं सुनाते। भगवान शंकर ने उत्तर दिया कि उन्होंने कई बार कथा सुनाई, परंतु पार्वती ने पूरी कथा नहीं सुनी।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसपी



**स्वतंत्र भारत , बाराबंकी।** जिले के दोनों शीर्ष अधिकारियों ने आज थानों में आयोजित समाधान दिवस के क्रम में चार थानों का भौतिक परीक्षण किया।हमारे रामनगर संवाददाता के अनुसार रामनगर थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस कप्तान अर्पित विजय वर्गीय ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने निस्तारण प्रक्रिया में तेजी लाने और शिकायत से संबंधित पूरा ब्यौरा रजिस्टर पर दर्ज करने की निर्देश दिए। पुलिस कप्तान ने पूर्व में निस्तारित किए गए शिकायती मामलों की समीक्षा की। हरसौली गांवों के एक शिकायत के एक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान ने प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय एवं लेखपाल अजय पाठक को बुलाकर पूरा मामला समझा और तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए इसमें लेखपाल के द्वारा बताया गया कि मंगलवार की तिथि निर्धारित की गई है इसके अलावा भूमि से संबंधित विवादों के मामले में एसपी ने बीट वार रजिस्टर का भी अवलोकन किया। और इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश दिये।कस्बा रामनगर के धमेड़ी दो निवासी दर्जनों महिलाओं पुरुषों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी एवं आने-जाने का रास्ता न होने की शिकायत की उनका कहना था की तालाब पाट कर उसे लोगों ने द्वारा मकान बना लिया गया है जिससे पानी खंडजा मार्ग पर भर रहता है शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डी एम ने फौरन हल्का लेखपाल को मौके पर भेज कर समस्या का निस्तारण कराया जाने की एसडीएम को निर्देश दिए। आज संपन्न थाना दिवस में उप जिलाधिकारी पवन कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय सहित सभी राजस्व एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।हमारे जैदपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के तीन थाना मसौली, सफदरगंज ,व जैदपुर मे आयोजित थाना समाधान दिवस में मसौली पहुँचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए टीम बनाकर निस्तारण के निर्देश दिया।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। शिकायतकर्ता आशारानी पत्नी अग्निहोत्री निवासी मलौली ने जिलाधिकारी से फरियाद करते हुए गांव के ही कमलेश शुक्ला पर जमीन हड़पने कि शिकायत की। ग्राम डडियामऊ निवासी पूनम सिंह ने दीपक सिंह पर बंटवारे की शिकायत की। नहामऊ ग्राम प्रधान बसंती देवी ने खड़ंजा मार्ग पर हुए कब्जे की शिकायत की। बांसा निवासी संतोष कुमार पुत्र राम विलास ने राजनरायण पुत्र वंशीलाल पर जमीन हड़पने की शिकायत की कुरथा मजरे त्रिलोकपुर निवासी कामिनी देवी ने रमेश पर जमीनी विवाद की शिकायत की। देवकलिया ने भूमि विवाद की तहरीर दी, भोहरा खुर्द मजरे शहादतगंज निवासी अवैध कब्जे की शिकायत की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतकर्ता से अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करने को कहा। इसके पश्चात जिलाधिकारी एव पुलिस अधीक्षक नागरिक एवं उड्डयन मंत्रालय के महानिदेशक वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी फैज् किदवाई के आवास पर जाकर मुलाक़ात की तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रफी अहमद किदवाई के स्मारक पर श्रदासुमन अर्पित करते हुए नवनिर्मित महिला डिग्री कॉलेज का जायजा लिया।

### मरीज से अश्लील हरकत करने वाला वार्ड बॉय गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जलि से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां इलाज कराने जला अस्पताल गयी एक महिला के साथ वार्ड बॉय ने छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वार्ड बॉय के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस घटना ने जिला अस्पताल में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है।ले के रामनगर इलाके की रहने वाली एक महिला बीती रात तबियत बिगड़ने पर इलाज कराने जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर आयी थी। महिला का आरोप है कि नींद न आने पर वार्ड बॉय ने उसे खाने के लिए नींद की दवा दी थी। सुबह के वक्त जब महिला वार्ड के बाहर टहल रही थी तो दवा देने के बहाने वार्ड बॉय ने उसे एक खाली केबिन में ले जाकर अश्लील हरकते करने लगा।वार्ड बॉय के नापाक इरादे भांपते ही महिला ने शोर मचा दिया और कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई।

# ट्रक में पीछे से घुसी बाइक तीन युवकों की मौत



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की अल सुबह हुई सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाये गए तीनों युवकों को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।सभी मृतक जनपद अमेठी के निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जनपद अमेठी के थाना कमरौली के पूरे हरदयाल गांव निवासी बृजेश पुत्र गुरु प्रसाद 25 वर्ष,इसी थाना के राम सिंह का पुरवा गांव निवासी अंकित वर्मा पुत्र छोटेलाल 18 वर्ष, मोहनगंज थाना क्षेत्र के धूत का पुरवा गांव निवासी ललित रावत पुत्र शिवकुमार 22 वर्ष शुक्रवार की रात हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बेलवा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शनिवार की सुबह तीनों युवक एक ही बाइक से लखनऊ- सुल्तानपुर हाईवे से अपने घर लौट रहे थे। बताते हैं कि चौबीसी गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर खड़ा हो गया था।इसके कुछ देर बाद ही पीछे से आए बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में घुस गए।

# आतंकवादियों को जड़ मूल से समाप्त करने पर ही ठंडा होगा आक्रोश : सपा




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जम्मू कश्मीर पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर आतंकियों द्वारा किया गया कायराना हमला एक त्रासदी के साथ हमारी एकता और शांति पर किया गया हमला है। इस कायराना हमले के खिलाफ देशवासियों में जबरदस्त आक्रोश है। यह आक्रोश तभी ठंडा होगा जब इन आतंकवादियों को जड़ मूल से समाप्त कर दिया जाएगा। उक्त बात सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव जैदपुर विधायक गौरव रावत में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित पहलगाम हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित कैंडिल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए व्यक्त किये।जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने इस घृणित कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा यह हमला भारत के बहुतावादी मूल्य पर संयोजित हमला है जिस हमले के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है और हर देशवासी एकजुट होकर इस बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने की मांग सरकार करते हुए सरकार को सहयोग प्रदान कर कश्मीर और देश में शांति व समृद्धि को पुनः स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है क्योंकि इस आतंकवादी हमले ने पूरे देशवासियों झकझोर कर रख दिया है।इसके पूर्व जिला अध्यक्ष हाफिज जायज अहमद के नेतृत्व में जिला पार्टी कार्यालय से पार्टी पदाधिकारी ने हाथों में मोमबत्ती ले पैदल मार्च करते हुए आतंकवादियों को फांसी दो किनारे लगाते हुए छाया चौराहा स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पहुंचकर पहलगाम हमले में शहीद हुए सभी नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद को समूह नाश करने की मांग सरकार से की।श्रद्धांजलि सभा कैंडिल मार्च में प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, सुरेश चंद्र गौतम, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, रिजवान संजय, जिला सचिव तौकीर करर, सिराज उस्मानी, पवन वर्मा, सभासद ताज बाबा, लल्ला यादव, अरुण यादव सोनू, बृजेश यादव, मोहम्मद आदिल अंसारी, दीपक गुप्ता, बालक राम प्रधान, विपिन यादव, बाबुल मिश्रा, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, शादाब खानम महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश सचिव तरन्नुम निशा, सुमन यादव, पूजा गुप्ता, रीता यादव, नसरीन बानो, रजनी यादव, मिथिलेश रावत, सैयद आरिज, संतोष रावत, मोहम्मद आफाक, छात्र सभा महासचिव नितिन वर्मा, अमरेंद्र सिंह वर्मा, नजमा बानो, परवीन, मेराज अहमद, मोहम्मद शान सिद्दीकी, निहाल वाल्मीकि, आजम मलिक, रवि यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

# 4 लेन में चौड़ीकरण होगा इटौंजा महोना-कुम्हरावा-कुर्सी-देवां-चिनहट मार्ग

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में इटौंजा महोना-कुम्हरावा-कुर्सी-देवां-चिनहट मार्ग अब 02 लेन से 04 लेन बन सकेगा। इसके लिये शासन से चार अरब अस्सठ करोड़ अड़तालिस लाख पैसठ हजार का प्रस्ताव भी मंजूर हो गया है। बाराबंकी में इटौंजा महोना-कुम्हरावा-कुर्सी-देवां-चिनहट(प्रा0जि0मा0-88सी) के चैनज 18.500 से चैनज 45.850 में 02 लेन से 04 लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 27.350 किमी0) की सम्पूर्ण परियोजना एवं उक्त कार्य की व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू0 46848.65 लाख (रू0 चार अरब अरसठ करोड़ अड़तालिस लाख पैसठ हजार मात्र) के व्यय के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। यह मार्ग लखनऊ-कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग (एसएच0-172) के किमी0 26 से निकलकर कर देवां होते हुए चिनहट तक जाता है। इस मार्ग पर कुर्सी एवं माती औद्योगिक क्षेत्र व टाटा मोटर्स तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्र स्थित है। यह मार्ग किमी0 45 में किसान पथ को क्रास करता है। मार्ग कुर्सी, माती व चिनहट औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाला अति महत्व पूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर पड़ने वाले कुर्सी, बेहड़पुरवा, मिरई, खेवली, भिटौली, देवां, सिपहिया, गोपालपुर, गुरगुज, बेलहा, करौंदा, ग्वारी, खेवली, शाहपुर, गौरिया, मैनाहार, कैथी, सरैय्या, सरकौना, बरेठी, तिन्दोला, दुन्दपुरवा, नगर, खजूरगांव, भडरिया, रानीगंज, पहाड़पुर, हडौरी, बस्ती, माती आदि ग्रामों की क्षेत्रिय जनता एवं आस-पास के लोगों व माती औद्योगिक क्षेत्र, टाटा मोटर्स तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्र को आवागमन सुगम होगा एवं आर्थिक विकास तीव्र गति से होगा। इस मार्ग के चौड़ीकरण / सुदृढ़ीकरण हो जाने से जनपद-बाराबंकी का कुर्सी एवं देवां क्षेत्र जनपद-लखनऊ से 4 लेन मार्ग से जुड़ जायेगा।

# पूर्व मंत्री ने लाइब्रेरी का लिया जायजा



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री नानकदीन भुर्जी ने आज पंचायत भवन बड़ागांव में संचालित लाइब्रेरी का जायजा लेते हुए बच्चों को शीघ्र कंप्यूटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।भुर्जी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वमंत्री नानकदीन भुर्जी ने आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के क्रम मे ग्राम पंचायत बड़ागांव मे लोगो से जनसम्पर्क किया तथा पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी मे पढ़ रहे बच्चो से संवाद करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्वमंत्री ने बच्चो को जल्द ही कंप्यूटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। लाइब्रेरी की प्रसंसा करते हुए पूर्वमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अंचल मे शुरु की गयी पहल बहुत सराहनीय है उन्होंने बच्चो को दिल लगाकर पढ़ने का आशीर्वाद देते हुआ कहा कि इस लाइब्रेरी को हम मुख्यमंत्री तक पहुंचाऊंगा। इसके पश्चात ग्रामीणों से मिलकर भाजपा को मजबूत करने की अपील की।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, गंगाराम गुप्ता, दीपक यादव, शौरभ यादव, विशाल यादव, बलराम आदि लोग मौजूद रहे।

### पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम बसारा में पति व ससुरालवालों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से भगा दिया। उसके भाई को घर मे बंधक बना लिया। पीआरवी मौके पर पहुंची तो उसकी जान बची। इसके बावजूद पुलिस ने मुकदमा नही दर्ज किया। एसपी के निर्देश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज हो सकी। मामला कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम अहिरनपुरवा मजरे बसारा निवासी पूनम पुत्री रमेश यादव का विवाह 27जून 2020 को मान सिंह से हुआ था। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया, कि बीते 21 अप्रैल 2025 को पति के अलावा देवर ध्यान सिंह उर्फ सूरज, ससुर राजाराम व सास बड़की ने उसे व दोनों बच्चों के कप तथा जेवर आदि छीन कर घर से भगा दिया। अगले दिन पति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

# बारिश के कारण कोलकाता और पंजाब के बीच मैच हुआ रद्द





**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स आईपीएल 2025 के 44वें मैच में बारिश का साया छा गया और मैच को रद्द करना पड़ा। जिस कारण ईडन गार्डन्स स्टेडियम में मुकाबला बेनतीजा रहा। केकेआर को 202 रनों का बड़ा टारगेट मिला था। केकेआर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना विकेट गंवाए एक ओवर में सात रन जुटाए, जिसके बाद तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि मैदानकर्मी मैदान को कवर्स से ठीक से ढक नहीं पा रहे थे। इस दौरान कुछ कवर्स फट भी गए और कुछ उड़कर बाउंड्री की तरफ चले गए। बारिश बंद नहीं हुई तो मैच रद्द करने का फैसला किया गया। ऐसे में दोनों टीमों में एक-एक अंक बांटा गया। इसके बाद पॉइंट्स टेबल में केकेआर 9 मैचों में सात अंकों के साथ सातवें नंबर पर है। जबकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पीबीकेएस 9 मैचों में पांच जीत और तीन हार के बाद पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। पंजाब कि एक स्थान का फायदा हुआ है।

बता दें कि, पंजाब ने ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन जुटाए। प्रभसिमरन सिंह (49 गेंदों में 83, 6 छक्के और 6 सिक्स) और प्रियांश आर्य (35 गेंदों में 69, आठ चौके, चार सिक्स) ने गदर काटा। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी पंजाब टीम ने दमदार शुरुआत की। प्रभसिमरन और प्रियांश ने पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की। प्रियांश 12वें ओवर में पवेलियन लौटे। प्रभसिमरन ने 15वें ओवर में आउट से पहले कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की पार्टनरशिप की। ग्लेन मैक्सवेल और मार्कोन यानसेन का बल्ला नहीं चला। श्रेयस ने 16 गंदों में नाबाद 25 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक सिक्स शामिल है। जोश इंगलिश 11 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान श्रेयस अय्यर 16 गेंद में नाबाद 25 और जोश इंग्लिस ने छह गेंद में नाबाद 11 रन का योगदान दिया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने 34 रन देकर दो विकेट लिये। प्रियांश को आउट कर पहले विकेट की साझेदारी तोड़ने वाले आंद्रे रसेल ने 27 रन पर एक सफलता हासिल की। वरुण चक्रवर्ती (39 रन पर एक विकेट) और सुनील नारायण (बिना किसी सफलता के 35 रन) ने भी आखिरी ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए पंजाब को और बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी मुंबई इंडियंस

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस का रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स से सामना होगा। इस मैच में हार्दिक पंड्या की टीम जीत की लय बरकरार रखने और अंक तालिका में आगे निकलने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं, ऋषभ पंत की अगुआई वाली लखनऊ की निगाह जीत के अलावा अपने नेट रन रेट में सुधार करने पर भी होगी क्योंकि आगे इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। जहां ये दोनों टीमें वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर वर्चस्व के लिए भिड़ेंगी, वहीं मुंबई की भीषण गर्मी और उमस भी खिलाड़ियों की विपरीत परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की तैयारी को परखने में अपनी भूमिका निभाएगी। लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि उन्होंने अब तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं। मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। मुंबई की टीम सही समय पर अपने चरम पर पहुंची है। उसने लगातार चार मैच जीत कर खुद को प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे कर दिया है और उसकी टीम अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी टीम यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी।



मुंबई के प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक कि हार्दिक पंड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो विस्फोटक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। हालांकि सूर्यकुमार को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं थी, लेकिन आईपीएल की शुरुआत में इस शीर्ष टी20 बल्लेबाज की परिचित चमक गायब थी, लेकिन दाएं हाथ का बल्लेबाज भी तिलक वर्मा की तरह अपनी लय हासिल करने में सक्षम है। हार्दिक ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। जहां तक लखनऊ की बल्लेबाजी का सवाल है तो वह अपने विदेशी खिलाड़ियों निकोलस पूरन (377 रन), मिशेल मार्श (344) और एडेन मार्कम (326) पर बहुत अधिक निर्भर है। लखनऊ को फिर से इन तीनों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के पास गेंदबाजी विभाग में बहुत बड़े नाम नहीं है लेकिन उसके गेंदबाजों ने अभी तक परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करके अपनी टीम के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसकी तरफ से शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक 12 विकेट लिए हैं और स्थानीय खिलाड़ी होने के कारण वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।

## टी20 क्रिकेट में परिणाम के बारे में ज्यादा सोचना फायदेमंद नहीं होता : मैकगर्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अपने करियर की शुरुआत में ही आईपीएल के उतार-चढ़ाव का अनुभव किया है। इस 23 साल के खिलाड़ी ने पिछले साल अपने आईपीएल पदार्पण में ही 234.04 की शानदार स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाकर प्रभावित किया था। इस सत्र में हालांकि में उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं और छह मैचों के बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें बाहर कर दिया। मैकगर्क को बाकी बचे मैचों में हालांकि मौका मिल सकता है। वह इस सत्र में अपने अब तक के प्रदर्शन से निराश नहीं हैं। मैकगर्क ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह साल बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन आप इस खेल में बहुत अधिक परिणाम-आधारित नहीं हो सकते क्योंकि इससे आपको कोई फायदा नहीं होगा। उन्होंने कहा, आपको बस प्रक्रिया पर भरोसा करने के साथ अपने मजबूत पक्ष का समर्थन करते रहना होता है।

## होम ग्राउण्ड पर दिल्ली कैपिटल्स के सामने होगी आरसीबी की कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रविवार 27 अप्रैल को डबल हेडर खेला जाएगा। इस डबल हेडर का दूसरा मुकाबला शाम 7.30 बजे से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मेजबान दिल्ली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है। आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स जहां अपने 8 में से 6 मैच जीतकर 12 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है तो वहीं, आरसीबी 9 में से 6 जीतकर 12 अंकों के साथ ही तीसरे स्थान पर है। इस मैच में जो भी टीम जीतेगी, वह गुजरात को पछाड़ते हुए टॉप पर पहुंच जाएगी। ऐसे में इस अहम मैच से पहले आपको दिल्ली की पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं। अरुण जेटली स्टेडियम की पिच की बात करें तो यहां पहले अक्सर धीमी और कम उछाल वाली पिच देखने को मिलती थी, लेकिन आईपीएल को लेकर विकेट में कुछ बदलाव किए गए। जिस कारण अब यहां बल्लेबाजों को मदद मिल रही है। स्टेडियम की बाउंड्री छोटी होने के चलते अब यहां खूब चौके-छक्के भी पड़ रहे हैं और 200+ स्कोर बन रहे हैं। आईपीएल में अभी तक यहां 92 मैच खेले गए हैं, जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें 45 मैच जीती हैं तो दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमें 46 मैचों में जीती हैं। आईपीएल 2025 का पिछला मुकाबला यहां दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया था, जिसमें दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए थे। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम भी चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी थी, जिसके बाद मैच का नतीजा सुपरओवर से दिल्ली कैपिटल्स के पक्ष में आया था।

दिल्ली कैपिटल्स टीम : जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुशमंथा चमीरा, फाफ डु प्लेसिस, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम : फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा और अभिनंदन सिंह।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 0 | +1.104 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 0 | +0.657 | 12 |
| बंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | +0.482 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 1 | +0.177 | 11 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 0 | +0.673 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 0 | +0.054 | 10 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 1 | +0.212 | 7 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 0 | -1.103 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 0 | -0.625 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 0 | -1.302 | 4 |

# भारत में डॉप्लर रडार की संख्या 37 से बढ़कर वर्ष 2026 के अंत तक 126 हो जाएगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क की संख्या 2026 तक बढ़ाने की योजना बनाई है। वर्तमान में 37 रडार ऑपरेशनल हैं जिनकी संख्या 2025-26 (अप्रैल 2025 - मार्च 2026) तक 73 और 2026 के अंत तक 126 तक करने की योजना है। डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क एक खास तरह का रडार सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल मौसम की निगरानी और पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जाता है। नए इंस्टॉलेशन को बेंगलुरु, रायपुर, अहमदाबाद, रांची, गुवाहाटी और पोर्ट ब्लेयर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मंत्रालयों की एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई, जिसमें भारत की मौसम और आपदा तैयारियों की समीक्षा की गई और सटीक पूर्वानुमान के लिए रोडमैप तैयार किया गया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने डॉप्लर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) कवरेज के विस्तार और देश भर में मेट्रोलॉजिकल सिस्टम के आधुनिकीकरण में तेजी लाने का आह्वान किया। वर्तमान में दिल्ली में 18 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) संचालन में हैं। समीक्षा के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को 50 अतिरिक्त सिस्टम की स्थापना में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिसका दीर्घकालिक लक्ष्य 100 एडब्ल्यूएस है। इस कदम का उद्देश्य मौसम पूर्वानुमान के इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों के बराबर लाना है। इस नेटवर्क का उद्देश्य चरम मौसम की घटनाओं पर नजर रखने में भारत की क्षमता बढ़ाना है। डॉ. सिंह ने रियल-टाइम और ऐसे पूर्वानुमान की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इम्पैक्ट बेस्ड फोरकास्टिंग की बात की, जिससे समय रहते नुकसान कम किया जा सके और जनहानि को रोका जा सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा, कोई भी मौसम संबंधी खतरा अनदेखा या अप्रत्याशित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने देश के हर कोने तक पहुंचने वाले एक मजबूत अर्ली वॉर्निंग सिस्टम को तैयार करने के सरकार के संकल्प को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने रडार साइटों के चयन और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन मौसम की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मिशन मौसम% का उद्देश्य भारत के मौसम निगरानी इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति लाना है। इस योजना में बेहतर सैटेलाइट मेट्रोलॉजी सिस्टम, अपग्रेडेड न्यूमेरिकल प्रिडक्शन मॉडल्स और मजबूत रडार-बेस्ड फॉरकास्टिंग मैकेनिज्म शामिल हैं। बैठक के दौरान डॉ. सिंह ने कहा, अधिक सटीकता के साथ मौसम को ट्रैक करने की क्षमता हमारे आपदा प्रबंधन प्रयासों को बढ़ावा देगी। साथ ही किसानों, मछुआरों, विमानन और दूसरे क्षेत्रों को भी सीधे लाभ पहुंचाएगी।

# विदेशी बाजारों में दाम मजबूत होने से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। मूंगफली - 6,665-6,740 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,350-2,625 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,025 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,710 - 1,805 रुपये प्रति टिन। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 8,525रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।

**नवीन पहल:** रियलमी और भूमि ने शैक्षिक और सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों का संचालन करने के लिए साझेदारी की है। जहाँ भूमि भारत के अग्रणी नॉन-प्रॉफिट संगठनों में से एक है, जो युवाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है, वहीं रियलमी भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है। यह ब्रांड भारत के युवाओं की नब्ज को समझता है। रियलमी ने हमेशा इनोवेशन और सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है। इस गठबंधन द्वारा रियलमी का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए सही कौशल एवं संसाधनों के साथ अवसर भी प्रदान करना है। वैष्णवी श्रीनिवासन, एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, भूमि ने कहा, भूमि में हम स्थायी परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा की शक्ति में यकीन करते हैं। ताओ झांग, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, रियलमी इंडिया ने कहा, ''रियलमी में टेक्नोलॉजी हमारे लिए परिवर्तन का एक शक्तिशाली साधन है।

## सेमी और आईईएसए की रणनीतिक पहल से बढ़ेगा ईसीएमएस का प्रभाव

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के शुभारंभ पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) को बधाई देते हुए, सेमी इंडिया और आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा, ''ईसीएमएस पहल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ईकोसिस्टम को मजबूत करने और देश में वैल्यू ऐडिशन बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे सेमीकंडक्टर नीति हेतु समर्थन को पूर्णता मिलेगी।'' केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा योजना के दिशानिर्देश और पोर्टल जारी करने के अवसर पर बोलते हुए, चांडक ने इस बात पर जोर दिया कि एसईएमआई और आईईएसए इस योजना को बढ़ाने और इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए कई रणनीतियों को लागू कर रहे हैं, जिनमें जापान, कोरिया, ताइवान, सिंगापुर और अमेरिका के उद्योग संघों के साथ सेमी ग्लोबल और आईईएसए के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के जरिए हम भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट ईकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। हम निवेश आकर्षित करने और वैश्विक बाजारों की संभावना के साथ ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए घरेलू और वैश्विक दोनों प्लैटफार्मों पर भारत की नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा नॉलिज पार्टनर के रूप में सेवा देते हुए आईईएसए ने 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल के मुताबिक विभिन्न क्षेत्रों में कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग सहित ईएसडीएम को बढ़ावा देने के लिए कई राज्य सरकारों के साथ एमओयू किए हैं। वहीं अधिकांश वैश्विक और भारतीय कम्पोनेंट डिस्ट्रीब्यूटर सेमी और आईईएसए के सदस्य हैं। हमारा उद्देश्य भारत और वैश्विक स्तर पर कम्पोनेंट निर्माताओं और उपयोगकर्ता उद्योगों की वितरण और भंडारण आवश्यकताओं का समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि हमारी सदस्य कंपनियों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेवाएं (ईएमएस) और ओरिजिनल इक्विपमेंट निर्माता (ओईएम) शामिल हैं, जो प्लांट्स में निवेश करने और उन्हें स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं, जिससे मांग और स्थानीय स्तर पर वैल्यू ऐडिशन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने नीतियों के वैश्विक प्रचार को लेकर कहा कि हम निवेश आकर्षित करने और वैश्विक बाजारों की संभावना के साथ ईकोसिस्टम विकसित करने के लिए घरेलू और वैश्विक दोनों प्लैटफार्मों पर भारत की नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं। सितंबर के पहले सप्ताह में होने वाले सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम में, हमें उम्मीद है कि कई कंपनियां और सदस्य इस दिशा में प्रगति दर्शाएंगे। उन्होंने बताया कि 22,919 करोड़ रुपये के कुल बजट के साथ ईसीएमएस का लक्ष्य 59,350 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना है, जिसके परिणामस्वरूप 4,56,500 करोड़ रुपये मूल्य के उत्पादों का उत्पादन होगा और 91,600 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार बनेगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 704.8 बिलियन डॉलर के उच्च स्तर के करीब

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवीं बार बढ़ते हुए 686.14 बिलियन डॉलर हो गया है, जो पिछले साल नवंबर के बाद से उच्चतम स्तर है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एक मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त अवधि के लिए देश के विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह की तुलना में 8.31 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.57 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई थी।

**नवीन पेशकश:** जहां अनगिनत महिलाओं की कद्र आज भी उनकी काबिलियत से ज़्यादा उनके आकार के अनुसार की जाती है, वहीं सोनाक्षी सिन्हा सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सुर्खियों में आई हैं। कलर्स की आगामी पेशकश मेरी भव्या लाइफ के साथ जुड़कर, जिसमें नवोदित प्रिशा धतवालिया मुख्य भूमिका में हैं, सोनाक्षी शारीरिक आकार के प्रति समाज के जुनून और इससे जुड़े सुंदरता के विषाक्त मानदंडों की नई कहानी लिख रही हैं। प्रिशा अभिनीत भव्या के साथ साइज़िज्म और बॉडी पॉज़िटिविटी के बारे में एक स्पष्ट बातचीत करते हुए, सोनाक्षी ने उस पाखंड को उजागर किया जो महिलाओं से बड़े सपने देखने के लिए कहता है, लेकिन केवल तभी जब उनके कपड़ों का साइज़ डबल एक्सएल न हों। सोनाक्षी और प्रिशा ने चुपचाप दिए जाने वाले उस आघात को उजागर किया जो बचपन में ही शुरू हो जाता है, जब रिश्तेदारों की अनचाही टिप्पणियां चिंता का रूप ले लेती हैं, जिससे गहरे भावनात्मक घाव पीछे छूट जाते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह भव्या के सफर को ऐसी महिला के रूप में जी चुकी हैं, जो किसी और के सांचे में फिट होने के लिए अपनी रोशनी को कम करने या अपनी सच्चाई को छोटा करने के तैयार नहीं है। सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, मेरी भव्या लाइफ़ एक ताज़ी हवा का झोंका है, क्योंकि पहली बार मेकओवर का फ़ोकस लड़की का रंगरूप बदलने पर नहीं है यह नज़रिया बदलने के बारे में है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारत के यात्री वाहन की बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत का यात्री वाहन (पीवी) उद्योग इस वित्त वर्ष में नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिसमें घरेलू और निर्यात की बिक्री कुल मिलाकर 5 मिलियन यूनिट को पार कर जाएगी। जबकि, वार्षिक वृद्धि दर धीमी होकर 2-4 प्रतिशत रह जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार चौथा साल है, जब बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि कोरोना महामारी के बाद वित्त वर्ष 2023 में 25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद से बिक्री में काफी कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, नए लॉन्च, ब्याज दरों में कमी, सीएनजी को अपनाने में वृद्धि और ग्रामीण इलाकों में अनुकूल परिस्थितियों को देखते हुए यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) इस वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा देंगे। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, इस वित्त वर्ष में पीवी की वृद्धि दर 2-4 प्रतिशत तक रहेगी, लेकिन यूवी की वृद्धि दर 10 प्रतिशत रहेगी, जिसे नए लॉन्च का सपोर्ट प्राप्त है। यूवी वॉल्यूम का 68-70 प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद है, जिससे एंट्री लेवल कारों की मांग में सुधार होगा।

**डीआरएचपी:** भारत की दूसरी सबसे पुरानी एसेट मैनेजमेंट कंपनी (÷एएमसी÷) (स्रोत÷ क्रिसिल रिपोर्ट) केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। केनरा बैंक और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एन.वी. कंपनी के प्रमोटर हैं। इस ऑफर में 10रुपये अंकित मूल्य के 49,854,357 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, (बिक्री के लिए ऑफर) जिसमें केनरा बैंक द्वारा 25,924,266 इक्विटी शेयर शामिल हैं; और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एन.वी. द्वारा 23,930,091 इक्विटी शेयर (%शेयरधारकों को बेचने वाला प्रमोटर%) केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की प्राथमिक गतिविधियों में म्यूचुअल फंड का प्रबंधन और भारतीय इक्विटी पर निवेश सलाह प्रदान करना शामिल है। 31 दिसंबर, 2024 तक, यह 12 इक्विटी योजनाओं, 10 ऋण योजनाओं और तीन हाइब्रिड योजनाओं सहित 25 योजनाओं का प्रबंधन करता है, जिसका तिमाही औसत एयूएम31 दिसंबर,2024 तक 1,083.66 अरबरुपये है। कंपनी के पास एक मल्टी-चैनल बिक्री और वितरण नेटवर्क है जो इसे अपने ग्राहकों को उत्पाद और सेवाएंप्रदान करने की अनुमति देता है। इस नेटवर्क में तीसरे पक्ष के वितरक, और इसकी शाखाओं और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से की गई बिक्री शामिल है।

# मिर्जापुर अहरौरा में बड़ा हादसा : तेज रफ्तार एम्बुलेंस पर पलटी ट्रक, चार की मौत, दो घायल



**मिर्जापुर।** सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से शनिवार की सुबह गर्भवती महिला को एंबुलेंस से वाराणसी ले जाते समय रास्ते में अहरौरा वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर ओवर ब्रिज के पास गिट्टी लदा ट्रक एम्बुलेंस पर पलट गया। हादसे में एंबुलेंस में सवार गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए है। सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से गर्भवती महिला को रेफर किया गया था। गर्भवती महिला के परिवार के तीन सदस्य एंबुलेंस में बैठे थे। एंबुलेंस चालक अपने एक साथी के साथ सभी को लेकर वाराणसी अस्पताल जा रहा था। सोनभद्र के क्रशर प्लांट से गिट्टी लोड कर वाराणसी की ओर तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक शनिवार की सुबह ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित होकर एंबुलेंस के ऊपर पलट गया। लोग ट्रक पर लदे गिट्टी के नीचे मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बचाव तथा राहत कार्य में जुट गई। जेसीबी तथा पोकलेन की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। हादसे में एंबुलेंस सवार गर्भवती महिला हीरावती देवी (25) निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, मालती देवी (40) निवासी जुगैल सोनभद्र, सूरज बली खरवार (27) निवासी कनहरा थाना ओबरा व रामू की मौत हो गई। कौशल कुमार खरवार उर्फ भाईलाल निवासी कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र व भंडारी शर्मा निवासी संतनगर गुरमा थाना राबर्ट्सगंज घायल हैं। जिनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# हर घर नल जल योजना के पानी को बर्बाद ना करें : वीरेंद्र सिंह

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायतों में

### बर्बाद करता हुआ पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना हर घर जल योजना के तहत टोटी के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के पानी को ग्रामीणों द्वारा अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करने कि अपील किया है। हर घर नल जल योजना कि टोंटी को हमेशा बंद रखे जिससे अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद ना हो सके। हर घर नल जल योजना के तहत टोंटी के माध्यम से पेयजल को अनावश्यक रूप से बर्बाद करता हुआ पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने हल्का प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने अपने क्षेत्र में हर घर नल जल योजना के तहत लगाई गई टोंटी को खोलकर अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। जिससे अनावश्यक रूप से बर्बाद हो रहे पानी को बचाया जा सके बना करने के बाद भी टोंटी से पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा। ऐसे में लोगो से अपील किया है कि अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद ना करे पानी को बचाये हर घर नल जल योजना कि कार्यदाई संस्था एनसीसी द्वारा थाने पर सूचना देकर हर घर नल जल योजना के पानी को टोंटी खोलकर अनावश्यक रूप से ग्रामीणों द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने अपने क्षेत्र के हल्का प्रभारियों को पानी को अनावश्यक बर्बाद करने पर लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया है। अगर जागरूक करने के बाद भी पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा ग्रामीणों से अपील किया है। पानी को बचाये अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करे।

# सौरभ ने आईईडीएस परीक्षा में प्राप्त किया चौथा स्थान



**चुनार(मिर्जापुर)।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आईईडीएस 2024 की परीक्षा के घोषित परिणाम में सौरभ कुमार सिंह ने आल इंडिया रैंकिंग में चौथा और ओबीसी सूची में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया है। उन्हें अस्सिटेंट डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति मिली है। क्षेत्र के सोनउर (जमुहार) गाँव निवासी ओम प्रकाश सिंह एवं कुसुम सिंह के पुत्र सौरभ ने बीटेक उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर से उत्तीर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि माता पिता और भाई सुधांश व जय शंकर सिंह का काफी सहयोग रहा।

# आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** जम्मू कश्मीर क़े पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल क़े कार्यकर्त्ताओ व क्षेत्रीय लोगो ने कैडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार कि देर शाम क्षेत्र क़े ड्रमण्डगंज बाजार में कैडल मार्च में शामिल लोगो ने आतंक वाद मुर्दाबाद व पाकिस्तान के के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कैंडल मार्च के बाद आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला बनाकर फूंक्रा गया भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील है कि वह पाकिस्तान को इस आतंकी हमले का करारा जवाब दे विश्व हिंदी परिषद नेता पिंटू केसरी ने कहा कि आतंकवादियों ने बर्बरता से लोगों की हत्या कर घिनौना काम किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि सरकार को आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कैंडल मार्च में श्याम बहादुर सिंह ज्ञानेश्वर दुबे मिथिलेश सिंह सोनू सिंह पिंटू केसरी अंजनी सोनी लव कुश केसरी झालर पटेल संतोष सिंह आदि रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म,आरोपी पुलिस हिरासत में

**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।**जेठवारा थाना अन्तर्गत कटरा गुलाब सिंह चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर चार छिटाही गांव में घर के बाहर छप्पर में सो रही दलित किशोरी से गाँव के मनचले युवक अंत कुमार उर्फ दीपक पटेल पुत्र जीतलाल पटेल द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगा है।किशोरी के पिता द्वारा जेठवारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार को वह सपत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पूरब नारा,होलागढ़ जनपद प्रयागराज ससुराल गए थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- कोहड़ार
## विकास खण्ड मेजा प्रयागराज

पत्रांक मेमो / ग्राम पंचायत निविदा/ 2025-26 दिनांक 27/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कोहड़ार में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं के भरण पोषण हेतु भूषा /चारा व चुनी चोकर साइलेज आदि के क्रय हेतू पंजीकृत फर्म/ आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन ग्राम पंचायत कोहड़ार के कार्यालय से दिनांक 27-04-2025 से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11-05-2025 तक सील बंद निविदा अथवा हस्ताक्षरी कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12/05/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।

नियम व शर्तेः

निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा हस्ताक्षरी का होगा प्राप्त आवेदन पूर्ण कर निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ सीलबन्द लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत कोहड़ार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12-05-2025 को समय दोपहर 3 बजे निविदादाताओं द्वारा डाली गई निविदा निविदादाताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगी। भरण पोषण हेतु सामग्री की आपूर्ति संरक्षित पशुओं के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा प्रेषित मांग पत्र / आपूर्ति आदेश के अनुसार किया जाएगा, जिसका भुगतान शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त ही किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार निहित होगा कि निविदा को निरस्त अथवा गुणवत्ता में कमी होने पर भुगतान में कटौती अथवा आपूर्ति सामग्री की वापसी कर सकती है जिस पर किसी भी प्रकार का अधिभार आपूर्तिकर्ता द्वारा ही किया जाएगा।

रमेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- कोहड़ार
विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज

रवि कान्त शुक्ल
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- कोहड़ार
विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज



## कार्यालय -खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड-गगहा, गोरखपुर

पत्रांकः बी0आर0सी0/ 37-38 / 2025-26 दिनांकः 24 अप्रैल 2025

**विज्ञप्ति/अल्पकालिक निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या- 15/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 22-01-2020, शासनादेश संख्या : 855/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 03-09-2020 एवं शासनादेश संख्या : 1497/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 04-12-2020 के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर के आदेश पत्रांकः एस0एस0ए0/ निर्माण/3813-18/2024-25 दिनांक 07-08-2024, पत्रांकः एस0एस0ए0 / निर्माण / 4997-5002/2024-25 दिनांक 17-09-2024 एवं पत्रांकः एस0एस0ए0/ निर्माण/जर्जर /9348-53/2023-24 दिनांक- 14-12-2023 के अनुपालन में प्रा0वि0 नरें नं0 2, प्रा0वि0 जमदरा, कम्पो0पू0मा0वि0 रामपुर बघौरा, प्रा0वि0 समयथान भीटी नं01, कम्पो0पू0मा0वि0 पड़ौली, कन्या पू0मा0वि0 गगहा, कम्पो0पू0मा0वि0 बेलसड़ा, प्रा0वि0 पकड़पुरा, कम्पो0पू0मा0वि0 फत्तेपुर, कम्पो0पू0मा0वि0 देवकली, प्रा0वि0 बरईपार, प्रा0वि0 गगहा नं0 1, प्रा0वि0 ढरसी, प्रा0वि0 बाउपार, प्रा0वि0 कुशहां, प्रा0वि0 भैंसहा बुजुर्ग, प्रा0वि0 महुराई, प्रा0वि0 बेलकुर, प्रा0वि0 सिहाइजपार नं0 2, प्रा0वि0 भूपगढ़, प्रा0वि0 जीवकर, प्रा0वि0 सखरूआ, प्रा0वि0 उज्जरपार, प्रा0वि0 गगहा 02, प्रा0वि0 नरायनपुर खुर्द विकास खण्ड-गगहा के परिसर में जीर्ण-शीर्ण/ क्षतिग्रस्त भवन के सम्बन्ध में तकनीकी समिति की आख्या के आधार पर उल्लिखित जर्जर भवन की नीलामी एवं ध्वस्तीकरण हेतु दिनांक 15-02-2025 एवं पुनः दिनांक 27-03-2025 को निविदा आमंत्रित किया था, जिसमें निर्धारित मानक अनुसार किसी फर्म द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु पुनः इच्छुक फर्म दिनांक 30-04-2025 को अपराह्न 01.00 बजे तक ब्लाक संसाधन केन्द्र गगहा में निविदा फार्म निर्धारित शुल्क का का नकद भुगतान कर निविदा में प्रतिभाग कर सकते है। निविदा दिनांक 01-05-2025 को समिति के समक्ष अपराह्न 02.00 बजे खोला जायेगा। निविदा की नियम व शर्तें आवेदन पत्र में अंकित हैं।

(प्रदीप शर्मा)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
विकास खण्ड-गगहा गोरखपुर


# महोगढ़ी गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण दिए निर्देश



**हलिया (मिर्जापुर)।** खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम छह बजे के करीब विकास खंड के ग्राम पंचायत महोगढ़ी में संचालित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर मौजूद निराश्रित गोवंशों को धूप और लू से बचाव हेतु विशेष रूप से ध्यान देने के लिए गौशाला कर्मियों को निर्देशित किया।खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर बनाये गए भूसा गोदाम में निराश्रित पशुओं को खिलाने के लिए रखे भूसा,पशु आहार, पानी की व्यवस्था का का निरीक्षण किया गौ आश्रय स्थल पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बीडीओ ने गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया।कहा कि निराश्रित पशुओं कि देखभाल में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर मौजूद सचिव आलोक राव को गौशाला की चारागाह भूमि पर नेपियर घास लगवाने के लिए निर्देश दिया।जिससे निराश्रित पशुओं को हरे चारे कि व्यवस्था किया जा सके बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया है। गौ आश्रय स्थल पर व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। गोवंशों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# थाना दिवस पर पड़े छह मामले नहीं हुआ निस्तारण



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल छह मामले राजस्व से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है। तहसीलदार ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है पूर्व के दो मामलों का निस्तारण कराया गया है। तहसीलदार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करे और मामले के निस्तारण की आख्या ससमय उपलब्ध कराये। मामलो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, उपनिरीक्षक श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल मौजूद रहे।

# वक्फ की संपत्तियों को छीना नहीं जाएगा,न ही पहले की किसी संपत्तियों से होगी छेड़छाड़ : राजेश त्रिपाठी


**फूलपुर आजमगढ़।** वक्फ सुधार कानून मुसलमानों के हित के लिए लाया गया है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश त्रिपाठी ने नगर पंचायत कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहीं। वह वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत फूलपुर ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे।उन्होंने कहा कि विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है कि वक्फ की जमीन सरकार छीनना चाहती है,यह बिल्कुल गलत है।सरकार के वक्फ सुधार बिल से गरीब मुसलमान को सर्वाधिक लाभ पहुंचेगा,जबकि विपक्ष झूठ बोलकर मुसलमान को बरगला रहा है।उन्होंने कहा कि वक्फ बहुत पवित्र चीज है।इसमें अल्लाह के नाम दी गई जमीनें हैं।उन्होंने कहा इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि कब्रिस्तान,मस्जिद मदरसे की जमीन सरकार ले लेगी।बल्कि इस कानून में साफ लिखा है कि जब से कानून लागू होगा उससे पहले की वक्फ की संपत्तियों को बदला नहीं जा सकता,फिर भी आम मुसलमान को गलत बताया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वक्फ कानून की अच्छाइयां व सरकार का पक्ष घर घर जाकर ख़ासकर मुसलमानों के बीच बताया जाएगा,उन्होंने कहा कि वक्फ की परंपरा 13 वीं शताब्दी से शुरू हुई।वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमान के आर्थिक हालात का वर्णन किया था।तब मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमान का है।उन्होंने मनमोहन सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने किया कुछ नहीं,उल्टे सच्चर कमेटी को रिपोर्ट को दबाकर बैठ गए।सच्चे अर्थों में मुसलमान के लिए कार्य कर रही मोदी सरकार ने उनको हर योजना का लाभ दिलाया है।आबादी उनकी 15 से 16 प्रतिशत है जबकि लाभ में हिस्सेदारी 36 प्रतिशत रही है। इसके बाद भी विपक्षी कहते हैं कि मुसलमान के साथ भाजपा का व्यवहार ठीक नहीं है।वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत ब्लाक सभागार में एक कार्यशाला भी आयोजित हुई। जिसका संचालन संतोष पाण्डेय ने किया।कार्यशाला में जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर,पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह,मंडल अध्यक्ष रत्नेश बिंद,पंकज पांडेय गुलज़ार शेख,दुर्गेश अग्रहरि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित कुल 85 बच्चों को दस्तार बांधी गई

**मुबारकपुर आजमगढ़।** जामिया अरबिया मदरसा मजहरूल ओलूम के परिसर में जलसे दस्तारबन्दी का आयोजन हुआ जिसमें मदरसा के फारगीन छात्र हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित कुल 85बच्चों को दस्तार बांधी गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर में विगत बीती रात में जामिया अरबिया मदरसा मजहरूल ओलूम के परिसर में वार्षिक 25 वां जलाए दस्तकार बन्दी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हज़रत मौलाना कारी होजैफा अजीज ने तिलावते कुरआन पाक से कार्यक्रम का आगाज किया। हज़रत मौलाना महमूद अहमद बलिलयावी ने नात पाक का नजराना पेश किया । हज़रत मौलाना मुफ्ती राशीद साहब ने कुरान पाक की तालीम हासिल करने और तिलावत कुरान पाक की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मदरसा मजहरूल ओलूम स्थानीय व बैरूनी बच्चों को तालीम शिक्षा देता है। बड़े ही हर्ष का विषय है कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर 85छात्रों को हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित करते हुए उनके सर पर दस्तार बांधी गई है। अध्यक्षता हज़रत मौलाना तौफीक अहमद और संचालन हज़रत मौलाना अब्दुर्रहमान ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सम्मानित छात्र उमर सलीम, अब्दुर्रब, मुहम्मद सद्दाम , अब्दुर्रहमान सहित तमाम लोग का नाम शामिल हैं।

# धांधली :183.27 लाख स्वीकृत वंदन योजना धन का दुरुपयोग



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**गरीबों की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग कैसे करना है इसकी सटीक जानकारी सफेद टोपी कुर्ता पायजामा और लाल टाई के सिवाय शायद ही कोई जानता हो।स्वतंत्रता के 78 सालों के बाद भी राष्ट्र विकास में व्यापक भ्रष्टाचार एक बदनुमा दाग बना हुआ जिसे अब मिटा पाना नामुमकिन लगने लगा है।भ्रष्टाचार की जड़ों ने व्यापक फैलाव कर लिया है,जिसे अब सुखा पाना किसी भी सरकार के लिए मुमकिन नहीं है।हालांकि योगी सरकार ने एक पहल की है कि भ्रष्टाचार के आरोप साबित होने पर परिवार के किसी भी सदस्य को राज्य सरकार की सेवा करने का मौका नही मिलेगा।योगी सरकार ने धार्मिक पौराणिक स्थलों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 मे वंदन योजना अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बेल्हा स्थित बेल्हा माई धाम के विकास के लिए 1 करोड़ 83 लाख 27 हजार रुपए एकमुश्त भुगतान नगर पालिका परिषद बेल्हा को कर दिया,जिसमे विश्रामालय, वाटर किओस्क,छादक,साइनेज एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था, बेंच, सौंदर्यीकरण, सीसी मार्ग एवं इंटरलॉकिंग,घाटों का सौंदर्यीकरण सम्मिलित है।नगर पालिका परिषद बेल्हा ने एकमुश्त भुगतान धनराशि से कई महीने कार्य शुरू नहीं किया।वंदन योजना से प्राप्त धनराशि से अब उपवन अर्थात पार्क बेल्हा माई धाम के ठीक सामने सई नदी के उस पार बनाया जा रहा है और नीचे की तरफ घाट का निर्माण पर्यटन विभाग कराया जा रहा है और बेल्हा माई धाम के बगल सई नदी से सटे जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर जमीन बेचने उपरान्त उस पर बने मकान सई नदी के जद मे आते है जिन्हें सई नदी में बाढ़ जैसी समस्या से निजात दिलाने के लिए एक पक्का बांध का निर्माण किया गया है जिसके ऊपर से पैदल मार्ग बनाया गया है जिसका निर्माण पर्यटन विभाग से होना बताया गया है,यहीं पर स्थित सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बदहाल हो चुका है जहां पर अब कब्जा कर मकान बना लिया गया है।वैसे तो बेल्हा माई धाम परिसर मे सौंदर्यीकरण साज-सज्जा समुचित प्रकाश की व्यवस्था पूर्व से हजा हज्ज़ है।ऐसे मे वंदन योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बन रहे उपवन मे धनराशि का दुरुपयोग होना प्रतीत होता है,क्योंकि सरकार पार्क निर्माण के लिए अलग से धनराशि विभिन्न योजनाओं के जरिए मुहैया करवाती है।नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार के द्वारा वार्ता मे बताया गया कि उपवन का निर्माण नगर पालिका परिषद बेल्हा से करवाया जा रहा है और घाट का निर्माण तथा बांध पर पैदल मार्ग का निर्माण पर्यटन विभाग के द्वारा कराया जा रहा है।वंदन योजना अन्तर्गत क्या कार्य किए जा रहे है तो कोई जवाब किसी से नहीं मिल रहा है कोई कहता है कि उपवन निर्माण कार्य वंदन योजना से किया जा रहा है तो कोई पर्यटन विभाग से होना बताकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।सही तो यह है कि कोई कुछ उगलने को राजी नहीं है सब लोग सिर्फ टालना चाहते है,अब सवाल उठता है कि क्या 183 लाख रुपए से सिर्फ उपवन का निर्माण होगा या और भी कुछ कार्य होंगे।

### 199.25 लाख से मां ज्वाला देवी धाम के विकास मे धांधली

उत्तर प्रदेश की दूसरी नगर पंचायत मानिकपुर को वित्तीय वर्ष 2023-24 मे धार्मिक पौराणिक स्थलों के विकास हेतु वंदन योजना अन्तर्गत एकमुश्त 1 करोड़ 99 लाख 25 हजार रुपए योगी सरकार ने दिए कि धाम परिसर मे विश्रामालय वाटर किओस्क छादक साइनेज एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था,बेंच इंटरलॉकिंग निर्माण आदि कार्य करने थे लेकिन वहां पर अभी तक सिर्फ एक हॉल और ज्वाला देवी धाम गेट के सामने इंटरलॉकिंग और कुछ लोहे की बेंच का कार्य किया गया है बाकी कोई कार्य दिखाई नही देता है।पौराणिक धाम होने के कारण शीतला सप्तमी,कार्तिक पूर्णिमा मे यहां मेला लगता है जिसमें कई जिलों के भक्तगण दर्शन करने आते हैं और रात्रि विश्राम करते है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- अमोरा
## विकास खण्ड मेजा प्रयागराज

पत्रांक मेमो / ग्राम पंचायत निविदा/ 2025-26 दिनांक 27/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अमोरा में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में संरक्षित पशुओं के भरण पोषण हेतु भूषा /चारा व चुनी चोकर साइलेज आदि के क्रय हेतू पंजीकृत फर्म/ आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन ग्राम पंचायत अमोरा के कार्यालय से दिनांक 27-04-2025 से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11-05-2025 तक सील बंद निविदा अथवा हस्ताक्षरी कार्यालय मे आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 12/05/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी।

नियम व शर्तेः

निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा हस्ताक्षरी का होगा प्राप्त आवेदन पूर्ण कर निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ सीलबन्द लिफाफे में स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक द्वारा ग्राम पंचायत अमोरा के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 12-05-2025 को समय दोपहर 3 बजे निविदादाताओं द्वारा डाली गई निविदा निविदादाताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी यह निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगी। भरण पोषण हेतु सामग्री की आपूर्ति संरक्षित पशुओं के अनुसार ग्राम पंचायत के द्वारा प्रेषित मांग पत्र / आपूर्ति आदेश के अनुसार किया जाएगा, जिसका भुगतान शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को धनराशि उपलब्ध होने के उपरान्त ही किया जाएगा। ग्राम पंचायत को यह अधिकार निहित होगा कि निविदा को निरस्त अथवा गुणवत्ता में कमी होने पर भुगतान में कटौती अथवा आपूर्ति सामग्री की वापसी कर सकती है जिस पर किसी भी प्रकार का अधिभार आपूर्तिकर्ता द्वारा ही किया जाएगा।

ललिता सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- अमोरा
विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज

शिवांगी पांडेय
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- अमोरा
विकास खण्ड- मेजा, प्रयागराज


# हर्बल यूनानी दवा खाना एवं रज़ा मेडिकल स्टोर्स का हुआ शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जनपद बहराइच के मीरपुर कस्बे अंतर्गत नरिया पुल के निकट शुक्रवार को हर्बल यूनानी दवा खाना एवं रज़ा मेडिकल स्टोर्स का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित एकदिवसीय निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर उपचार सेवाओं का लाभ उठाया।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# डीपीआरओ ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे के द्वारा मान्धाता ब्लॉक के ग्राम पंचायत धरमपुर और सराय सुजान में निर्मित ग्रामीण सचिवालय का निरीक्षण किया गया।

ग्राम सचिवालय कार्यवस्था में नही पाया गया। एडीओ पंचायत को पांच कार्य दिवस में क्रियाशील करवाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसी तरह सराय सुजान ग्राम पंचायत भवन में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्य करने वालों को दिया गया है। डीपीआरओ ने 95 जी की नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।बता दें कि योगी सरकार ने ग्रामीणों को उनके गांव मे शासन सचिवालय की तर्ज पर ग्राम सचिवालय का निर्माण 22 लाख रुपए और उसमे कंप्यूटर उपकरण समेत सोफा कुर्सी मेज अलमारी सोलर पैनल के साथ इनवर्टर बैटरी आदि के लिए 1 लाख 75 हजार रुपए अलग से दिए,जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक तहसील का चक्कर न लगाना पड़े।


स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, रविवार, 27 अप्रैल, 2025

## पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

### पाक पीएम बोले किसी भी हमले से निपट लेंगे | फौज पाकिस्तान की हिफाजत में सक्षम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।

पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।



शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है। शरीफ ने कहा कि यदि सिंधु नदी के पानी को कम करने या मोड़ने की कोशिश की गई तो पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। शरीफ ने कहा कि पानी पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे 24 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है। हम हर कीमत पर इसे सुरक्षित रखेंगे।

शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन उसकी इस इच्छा को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐलान किया है।

शरीफ ने कहा कि जिन्ना ने सही कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। दुर्भाग्य से यूनाइटेड स्टेट के कई प्रस्तावों के बावजूद यह मामला आज तक नहीं सुलझा है। पाकिस्तान कश्मीर के लोगों के फैसला लेने के अधिकार का हमेशा समर्थन करता रहेगा।

पहलगाम हमले पर पहली बार बोले डोनाल्ड ट्रंप

## तनाव पुराना है लेकिन भारत-पाक सुलझा लेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से बहुत तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में रोम जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं भारत के बहुत करीब हूं, और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि कश्मीर में उनकी लड़ाई एक हजार साल से चल रही है, यह एक हजार साल से चल रही है, शायद उससे भी ज्यादा समय सेज्और कल एक बहुत बुरा हमला हुआ, बहुत बुरा, 30 से ज्यादा लोग मारे गए।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। सीमा पर बढ़ते तनाव के बारे में पूछे जाने पर और क्या वह चिंतित हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ठीक है, उस सीमा पर एक हजार पांच सौ वर्षों से तनाव है, इसलिए, समझिए, यह वैसा ही है जैसा पहले था। वे इसे किसी न किसी तरह से सुलझा लेंगे, मैं उनके दोनों नेताओं को जानता हूं। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, हमेशा से रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा शुक्रवार को पहलगाम आतंकवादी हमले पर कही गई टिप्पणी के बाद आई है। अब पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों की बात करें। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप और सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है, आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। विदेश विभाग की प्रवक्ता ने कहा, हम मारे गए लोगों के जीवन और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थिति पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहा है।

## ईरान के बंदरअब्बास पोर्ट पर धमाका, 4 की मौत 500 से ज्यादा घायल

**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

## सुरक्षा परिषद ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी आलोचना की और 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों एवं

**'दोषियों को न्याय के कटघरे में पेश करने की जरूरत'**

उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर बल दिया। यूएनएससी ने इस बात को दोहराया कि हर तरह का आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

बयान में कहा गया, 'सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।' मीडिया में यह बयान यूएनएससी अध्यक्ष द्वारा सभी 15 सदस्य देशों की ओर से जारी किया गया है। पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी में एक अस्थायी सदस्य है। यूएनएससी के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत एवं नेपाल की सरकारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सदस्यों ने 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों और उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया।



यूएनएससी ने कहा कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना जरूरी है। उसने सभी देशों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून एवं सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी सक्षम अधिकारियों के साथ सक्रिय सहयोग करें। पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## भारत-पाक रिश्ते सुधारने को आगे आया ईरान

**तेहरान।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भारत के पड़ोसी देशों में हलचल मची हुई है। बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए अब ईरान दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने के लिए आगे आया है। ईरान ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सुधारने में मदद की पेशकश की है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा है कि तेहरान इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग कर इस कठिन समय में मदद के लिए करने के लिए तैयार है। इससे पहले अगारची ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की थी।



**कविता के जरिए लिखी अपनी बात**

एक्स पर एक पोस्ट में अराघची ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ईरान के अच्छे पड़ोसी हैं। अराघची ने पोस्ट में कहा, तेहरान फारसी कवि सादी द्वारा सिखाई गई भावना के अनुरूप, हम इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस दौरान एक कविता के बोल भी लिखे : मानव एक ही पूरे के सदस्य हैं, एक सार और आत्मा का निर्माण करते हैं। अगर एक को दर्द होता है तो दूसरे को भी दर्द होगा।

## एक नज़र

### पाक के खिलाफ फैसला लेते समय सावधान रहे भारत

**सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को दिया गया संदेश उचित है। हालांकि, ऐसे फैसलों में सभी राजनीतिक दलों को शामिल होना चाहिए। शरद पवार, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कार्रवाई करते समय सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे भारत के हितों को नुकसान न पहुंचे। शरद पवार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर केंद्र को आगाह करते हुए कहा कि कोई भी फैसला सावधानी से लिया जाना चाहिए क्योंकि इस्लामाबाद चुप नहीं रहेगा। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा, आज हम ऐसे फैसले ले सकते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान चुप रहेगा।

### पाक सैन्य काफिले में आईईडी ब्लास्ट,10 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। बीएलए ने शुक्रवार को बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को रिमोट कंट्रोल्ड आईईडी के जरिए निशाना बनाया है। यह हमला हमारी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। एएफपी के मुताबिक क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन तेजी से जारी रहेगा। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने बलूचिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में लगभग 450 पैसेंजर सवार थे। बीएलए ने जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की थी।

### उत्तर कोरिया ने बनाया नौसैनिक विध्वंसक जहाज

**सियोल।** उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य ताकत में इजाफा कर रहा है। देश ने अब नया नौसैनिक विध्वंसक जहाज तैयार किया है। तानाशाह किम जोंग उन ने नए जहाज का अनावरण किया। उन्होंने इसे अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना की परिचालन सीमा और पूर्वव्यापी हमला क्षमताओं का विस्तार करने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया। इसके अलावा किम ने दुनियाभर में बढ़ रहे तनाव के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को नंपो के पश्चिमी बंदरगाह पर 5,000 टन के युद्धपोत के शुभारंभ समारोह में किम ने नए जहाज को देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों से कथित खतरों के जवाब के रूप में हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का अधिग्रहण उनकी नौसेना को मजबूत करने की दिशा में उनका बड़ा कदम होगा।

### भ्रष्टाचार में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति को आठ साल की सजा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति फर्नांडो कोलोर को शुक्रवार सुबह अलागोस राज्य में गिरफ्तार किया गया। उन्हें 2023 में भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उन्हें जेल की सजा काटने का आदेश दिया गया है। कोलोर पर आरोप था कि उन्होंने 20 मिलियन रियास (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रिश्वत ली। कोलोर 1990 से 1992 तक देश के राष्ट्रपति रहे। उनको आठ साल और दस महीने की कारावास की सजा सुनाई गई है। कोलोर अभी तक जेल में नहीं थे, क्योंकि उनके वकील अपील कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने कोलोर की गिरफ्तारी का आदेश दिया और कहा कि अपीलों का कोई आधार नहीं होने पर सजा तुरंत शुरू की जा सकती है।

### सिंगापुर में सोशल मीडिया अकाउंट बैन

**सिंगापुर।** सिंगापुर में जल्द ही आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सिंगापुर की सरकार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और जो भी सोशल मीडिया अकाउंट मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सिंगापुर मूल के ऑस्ट्रेलियाई और दो मलेशियाई राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर भी दिए गए हैं। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की पोस्ट में सिंगापुर सरकार की धार्मिक मामलों को हैंडल करने के तरीके की आलोचना की गई थी और लोगों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की गई थी। सिंगापुर में आगामी 3 मई को चुनाव होने हैं। इस बीच सिंगापुर के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कई अकाउंट्स को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है।

## पाक में अब बिलावल भुट्टो के भी बिगड़े बोल

**इस्लामाबाद।** पहलगाम के कायराना हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की है। जिसकी वजह से पाकिस्तान के बड़े नेता अपना होश खो बैठे हैं। इस कड़ी में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी

**कहा सिंधु नदी में खून बहेगा**

(पीपीपी) के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सहयोगी बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि विवाद पर भड़काऊ टिप्पणी करते हुए कहा कि नदी में खून बहेगा। जरदारी ने एक सार्वजनिक रैली में कहा कि मैं इस सिंधु नदी के साथ खड़ा हूं और भारत को संदेश देता हूं कि सिंधु नदी हमारी है, या तो हमारा पानी इस नदी में बहेगा या आपका खून बहेगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, (भारतीय प्रधानमंत्री) मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहता हूं कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून। उनका यह बयान भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए जल संधि को निलंबित करने के बाद आया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए।



## मणिपुर में हेरोइन ब्राउन शुगर व अन्य मादक पदार्थ बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में दो लोगों से 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन समेत कई मादक पदार्थ जब्त किए गए जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को इस संबंध में बताया कि शुक्रवार को लिलोंग हाओरीबी इलाके के वांगमायुम बारुल आलम के घर तलाशी अभियान के दौरान ये मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने कहा, 'अभियान के दौरान, उसके घर से कई मादक पदार्थ बरामद हुए। 3.9 किलोग्राम 'ब्राउन शुगर', सात साबुन के डिब्बे जिनमें संभवत- हेरोइन चूरा (12 ग्राम प्रति केस) था और 100 मिलीलीटर की कोडीन की सात बोतलें बरामद की गईं।'

## 'सिंधु जल संधि कश्मीर के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज'

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज है। मीडिया को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि पर कड़ी असहमति जताते हुए कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज रही है।



हालांकि, उमर अब्दुल्ला ने आज कहा कि सिंधु जल संधि से जम्मू-कश्मीर को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। लेकिन अगर इस संधि के निलंबन से जम्मू-कश्मीर को फायदा होता है, तो मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि यह एक अच्छा कदम है।

## अमेरिका में रद्द नहीं होगा विदेशी छात्रों का वीजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार अदालत के आगे झुकती हुई नजर आ रही है। ट्रंप की सरकार ने हाल ही में अपने एक फैसले को पलटने का फैसला किया है,

**ट्रंप प्रशासन ने पलटा अपना फैसला**

जिसके बाद अब अमेरिका में रह रहे विदेशी छात्रों का वीजा रद्द नहीं किया जाएगा। एक सरकारी वकील ने शुक्रवार को घोषणा की है कि अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने देश भर में रह रहे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की कानूनी अनुमति खत्म करने के अपने फैसले को बदलने का फैसला लिया है। ट्रंप सरकार की तरफ से वकील ने ओकलैंड की एक संघीय अदालत को बताया कि आईसीई उन छात्रों की कानूनी स्थिति को मैन्युअली बहाल कर रहा है जिनके रिकॉर्ड हाल ही में खत्म कर दिए गए थे। बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने अमेरिका में 1000 से ज्यादा विदेशी छात्रों के वीजा पर रोक लगा दी थी। ट्रंप के इस फैसले के बाद सैकड़ों छात्रों के सामने हिरासत में लिए जाने और निर्वासित किए जाने का खतरा पैदा हो गया था। इसके बाद कई छात्रों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। छात्रों ने दलील दी थी कि सरकार ने उनसे अमेरिका में रहने की इजाजत अचानक वापस ले ली है।

## ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**लंदन।** भारतीय समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले

**कहा पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री**

की निंदा की। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था, मैं हिंदू हूं। भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम भारतीय पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) आतंक की फैक्ट्री को बढ़ावा दिया है और इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए। हम इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के कारण ब्रिटेन में रहने वाला भारतीय समुदाय आक्रोशित है।

### पाक डिप्लोमैट की शर्मनाक हरकत

लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों की तरफ पाकिस्तानी राजनयिक ने गला रेतने का धमकी भरा इशारा किया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों में और सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक लंदन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में काम करने वाले तैमूर राहत धमकी भरा इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। पाकिस्तानी राजनयिक का यह व्यवहार तब सामने आया जब पाकिस्तानी दूतावास के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पहलगाम हिंसा को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और पाकिस्तान से आतंकवाद फैलाने से बाज आने को कहा।

### मेलबर्न में भी सड़क पर उतरे भारतीय

**मेलबर्न।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

## डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक जज़्बात है!

हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल डांस डे सिर्फएक कला का जश्न नहीं, बल्कि उन कहानियों का उत्सव है, जिन्हें डांस बिना एक शब्द कहे बयां कर देता है। डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक एहसास है, एक जज़्बात है, जो संस्कृति, आत्मा और अपनेपन को बयां करता है।



इस खास दिन की खूबसूरती को ज़ी टीवी के कई सितारों ने डांस से जुड़ीं अपनी खास यादें और एहसास शेयर किए। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में बबीता का किरदार निभा रहीं किशोरी शहाणे कहती हैं, ''मेरे लिए डांस अनुशासन और अभिव्यक्ति है। जब से मैंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया, डांस मेरी ज़िंदगी का हिस्सा बन गया है।'' यह मेरे लिए स्ट्रेस बस्टर भी है।'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर कहती हैं, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। जब भी स्ट्रेस या थकान महसूस होती है, मैं हिंदी गानों पर डांस करती हूं, यह मुझे ग्राउंडेड रखता है। डांस मेरे लिए खुशी का दूसरा नाम है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में शालू का किरदार निभा रहीं मुनीरा कुदरती कहती हैं, ''डांस मेरी पहली और शायद हमेशा की मोहब्बत है।'' 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर कहती हैं, ''मेरे लिए डांस एक आर्ट फॉर्म नहीं, बल्कि वो जगह है जहां मैं खुद को सबसे ज्यादा असली महसूस करती हूं। इस डांस डे पर मैं सिर्फपरफॉर्मेंस नहीं, बल्कि उन शांत और सुकूनभरे लम्हों का जश्न मना रही हूं जो डांस हमें देता है।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का किरदार निभा रहीं रचना मिस्त्री कहती हैं, ''डांस मेरे साथ बचपन से है। डांस मेरे लिए सिर्फ मूवमेंट नहीं, वो मेरी थेरेपी है, मेरी खुशी है, मेरी दुनिया से भागने की राह है। इंटरनेशनल डांस डे पर मुझे हर वो चोट, हर वो थकान, हर वो हंसी और हर वो आंसू याद आते हैं जो डांस के साथ जुड़ा रहा।''

## डांस खुशी है और ज़िंदगी का जश्न है!

डांस सिर्फ़एक मूवमेंट नहीं है बल्कि ये खुशी है, जुनून है और ज़िंदगी का जश्न है। बहुत से लोगों के लिए ये फिट रहने या अपनी भावनाएँ ज़ाहिर करने का ज़रिया है, लेकिन कुछ कलाकारों के लिए ये एक दिल से जुड़ा रिश्ता है जो उनकी आत्मा को ऊर्जा देता है। इस इंटरनेशनल डांस डे पर टीवी कलाकारों ने अपने डांस के प्रति गहरे प्यार, उससे मिलने वाली खुशी, और किस तरह यह उनकी कला की यात्रा को आकार देता है, इस बारे में बातें कीं। भीमा में कैलाशा बुआ की भूमिका निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''डांस से मुझे खुशी मिलती है और यह खुद को जाहिर करने के लिये मेरा सबसे पसंदीदा तरीका है। मेरे लिये डांस एक गतिमान भावना है। चाहे मैं स्टेज पर हूँ या घर पर अकेली डांस करूं, मुझे शांति, ऊर्जा और अपनेपन का एहसास मिलता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने कहा, ''डांस ने मुझे हमेशा खुश किया है। मुझे अपने पहले सोलो डांस का रोमांच अब भी याद है, जब मेरी धड़कन की लय संगीत, रोशनी और तालियों के साथ बन गई थी। आज भी मुझे अपने सीन को कोरियोग्राफ करना और शॉट्स के बीच कुछ मूव्स दिखाना अच्छा लगता है। डांस से मेरा उत्साह बढ़ जाता है, क्योंकि वह मजेदार होता है, आजादी का एहसास देता है और मेरे भीतर के परफॉर्मर को जोश से भर देता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है और मुझे सबसे ज्यादा एनर्जी इसी से मिलती है। कथक की ट्रेनिंग ने मुझे खूबसूरती और अनुशासन के साथ पेश आना सिखाया है और इससे भी बढ़कर मैंने खुद को पूरी तरह से जाहिर करना उससे सीखा है। मैंने लावणी, गरबा और बॉलीवुड किया है और यह सभी मुझे पसंद हैं। मेरा दिन चाहे कितनी भी व्यस्तता में गुजरे, कुछ पल डांस करने पर मुझे खुशी और शांति मिल जाती है। मेरे लिये डांस सिर्फएक स्किल नहीं है, बल्कि एक भावना और लय है, जो मेरे भीतर बसती है।''



## बाजार दर्पण

AWPL

परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखाये

सुख और समृद्धि दोनो पायें

आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें

जय किशन यादव



फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट

पता- 6/2 कटरा माधोकुंज प्रयागराज

मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099

+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089